सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 11 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 127, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में एक लाख करोड़ से अधिक की गिरावट आई है। } 10

एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा गोयल ने की चर्चा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग संगठनों, कारोबारियों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें कर एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा की है। } 10

यूपी में कृष्णावतारम् टैक्स फ्री

लोकभवन सभागार में फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री ने की घोषणा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म कृष्णावतार को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया है। रविवार को मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद राज्यपाल आनंदीबेन व सीएम योगी ने दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और जनप्रतिनिधियों ने एक साथ यह फिल्म देखी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इसे टैक्स फ्री करने को घोषणा की।

राजधानी स्थित लोकभवन सभागार उस समय पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूब गया, जब फिल्म कृष्णावतारम् की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान ह्लकृष्णा कृष्णा, राधे राधेह्व के जयघोष से पूरा सभागार गूंज उठा। इस दौरान सभागार खचाखच भरा रहा और फिल्म को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सीएम योगी ने मंच पर कलाकारों का सम्मान भी किया। फिल्म कृष्णावतारम में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में द्वापर युग, भारतीय पुरातन संस्कृति और सनातन परंपरा के विभिन्न आयामों को भव्यता के साथ दर्शाया गया है। फिल्म की सबसे खास बात यह रही कि इसमें भगवान कृष्ण के साथ राधा, रुक्मिणी और सत्यभामा की प्रेम कथाओं को अलग-अलग स्वरूपों में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वृंदावन ...शेष पृष्ठ 10 पर

मोदी ने तेलंगाना को दी 9400 करोड़ की सौगात

परजीवी कांग्रेस का लोगों के साथ विश्वासघात जगजाहिर : प्रधानमंत्री

एजेंसी

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में डिजिटल माध्यम से तेलंगाना में लगभग 9,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। इस अवसर पर तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और कई अन्य नेता हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एचआईसीसी) में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को निशाना बनाते हुए उस पर कर्नाटक में आंतरिक सत्ता संघर्ष के कारण सुशासन प्रदान करने में विफल रहने और जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

मोदी ने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखीं, जिसमें हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे पर गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-167 को चार लेन बनाना शामिल है। उन्होंने रेलवे की काजीपेट-विजयवाड़ा मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना के विभिन्न खंडों, हैदराबाद में ग्रीनफील्ड पीओएल (पेट्रोलियम, तेल, लुब्रिकेंट्स) टर्मिनल, काजीपेट रेल अंडर रेल बाईपास और वारंगल में पीएम मित्र पार्क (काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क) का उद्घाटन भी किया। लगभग।,700 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क भारत का पहला पूरी तरह से कार्यशील पीएम मित्र पार्क है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्होंने आरोप लगाया कि वह आज परजीवी पार्टी बन गयी है। उन्होंने कहा कि देश भर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव के बीच बेंगलुरु से एक भगवा सूर्य का उदय हो रहा है। उनका इशारा हाल में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की ओर था। मोदी ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों से सरकार का अधिकांश समय लोगों की समस्याओं का हल ढूंढने के बजाय आंतरिक संघर्षों को सुलझाने में व्यतीत हुआ है। कांग्रेस सरकार नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्था पर अनिश्चितता से घिरी रही। वह पिछले छह महीनों से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच चल रहे कथित सत्ता संघर्ष का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह तय नहीं कर पा रही है कि मुख्यमंत्री कब तक पद पर बने रहेंगे। वह यह भी तय नहीं कर पा रही है कि किसी और को मौका मिलेगा या नहीं। सब कुछ अधर में लटका हुआ है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार कुछ ही महीनों में सत्ता-विरोधी लहर का सामना करने लगती है क्योंकि पार्टी के पास शासन का कोई एजेंडा नहीं होता। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस को सिर्फ जनता को धोखा देना आता है। वे (कांग्रेस के नेता) खुद झूठे हैं और उनकी गारंटियां भी झूठी होती हैं। कांग्रेस की सत्ता की किताब में शासन का कोई अध्याय ही नहीं है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को राजनीतिक स्थिरता और विकास के प्रतीक के रूप में पेश किया जबकि कांग्रेस को ...शेष पृष्ठ 10 पर

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, आठ ने ली शपथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दिलायी शपथ, योगी मंत्रिमंडल में एक महिला समेत छह नये मंत्री हुए शामिल, दो का प्रमोशन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी मंत्रिमंडल का विस्तार रविवार को हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जनभवन के गांधी सभागार में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल के नए सदस्य के रूप में भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज कुमार पांडेय ने कैबिनेट मंत्री तथा कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश सिंह राजपूत ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली जबकि योगी सरकार में राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल व सोमेंद्र तोमर का प्रमोशन हुआ। दोनों राज्यमंत्रियों ने अब राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। नवनियुक्त मंत्रियों ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। शपथ ग्रहण के बाद जनभवन का गांधी सभागार भारत माता की जय व जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। गौरतलब है कि भूपेंद्र सिंह चौधरी विधान परिषद सदस्य हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि मनोज कुमार पांडेय ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। वहीं राज्यमंत्री की शपथ लेने वालीं कृष्णा पासवान खागा से, सुरेंद्र दिलेर खैर से और कैलाश सिंह राजपूत तिर्वा से विधायक हैं। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत मंत्रिमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



शपथ लेने के बाद मंत्री **भूपेन्द्र सिंह चौधरी** ने कहा कि हम संगठन के कार्यकर्ता हैं। पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमें जो भूमिका दे देते हैं, उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हमारी है। मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभारी हूं कि मुझे कैबिनेट मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया है। मैं नेतृत्व की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करूंगा। मेरी कोई अपेक्षाएं नहीं है, हम तो मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करेंगे।

कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने वाले **मनोज पांडेय** रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह वर्ष 2012-17 में सपा सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। अवध क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता माने जाने वाले पांडेय वर्ष 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और वह विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक भी रहे। वर्ष 2024 में उन्होंने पार्टी नेतृत्व की नीतियों से नाराज होकर मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा दे दिया और राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की, जिसके बाद साल 2025 में उन्हें सपा से निष्कासित कर दिया गया था।



मंत्री **हंसराज विश्वकर्मा** ने कहा कि सेवा के भाव से काम करेंगे, उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए काम करेंगे। हंसराज ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे सभी कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद बताया। दो बार से भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा पिछले 34 वर्षों से पिछड़ों की राजनीति कर रहे हैं। पार्टी ने इसी समीकरण की वजह से 2023 में विधान परिषद के लिए उन्हें मनोनीत किया।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के शीर्ष नेताओं में गिने जाने वाले **कैलाश सिंह राजपूत** वर्तमान में कन्नौज की तिर्वा सीट से विधायक हैं। उन्होंने वर्ष 1996 में पहली बार इसी सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। उसके बाद वह साल 2007 में बसपा के टिकट पर तिर्वा से ही विधायक चुने गये थे। साल 2017 में वह एक बार फिर भाजपा से जुड़े और चुनाव जीतकर तीसरी बार और फिर 2022 में भी इसी सीट से चौथी दफा विधायक बने। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लंबे समय से जुड़े रहे राजपूत पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के करीबी सहयोगी माने जाते हैं।

मंत्री **सुरेंद्र दिलेर** ने कहा कि आज मंत्री पद की शपथ के बाद तो बहुत अच्छा लग रहा है। भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं अच्छे से निर्वहन करने का पूरा प्रयास करूंगा। भाजपा ने तीसरी पीढ़ी पर भरोसा जताते हुए सुरेंद्र दिलेर को खैर उपचुनाव में अनूप प्रधान की जगह मैदान में उतारा था। उन्होंने सपा प्रत्याशी चारू कैन को 38,393 मतों से हराकर पहली बार विधानसभा पहुंचने में कामयाबी पाई थी। सुरेंद्र दिलेर के जरिए भाजपा ने दलित और पिछड़े वर्ग को एक साथ साधने की कोशिश की है।

कृष्णा पासवान का राजनीतिक सफर संघर्ष और जनसेवा से भरा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में समाज में बदलाव के लिए संघर्ष से राजनीति में कदम रखने वाली कृष्णा वर्ष 2022 में चौथी बार विधायक चुनी गई हैं। कृष्णा पासवान वर्ष 2007 में भाजपा के टिकट पर किशुनपुर सीट से पहली बार विधायक बनी थीं। उसके बाद वह लगातार तीन बार खागा सीट से विधायक चुनी गईं। मंत्रिमंडल में कृष्णा पासवान को शामिल किये जाने को दलितों को पार्टी से जोड़ने के मकसद के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कृष्णा पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का मैं धन्यवाद करती हूं। मुख्यमंत्री और संगठन के लोग मुझे जो भी दायित्व देंगे उसका मैं निर्वहन करूंगी।

गुर्जर बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले **सोमेंद्र तोमर** मेरठ दक्षिण सीट से दूसरी बार के विधायक हैं। दर्जा बढ़ाये जाने से पहले तक वह ऊर्जा राज्य मंत्री के पद पर थे। तोमर वर्ष 2017 में पहली बार मेरठ दक्षिण सीट से विधायक चुने गये थे। उसके बाद साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से जीत हासिल की थी। तोमर का सियासी सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ था और वह वर्ष 1990 के दशक से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ गये थे।



स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री की शपथ लेने वाले दूसरे मंत्री **अजीत सिंह पाल** को बुंदेलखंड-कानपुर क्षेत्र में पिछड़े वर्ग का एक प्रमुख चेहरा माना जाता है। गड़ेरिया बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले पाल कानपुर देहात जिले की सिकंदरा सीट से विधायक हैं। ओहदा बढ़ाये जाने से पहले तक वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के पद पर थे।

संक्षेप

चलती ट्रेन में युवक की गोली मारकर हत्या

चंदौली। जिले में रविवार सुबह चलती ट्रेन में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई और आरोपी शव को ट्रेन से नीचे फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सकलडीहा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्टेशन से सुबह 6:30 बजे ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन रवाना हुई थी। युवक भी पीडीडीयू नगर से इसी ट्रेन में चढ़ा था और बोगी के दरवाजे पर बैठा था। डिब्बे में करीब 15-16 यात्री सवार थे। सीओ के अनुसार, ट्रेन जब सुबह 7:30 बजे अलीनगर थाना क्षेत्र के कचुमन रेलवे स्टेशन पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति डिब्बे में सवार हुआ। ट्रेन चलने पर उसने युवक के सिर में गोली मार दी।



आज का मौसम

अधिकतम : 46.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- आलमनगर में रविदास बारादरी का लोकार्पण (पृष्ठ-02)
- उत्तर प्रदेश बनेगा देश का सबसे बड़ा स्किल हब (पृष्ठ-02)
- कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-10)
- पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1700 करोड़ का नुकसान (पृष्ठ-10)
- एफपीआई ने शेयर बाजार से 14231 करोड़ निकाले (पृष्ठ-10)

रावत ने किया राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

दूरस्थ इलाकों में उच्च शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर धामी सरकार का विशेष फोकस

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/पौड़ी। राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पौड़ी के सतपुली क्षेत्र में नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी सहभागिता की। अपने संबोधन में डॉ. रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहाड़ के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूरदराज शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सतपुली क्षेत्र में लंबे समय से बेहतर शैक्षणिक ढांचे की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के नए भवन में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे विद्यार्थियों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

पाक में आत्मघाती हमला, 15 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में कम से कम 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना बन्नू जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुई, जहां विस्फोटकों से भरे एक वाहन को पुलिस चौकी की ओर बढ़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आकर आसपास के कई घरों की छत ढह गईं, पुलिस चौकी की इमारत पूरी तरह जमींदोज हो गई जिससे कई सुरक्षाकर्मी मलबे में दब गए। विस्फोट के तुरंत बाद उग्रवादियों के एक बड़े समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया और उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से भी गोलीबारी की गई। बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया

विजय तमिलनाडु के नये सीएम

मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई

एजेंसी

चेन्नई। सी जोसेफ विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और इसी के साथ ही इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और ऑलइंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से इतर किसी दल की सरकार बनी। अभिनेता (51) से नेता बने विजय के पहले मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी दोनों तरह के नेता हैं।



तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख की मुख्य टीम को भी इसमें जगह मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख सी जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और कहा कि केंद्र सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी। विजय ने अपने पहले संबोधन में कहा कि वह किसी राजघराने से नहीं हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वह झूठे वादे कर लोगों को धोखा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि एक नयी शासन व्यवस्था शुरू हुई है तथा वास्तविक, धर्मनिरपेक्ष एवं सामाजिक न्याय का नया युग आरंभ हो रहा है। विजय के पिता एस ए चंद्रशेखर और उनकी मां शोभा, शीर्ष अभिनेत्री तृषा तथा बड़ी संख्या में आमंत्रित लोग जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विजय ने सरकारी फाइलों पर पहली बार हस्ताक्षर करते हुए घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल गठित करने को मंजूरी दी। राज्यपाल आर वी आर्लेकर ने विजय और उनके मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले मंत्रियों में द्रविड़ राजनीति के

विशेष खबर योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार को भाजपा की सामाजिक और राजनीतिक रणनीति के लिहाज से माना जा रहा अहम

महिला, दलित और पिछड़ा समीकरण पर भाजपा का बड़ा दांव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार को भारतीय जनता पार्टी की सामाजिक और राजनीतिक रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा ने महिला, दलित और पिछड़े वर्ग के बीच मजबूत राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कृष्णा पासवान को राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही योगी सरकार में अब महिला मंत्रियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, भाजपा ने इस फैसले के जरिए महिला और अनुसूचित जाति वर्ग दोनों को साधने का प्रयास किया है। फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक कृष्णा पासवान अनुसूचित जाति समुदाय से आती हैं और संगठन में भी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। कृष्णा पासवान को मंत्रीमंडल में शामिल कर भाजपा महिला सशक्तिकरण के संदेश के रूप में भी प्रस्तुत कर रही है। प्रदेश विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के कुल 258 विधायक हैं, जिनमें 30 महिला विधायक शामिल हैं। ऐसे में कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल करना पार्टी की सामाजिक संतुलन साधने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला और दलित प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दी है। फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक कृष्णा पासवान ने मंत्री पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन और मुख्यमंत्री उन्हें जो भी दायित्व देंगे, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी। योगी मंत्रिमंडल में पहले से पांच महिला मंत्री शामिल थीं। इनमें बेबी रानी मौर्य महिला कल्याण मंत्री, गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रतिभा शुक्ला महिला कल्याण राज्यमंत्री, रजनी तिवारी उच्च शिक्षा राज्यमंत्री तथा विजय लक्ष्मी गौतम ग्राम्य विकास राज्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रही हैं। अब कृष्णा पासवान को शामिल किए जाने के बाद योगी सरकार में महिला मंत्रियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। कुल मंत्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत पहुंच गई है, जबकि भाजपा की महिला ...शेष पृष्ठ 10 पर

असम के राज्यपाल ने हिमंत विश्व शर्मा को सरकार गठन के लिए किया आमंत्रित

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को राज्य में अगली सरकार बनाने का रविवार को निमंत्रण दिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने लोक भवन में आचार्य से मुलाकात की और शर्मा के नेतृत्व में सरकार गठन का दावा पेश किया। लोक भवन ने बयान में कहा, राज्यपाल ने डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को असम में नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। बयान में यह भी कहा गया है कि आचार्य शर्मा को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को आयोजित किए जाने की योजना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं। असम में राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने पहली बार 2016 में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। पहली दफा 2021 में मुख्यमंत्री बने शर्मा लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होने वाले राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी नेता होंगे। हालिया विधानसभा चुनाव में राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीट जीतकर दो- ...शेष पृष्ठ 10 पर

चाइल्ड हेल्पलाइन ने मासूम को मां की गोद वापस दिलाई

पारिवारिक विवाद में पिता ने दुधमुंहे बच्चे को मां से किया था अलग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में लगातार संवेदनशील और प्रभावी कदम उठा रही है। खासतौर पर बच्चों की सुरक्षा, गुमशुदा बच्चों की तलाश और पारिवारिक विवाद के चलते मां से अलग हुए मासूमों की मदद को लेकर राज्य सरकार की पहल लगातार असर दिखा रही है। इसका ताजा उदाहरण बिजनौर जिले में सामने आया, जहां चाइल्ड हेल्पलाइन की सक्रियता से 5 माह के दुधमुंहे बच्चे को उसकी मां से मिलाया गया है।

दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित महिला कल्याण विभाग की मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अब जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर उभर रही है। बीती 3 मई चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को सूचना मिली थी कि बिजनौर जिले में पारिवारिक विवाद के चलते शहाबुद्दीन नाम के शख्स ने अपने पांच महीने के बच्चे को अपने पास रख उसकी मां को घर से निकाल दिया है। मामला



- 1098 ने एएचटीयू और बाल कल्याण अधिकारी के साथ त्वरित हस्तक्षेप किया

बेहद संवेदनशील था, क्योंकि बच्चा बहुत कम उम्र का था और पूरी तरह अपनी मां की देखभाल और मातृ दुग्ध पर निर्भर था।

सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने इसे गंभीरता से लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। चाइल्डलाइन टीम ने बिना देरी किए संबंधित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और स्थानीय थाना के बाल कल्याण अधिकारी से संपर्क किया। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन किया और दोनों पक्षों से अलग-अलग एवं संयुक्त रूप से बातचीत की।

पारिवारिक विवाद का सीधा असर पांच माह के मासूम पर पड़ रहा था। शिशु की उम्र बेहद कम होने के कारण उसे मां की गोद, मातृ दुग्ध और निरंतर देखभाल की जरूरत थी। अधिकारियों ने बच्चे के पिता शहाबुद्दीन को समझाया कि इतनी कम उम्र में बच्चे को मां से अलग रखना उसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए नुकसानदायक हो सकता है। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम और बाल कल्याण अधिकारियों ने कानूनी एवं सामाजिक पहलुओं से भी पिता को अवगत कराया। टीम ने काउंसलिंग करते हुए मां फईमा और पिता शहाबुद्दीन के बीच संवाद स्थापित कराया और विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास किया। इसका नतीजा यह रहा है कि शहाबुद्दीन बच्चे को अपनी पत्नी फईमा को सुपुर्द करने के लिए सहमत हो गया था। संयुक्त टीम की मौजूदगी में 5 महीने के मासूम को सुरक्षित रूप से उसकी मां की देखरेख में सौंप दिया गया। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि बच्चे को आवश्यक मातृ पोषण और उचित देखभाल मिलती रहे। फिलहाल मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 लगातार ऐसे मामलों में अहम भूमिका निभा रही है।

फईमा ने बच्चे के पालन पोषण के लिए मुख्यमंत्री से लगाई गुहार : गाजियाबाद के लोनी की रहने वाली फईमा खातून ने बताया कि परिवारिक विवाद के चलते पति शहाबुद्दीन ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया था और बच्चा भी छीन लिया था। जिसकी शिकायत उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर की थी। चाइल्ड हेल्पलाइन ने तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने मुझे मेरा बच्चा दिला दिया है। जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम का धन्यवाद व्यक्त करती हूं। हम सदैव उनके आभारी रहेंगे। फिलहाल पीड़ित फईमा बच्चे को लेकर अपने मायके चली गई है। उन्होंने बच्चे के पालन-पोषण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाई है।

भविष्य में भी ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी: उप निदेशक महिला कल्याण निदेशालय के उप निदेशक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बिजनौर में 5 माह के शिशु को उसकी मां से मिलाने का मामला इसी संवेदनशील और प्रभावी कार्यप्रणाली का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिशु की कम आयु को देखते हुए उसकी सुरक्षा, पोषण और मातृ देखभाल सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक था। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और बाल कल्याण अधिकारियों के समन्वित प्रयास से मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के सर्वोत्तम हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

आलमनगर में रविदास बारादरी का लोकार्पण

लखनऊ। आलमनगर स्थित मोहल्ला सिद्धार्थ नगर (हरिजन बस्ती) में रविवार को संत शिरोमणि श्री रविदास बारादरी का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने सहभागिता कर बारादरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों से समाज को समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन हम सभी को भेदभाव मिटाकर प्रेम, भाईचारे और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने के लिए उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। महापौर ने कहा कि यह बारादरी क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। यहां समाज के विभिन्न कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता को और मजबूती मिलेगी।

जल जीवन मिशन के जल्द पूरे होंगे काम, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

विशेष संवाददाता (vol)

- केंद्र व प्रदेश सरकार से योजना के लिए मिला 28 हजार करोड़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन (हर घर नल योजना) को युद्धस्तर पर पूरा करने की तैयारी है। इसी क्रम में केंद्र से उत्तर प्रदेश के लिए 13,425 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित हो चुका है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार भी ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को करीब 15 हजार करोड़ रुपये वर्ष 2026-27 में योजनाओं को पूरा करने के लिए देगी। इस 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने में कोई बाधा नहीं आएगी।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में 2.62 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाए। इस लक्ष्य को अब जल जीवन मिशन 2.0 के जरिए हासिल किया जाएगा।

दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बीच जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुका है। इसमें जल जीवन मिशन की डेड लाइन जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में दिसंबर 2028 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही जारी वित्तीय वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश को 13,425 करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं। एसडब्ल्यूएसएम, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रभास कुमार ने बताया कि मिशन के नए स्वरूप और बजट के साथ नई जिम्मेदारियों को भी जोड़ा गया है। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत प्रदेश में जल गुणवत्ता परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विंध्य और बुंदेलखंड समेत प्रदेश के कई इलाकों में पानी में रासायनिक तत्वों की जांच कर उन्हें पीने योग्य बनाना सबसे जरूरी है। इसके लिए पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है।

जनभागीदारी भी इसका दूसरा सबसे अहम बिंदु है। प्रदेश में जलापूर्ति के लिए जितने भी पंप हाउस, पानी की टंकी समेत अन्य निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्राम एवं पेयजल स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) को सौंपा जाएगा। 10 वर्षों तक जल निगम, (वीडब्ल्यूएससी), निर्माण एजेंसियां व ठेकेदार मिलकर इनके सुचारु संचालन को सुनिश्चित करेंगे।

अखिलेश राज में कटियाबाजों को मिला संरक्षण : एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

- अज्ञात ढंग से लगाये गये 'कटियाबाज' पोस्टर वार के बीच अखिलेश पर ऊर्जा मंत्री का बड़ा हमला
- अखिलेश सरकार ने पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया
- सपा राज में सुनियोजित ढंग से कराई जाती थी बिजली चोरी

लखनऊ। प्रदेश भर में अज्ञात लोगों की ओर से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 'कटियाबाज' बताते हुए लगाए गए पोस्टरों के बीच योगी सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी सपा पर तीखा हमला बोला है। सपा राज में बिजली व्यवस्था को लेकर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने प्रदेश के बिजली तंत्र को पूरी तरह बर्बाद करने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासन में नेताओं, गुंडों और माफियाओं को 'कटिया मारकर बिजली चलाने' का खुला लाइसेंस दे दिया गया था। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया।

ऊर्जा मंत्री ने सबसे बड़ा हमला बिजली चोरी को लेकर बोला। उन्होंने कहा कि सपा शासन में नेताओं और उनके करीबी लोगों को कटियाबाजी कर मुफ्त बिजली बांटने की खुली छूट थी। 'हर जगह इनके गुंडे और माफिया बिजली के वितरक बन गए थे। खुद कटियाबाजी करते थे और दूसरों को भी कटियाबाजी करवाते थे।' उन्होंने दावा किया कि संभल और मथुरा समेत कई जिलों में सुनियोजित ढंग से बिजली चोरी कराई जाती थी, लेकिन योगी सरकार ने ऐसे कटियाबाजों पर कड़ी कार्रवाई कर लगाम लगाने का काम किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय लगाए गए ट्रांसफॉर्मर, तार और खंभे बेहद खराब गुणवत्ता के थे, जो आए दिन फुंक जाते थे।

आज भी प्रदेश जिन खराब तारों और जर्जर खंभों की समस्या से जूझ रहा है, वह सपा सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में बिजली व्यवस्था में बड़े सुधार किए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को बेहतर बिजली ढांचा देने का काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने इन भ्रष्ट व्यवस्थाओं को सुधारने का बीड़ा उठाया है। तकनीकी सुधारों और डिजिटल सिस्टम के जरिए मानवीय हस्तक्षेप कम किया गया ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लग सके और जनता को राहत मिले। एके शर्मा ने आरोप लगाया कि सपा सरकार ने बिजली खरीद में भी घोटाले किए। उन्होंने कहा कि आज सरकार जिस दर पर बिजली खरीद रही है, उससे भी ज्यादा महंगी दरों पर सपा सरकार ने बिजली खरीद के करार किए थे। इसका खामियाजा आज भी प्रदेश की जनता भुगत रही है और आने वाले वर्षों तक लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना मेरिट और गलत तरीके से भर्तियां की गईं, जिसके चलते भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत हुईं। एके शर्मा ने सपा सरकार पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के भविष्य निधि घोटाले का भी आरोप लगाया।

बिजली क्षेत्र में सरकार ने गिनाईं बड़ी उपलब्धियां

ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में अब जनपद मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 20 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही है। वर्ष 2017 से नवंबर 2025 तक 15.87 लाख नए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए गए और 765 नए 33/11 केवी सब-स्टेशन बनाए गए। प्रदेश की अधिकतम बिजली मांग 31,486 मेगावाट तक पहुंची है। सरकार ने 165 लाख नए बिजली कनेक्शन दिए, 59 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए और 26 हजार किलोमीटर से ज्यादा पारेषण लाइन का विस्तार किया। साथ ही सौभाग्य योजना के तहत 2.86 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया गया और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निजी नलकूपों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

पंकज चौधरी ने नवनियुक्त मंत्रियों को दी बधाई

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को प्रदेश सरकार के सभी नवनियुक्त मंत्रिगणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी मंत्रीगण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित मनोज पांडेय, अजीत सिंह पाल, सोमेंद्र तोमर, कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेन्द्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में आप सभी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को आत्मसात करते हुए प्रदेश के गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

उत्तर प्रदेश बनेगा देश का सबसे बड़ा स्किल हब

13 विभागों के युवाओं को मिलेगा उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने राज्य को देश का अग्रणी स्किल हब बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

प्रदेश के 13 प्रमुख विभागों को कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजते हुए आगामी तीन महीनों में बड़े स्तर पर युवाओं को रोजगारपरक और उद्योग आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमशीलता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत शहरी गरीब परिवारों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों, अल्पसंख्यक समुदाय, निर्माण श्रमिक परिवारों, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा कारागारों से जुड़े युवाओं को उनकी रुचि और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योगी सरकार की यह पहल सामाजिक समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण के मॉडल के रूप में देखी जा रही है। विशेष रूप से गरीब और वंचित वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कौशल विकास को युवाओं की आत्मनिर्भरता का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागीय समन्वय के साथ तेज गति से कार्य किया जा रहा है।

मिशन निदेशक पुलकित खरे द्वारा संबंधित विभागों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण लक्ष्य एवं कार्ययोजना साझा करने का अनुरोध किया गया है। जून माह के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन किए जाने की संभावना है। साथ ही सभी विभागों से नोडल अधिकारी नामित करने को कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन तेजी से किया जा सके।

योजना के अंतर्गत कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग के माध्यम से जेलों में निरुद्ध युवाओं को भी कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। सरकार का उद्देश्य उन्हें प्रशिक्षण देकर पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसके अलावा राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग और ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े युवाओं को आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। पुलकित खरे ने बताया कि यूपीएसडीएम को राष्ट्रीय स्तर पर एनसीवीईटी द्वारा अवार्डिंग बॉडी की मान्यता प्राप्त है, जिससे प्रशिक्षण और प्रमाणन की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। वर्तमान में मिशन से राजकीय संस्थानों के साथ प्रतिष्ठित निजी और औद्योगिक इकाइयां भी प्रशिक्षण पार्टनर के रूप में जुड़ी हुई हैं। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के कॉस्ट कॉमन नॉर्म्स (सीसीएन) के अनुरूप संचालित किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित होंगी। मिशन निदेशक ने बताया कि यूपीएसडीएम का उद्देश्य 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अल्पकालीन, रोजगारपरक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। पिछले 9 वर्षों में मिशन द्वारा 8,09,494 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से 3,04,810 युवाओं को रोजगार एवं सेवायोजन के अवसरों से जोड़ा गया है।

यह उपलब्धि योगी सरकार की उस सोच को दर्शाती है जिसमें युवा शक्ति को प्रदेश की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार माना गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि प्रशिक्षित मानव संसाधन और रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी देश का अग्रणी राज्य बनाना है।

अजय राय ने छात्रा की सकुशल बरामदगी का उठाया मुद्दा

- अमित शाह और योगी को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा पत्र, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की उठायी मांग

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। उन्होंने अपहृत छात्रा के विषय में जानकारी देते हुए छात्रा को सकुशल बरामद करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने पत्र लिखते हुए कहा कि महोबा से 30 अप्रैल को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही मध्य प्रदेश निवासी 25 वर्षीय छात्रा निशा अहिरवार के अपहरण की अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक घटना सामने आई है। यह घटना न केवल प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा को लेकर आपकी सरकार के दावों की वास्तविकता भी उजागर करती है।

उन्होंने लिखा कि समाचार माध्यमों से प्राप्त जानकारी एवं पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, छात्रा पूर्व से ही नामजद आरोपियों मोहित, अंकित एवं संतराम द्वारा लगातार उत्पीड़न एवं धमकियों का सामना कर रही थी। आरोपियों ने पूर्व में छेड़खानी की घटना को लेकर दर्ज मुकदमे में समझौते का दबाव बनाया तथा समझौता न करने पर छात्रा के अपहरण एवं दुष्कर्म की धमकियां दी थीं। परिजनों द्वारा इस संबंध में बार-बार पुलिस को अवगत कराने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने समय रहते प्रभावी संज्ञान नहीं लिया। परिणामस्वरूप अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए कि उन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम दे दिया।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में उत्तर प्रदेश की स्थिति अत्यंत चिंताजनक रही है। इसके बावजूद आपकी सरकार मीडिया प्रबंधन के माध्यम से कानून-व्यवस्था की झूठी छवि प्रस्तुत करने में लगी हुई है, जबकि धरातल पर बेटियां असुरक्षित हैं और पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने एवं प्रभावी कार्रवाई करने में भी उदासीन दिखाई देती है।

बच्चों को पढ़ाई के साथ मिलेगी भारतीय भाषाओं और सांकेतिक संवाद की सीख

- 13 से 19 मई तक परिषदीय और कस्तूरबा विद्यालयों में लगेंगे 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर

लखनऊ। योगी सरकार अब शिक्षा को भारतीय संस्कृति, संवाद कौशल और सामाजिक समावेश से जोड़ते हुए नई पीढ़ी को भारतीय भाषाई विरासत से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा विद्यालयों में 13 से 19 मई तक 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' आयोजित किए जाएंगे, जहां बच्चों को पढ़ाई के साथ भारतीय भाषाओं और सांकेतिक संवाद की भी सीख दी जाएगी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति-2020 के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करते हुए बहुभाषावाद और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। शिविर के दौरान बच्चे अपनी मातृभाषा के साथ दूसरी भारतीय भाषाओं से परिचित होंगे। संवाद कौशल विकसित करेंगे और पहली बार इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) की बुनियादी जानकारी भी प्राप्त करेंगे। योगी सरकार शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर बच्चों को भारतीय संस्कृति, विविधता और सामाजिक संवेदनशीलता से जोड़ने का माध्यम भी बना रही है। यह शिविर भाषा सीखने के कार्यक्रम के साथ-साथ नई पीढ़ी को भारतीयता, सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्रीय एकता से जोड़ने वाले अभियान के रूप में भी स्थापित हो रहा है। सरकार अब प्रदेश में शिक्षा को भारतीयता, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक समावेश से जोड़कर नई दिशा देने की ओर अग्रसर हो चुकी है। 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' आने वाले समय में बच्चों में संवाद क्षमता, भाषाई समझ और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने वाला बड़ा अभियान बन सकता है। शिविर का उद्देश्य बच्चों में भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और बहुभाषावाद की समझ विकसित करना है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भारतीय भाषाओं में भी बुनियादी संवाद कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता की सबसे मजबूत कड़ी है। इसी सोच के अंतर्गत योगी सरकार द्वारा स्कूलों में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में इंडियन साइन लैंग्वेज को शामिल किया जाना योगी सरकार की समावेशी शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और आरपीडब्ल्यूडी एक्ट-2016 के अनुरूप बच्चों को सांकेतिक भाषा के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि समाज में संवेदनशीलता और समावेश की भावना को बढ़ावा मिल सके। एससीईआरटी द्वारा पीएम ई-विद्या चैनल के माध्यम से इंडियन साइन लैंग्वेज से जुड़ी शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे शिक्षक और छात्र दोनों इसका प्रभावी उपयोग कर सकें।

प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सकुशल सम्पन्न

एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से हुई परीक्षा केन्द्रों की निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर स्कैनिंग
- दो दिनों में कुल 1,92,934 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

प्रयागराज/लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित विज्ञापन संख्या 02/2022 प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न करायी गयी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की गयी।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा का संचालन आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गयी। आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निरंतर दृष्टि रखी गयी।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा तकनीकी नवाचार एवं पारदर्शिता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ जनपद के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर

परीक्षा समाप्ति के तत्काल बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग परीक्षा कक्ष में ही करायी गयी। स्कैनिंग प्रक्रिया अभ्यर्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई तथा स्कैन डाटा को तत्काल सुरक्षित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी भी आयोग के एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से की गयी। आयोग अध्यक्ष ने जानकारी दी कि 09 मई की लिखित परीक्षा में कुल 89,766 (38.04 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत एवं पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही। वहीं 10 मई की लिखित परीक्षा में कुल 1,03,168 (45.12 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 41.92 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 48.08 प्रतिशत रही।

इस प्रकार 9 एवं 10 मई को आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 1,92,934 (41.53 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे। डॉ. प्रशांत कुमार ने परीक्षा के संचालन के लिए सम्बन्धित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए सभी अभ्यर्थियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आखिर 9 महीनों में क्या कर लेंगे ये मंत्री ?

अखिलेश यादव ने योगी मंत्रिमंडल विस्तार पर कसा तंज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को योगी मंत्रिमंडल विस्तार पर तंज कसते हुए कहा है कि जब 9 साल में भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर सकी तो आखिरी के 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे? भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी में बढ़ाकर सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। ये भी वही करेंगे। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अत्याचार चरम पर है। पीडीए के साथ अन्याय हो रहा है। जनता त्रस्त है। विकास कार्य ठप्प है। भाजपा सरकार एक तरफ सरकारी बजट की लूट कर रही है तो दूसरी तरफ जनता की जेब काट रही है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार को सहन नहीं कर पा रही है। लगातार टंकिया गिर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग बर्बाद हो गया है। कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी से मंहगाई, भ्रष्टाचार और तेजी से बढ़ रहा है। इस सरकार में वृक्षारोपण भी भ्रष्टारोपण साबित हुआ है। इसी तरह स्मार्ट मीटरों के जरिए भाजपा प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की जेब से पैसा निकाल कर उद्योगपतियों की जेबों में डाल रही है। भाजपा उत्तर प्रदेश की जनता को चौतरफा लूट रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौकरियों में आरक्षण का घोटाला कर रही है। हक और अधिकार छीन रही है। भाजपा समाजवादी पार्टी के पीडीए से घबराई हुई है। पीडीए समाज भाजपा की चाल को समझ रहा है। पीडीए एकजुट होकर भाजपा की हर साजिश और षड्यंत्र को परास्त करेगा। सपा सरकार बनने पर पीडीए को हक, सम्मान और न्याय मिलेगा। प्रदेश का विकास होगा। गरीबों का मुफ्त इलाज होगा। केजी से पीजी तक बेटियों की शिक्षा मुफ्त होगी। उन्होंने कहा कि वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ.पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है। करियर एंड मैसेजर!

उन्होंने कहा कि वैसे जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर? जनता का अनुरोध है कि फिल्

आईजीआरएस की रैंकिंग में रामपुर प्रथम

पीलीभीत ने दूसरा, श्रावस्ती और अमेठी को मिला तीसरा स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश भर में बुनियाद सुविधाओं का हो रहा विस्तार, हर वर्ग का हो रहा उत्थान
- आईजीआरएस की निगरानी से गुणवत्तापूर्ण हो रहे विकास कार्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

आईजीआरएस से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में रामपुर ने 138 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि पीलीभीत ने दूसरा और श्रावस्ती के साथ अमेठी ने बराबर-बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

आईजीआरएस के जरिए हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत की सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। आईजीआरएस द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है।

आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 138 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसका रेश्यो 98.57 प्रतिशत है। जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आईजीआरएस के जरिये मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। बता दें कि रामपुर पिछले चार माह से पहले स्थान पर है। पीलीभीत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई में शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है।

यही वजह है कि जिले में जनशिकायतों के निस्तारण दर में लगातार सुधार हो रहा है। पीलीभीत लगातार चार माह से प्रदेश में दूसरा स्थान बनाए हुए है। आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट में भी पीलीभीत पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

पीलीभीत ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त किये। इसका रेश्यो 97.86 प्रतिशत है। इसी तरह श्रावस्ती ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 136 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त है। इसका रेश्यो 97.14 प्रतिशत है। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि विकास परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हर हफ्ते अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाती है। साथ ही आम जनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। उनकी समस्या के निस्तारण के संतुष्टीपूर्ण फीडबैक पर ही आईजीआरएस की रिपोर्ट जारी की जाती है। इसी तरह अमेठी ने भी 136 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाथरस, बरेली, हमीरपुर, बदायूं, बाराबंकी और बलिया ने टॉप टेन जिलों में जगह बनायी है।

वेबिनार में नर्सों के सशक्तीकरण पर चर्चा

लखनऊ। पीजीआई में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस सप्ताह के तहत वेबिनार में नर्सिंग शिक्षा, रोगी देखभाल, साक्ष्य आधारित अभ्यास और नर्सों के सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। डा. उमा रानी अधिकारी और डा. बालमोनी बोस ने व्याख्यान दिया। वेबिनार में नर्सिंग शिक्षा, रोगी देखभाल, साक्ष्य आधारित अभ्यास और नर्सों के सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। पश्चिम बंगाल के बर्दवान मेडिकल कॉलेज की डा. उमा रानी अधिकारी ने साक्ष्य-आधारित नर्सिंग पद्धतियों को लागू करने की रणनीतियों पर बात की। मेरठ की डॉ. बालमोनी बोस ने रोगी सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल की जानकारी दी।

एचआईवी जांच के लिए निःशुल्क शिविर 14 को... **लखनऊ।** राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से 14 मई को खाला बाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र में प्रातः 9 से मध्याह्न 12 बजे तक एचआईवी जांच के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। केन्द्र के संरक्षण हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि एचआईवी/एड्स कोई अभिशाप नहीं है, इसे छुपाए नहीं, जागरूक बने। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की टीम जांच और परामर्श भी देंगी।

नृत्य, संगीत और काव्य के संगम से मेट्रो ने किया माताओं को नमन

लखनऊ। मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की शो योर टैलेंट पहल के अंतर्गत हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'डांससपोर्ट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ' के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य कला के माध्यम से समाज में माताओं के निस्वार्थ प्रेम और उनके योगदान का सम्मान करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात एथलीट और अर्जुन पुरस्कार विजेता सुश्री रचना गोविल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने जीवन के प्रेरक संस्मरण साझा किए। सुश्री गोविल ने भावुक होते हुए कहा कि उनकी खेल यात्रा और जीवन की हर सफलता के पीछे उनकी मां का अटूट विश्वास और अथक योगदान रहा है। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने मातृत्व की भावनाओं को समर्पित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। 'माई तेरी चुनर', 'ओरी चिरैया' और 'लुका छुपी' जैसे मार्मिक गीतों पर आधारित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य शैलियों के साथ-साथ संगीत और काव्य पाठ का अनूठा संगम देखने को मिला। कलाकारों के साथ-साथ संस्था के पदाधिकारियों और अभिभावकों ने भी कविताओं, गीतों और गजलों के माध्यम से अपनी भावनाओं को साझा किया, जिससे पूरा माहौल भावनात्मक और गरिमामय हो गया।

प्रसव केंद्रों के स्वास्थ्यकर्मियों को मिला गोल्डन मिनट प्रबंधन का प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेशभर के स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात पुनर्जीवन का प्रशिक्षण

लखनऊ। नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम के सहयोग से रविवार को प्रदेशभर में नियोनेटल रेससिटेशन प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला अस्पताल में सम्पन्न हो गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य) डा. अजय गुप्ता ने कहा कि नियोनेटल रेससिटेशन प्रोग्राम (एनआरपी) नवजात मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में स्वास्थ्यकर्मियों को जन्म के समय होने वाली श्वासावरोध एवं अन्य जीवन-घातक परिस्थितियों के वैज्ञानिक प्रबंधन में दक्ष बनाता है। प्रसव के दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता होनी चाहिए।

डा. मिलिंद ने कहा कि मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल के निर्देशन में प्रदेश में पहली बार इस स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, जिसमें लगभग सभी प्रसव केंद्रों के बाल रोग विशेषज्ञों, लेबर रूम एवं एनबीएसयू के स्टाफ को गोल्डन मिनट के भीतर नवजात पुनर्जीवन का प्रशिक्षण दिया गया। जन्म के बाद करीब 10 से 15 प्रतिशत नवजातों को सांस लेने में कठिनाई होती है। यदि एक मिनट के भीतर सही चिकित्सीय प्रबंधन उपलब्ध हो जाए, तो नवजात मृत्यु के साथ-साथ संभावित शारीरिक एवं मानसिक दिव्यांगता को भी रोका जा सकता है।

सभी 75 जनपदों में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल सहित कुल 205 प्रशिक्षण केंद्रों पर करीब 6,000 बाल रोग विशेषज्ञों, लेबर रूम एवं एनबीएसयू के स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डा. सलमान के साथ डा. फैजान, केजीएमयू के रेजिडेंट्स डा. मुकुल एवं डा. रिचा तथा यूपीटीएसयू की नर्स मेंटर कीर्ति ने प्रशिक्षक के रूप में सहयोग किया।

प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करें

भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आगामी 16 और 17 मई को अयोध्या स्थित राम सेवकपुरम, राम घाट में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने की। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं, संगठनात्मक जिम्मेदारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करता है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के व्यक्तित्व विकास, संगठनात्मक दक्षता एवं वैचारिक मजबूती का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की पावन भूमि पर आयोजित होने वाला यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण वर्ग की सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करें, जिससे कार्यक्रम सफल, अनुशासित एवं भव्य रूप में सम्पन्न हो सके।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी ओपी श्रीवास्तव कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यशैली, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को मजबूती प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित आवास, भोजन, परिवहन, पंजीकरण, अनुशासन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गईं। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, भाजपा वरिष्ठ नेता मान सिंह, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, दीपक शुक्ला, सीता नेगी, पूर्व महामंत्री राम अवतार कनौजिया, मंत्री पंकज सक्सेना, शैलेन्द्र डब्बू, कार्यालय सहमंत्री मयंक बाजपाई, लखविंदर पाल, टीआर जोशी, उत्तम मिश्रा सहित महानगर के अनेक पदाधिकारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टीबी कन्ट्रोल इम्प्लाइज एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी गठित

लखनऊ। उप्र टी.बी. कन्ट्रोल इम्प्लाइज एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव राजकीय टीबी क्लीनिक, राजेंद्र नगर में सम्पन्न हो गया। चुनाव अधिकारी डा. आनंद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पर्यवेक्षण में सपन्न हुए। इस दौरान निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष महेंद्र प्रताप, उपाध्यक्ष ललित कुमार, महासचिव दिवाकर वी वी ए गुप्ता, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार, सचिव धर्मेन्द्र कुमार चुने गये। इन सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्ष तक रहेगा।

ल्यूपस ऑटोइम्यून बीमारी : डा. पुनीत

लखनऊ। विश्व ल्यूपस दिवस पर रविवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग ने विभाग से रूमी दरवाजे तक वॉकथॉन निकाला। इस दौरान क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डा. पुनीत कुमार बताया कि ल्यूपस ऑटोइम्यून बीमारी है, इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली खुद के ही अंगों पर हमला करने लगती है। यह रोग त्वचा, जोड़ों, किडनी, फेफड़ों, हृदय और मस्तिष्क समेत शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करती है। ल्यूपस का पुरुषों की तुलना में महिलाओं में नौ गुना ज्यादा खतरा होता है। 15 से 45 वर्ष की उम्र में इसके होने का जोखिम अधिक होता है। डॉ. पुनीत कुमार व डॉ. मुकेश कुमार मौर्य ने कॉम्प्रिहेंसिव ल्यूपस केयर हैंडबुक का लोकार्पण किया। इस पुस्तिक में मरीजों और उनके परिजनों सरल भाषा में बीमारी, लक्षण, उपचार व अन्य जानकारियां मिलेंगी।

खांसी में खून आना हमेशा टीबी का लक्षण नहीं होता : डॉ. सूर्यकान्त

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की ओर से रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में बेसिक ब्रोंकोस्कोपी सर्टिफिकेशन कोर्स एवं हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया गया, इसमें निदेशक मुंबई से इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी की सचिव डॉ. अमिता नेने मौजूद रहीं। विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकान्त ने कहा कि हेमोप्टाइसिस के निदान एवं प्रबंधन में ब्रोंकोस्कोपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हेमोप्टाइसिस रेस्पिरेटरी मेडिसिन की सबसे महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण आपात स्थितियों में से एक है। उनका व्याख्यान खांसी में खून आने के कारणों की व्यावहारिक पहचान पर आधारित होने के कारण अत्यंत सराहा गया।

राजधानी में मजदूरों नें निकाला मार्च

लखनऊ। नोएडा समेत देश के तमाम औद्योगिक क्षेत्रों के आंदोलनकारी मजदूरों के ऊपर पुलिसिया दमन के विरोध में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में रविवार को ऐक्टू ने चारबाग रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लोको चौकी के सामने बैरीकेडिंग करके रोक लिया जहां आन्दोलनकारियों ने एक घंटे की प्रतिवाद सभा के बाद ए सीपी विकास जायसवाल को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आल इंडिया सेंट्रल काउन्सिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) के प्रदेश उपाध्यक्ष का. डा. राजेश सिंह और डा. एस एस जैदी, प्रदेश संगठन मंत्री का. राणा प्रताप सिंह, प्रदेश सहसचिव का. देवानन्द के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये हुए सैकड़ों मजदूरों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री आवास के लिए मार्च किया।

लखनऊ व्यापार मंडल की रिंग रोड व बुद्धेश्वर इकाई गठित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए रविवार को बुद्धेश्वर और रिंग रोड इकाई का गठन किया। इस मौके पर आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान संगठन के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा मौजूद रहे। उनकी देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया हुई। जिसमें वोटिंग की गिनती के बाद बुद्धेश्वर इकाई में अध्यक्ष पद पर पिन्टु गुप्ता और वरिष्ठद्द महामंत्री पद पर अखिलेश यादव विजयी हुए। वहीं रिंग रोड इकाई में अध्यक्ष पद पर मनोज चौरसिया और चेयरमैन के पद पर अंकित पाण्डेय को चुना हुआ। इसके अलावा दोनों इकाई के अन्य पदाधिकारियों को भी चुना गया। इस मौके पर अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापार मण्डल का चुनाव आपसी भाईचारे एवं लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक है। संगठन में सभी व्यापारी एक परिवार की तरह हैं और सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। महामंत्री उमेश शर्मा ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व से सदस्यता अभियान एवं चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई थी। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव सम्पन्न कराए गए।

व्यापारियों ने अब्दुल रफीक को दी श्रद्धांजलि.... लखनऊ। साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने रविवार को शहीद स्मारक पर व्यापारी नेता शहीद अब्दुल रफीक खान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष वसी उल्ला आजाद ने कहा कि शहीद अब्दुल रफीक खान पूरी जिन्दगी साप्ताहिक बाजार के व्यापारियों को न्याय दिलाने के लिए लड़ते रहे। व्यापारियों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए वो शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि अब्दुल रफीक खान के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम व्यापारी उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। इस मौके पर महामंत्री अनिल सक्सेना, मोहम्मद कलीम खान, विनोद कुमार गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, विशाल गुप्ता, रफीक अहमद और मोहम्मद इस्माइल समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

हर बच्चे के लिए आधारभूत कौशल अनिवार्य होना चाहिए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दो-दिवसीय लीडरशिप सर्कल सम्मेलन का समापन भारत के प्रत्येक बच्चे को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से सशक्त बनाने की रणनीतियों एवं संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि डा. जोसेफ इमैनुएल, सी.आई.एस.सी.ई. बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपनी उपस्थिति से सम्मेलन की गरिमा को बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज चौधरी ने लीडरशिप सर्कल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और देवी संस्थान द्वारा अपनायी जा रही शिक्षण पद्धति का देखा। अपने संबोधन में पंकज चौधरी ने छोटे बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल आजीवन शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण नींव हैं तथा एक्सीलरेटिंग लर्निंग फॉर ऑल (अल्फा) पद्धति तीव्र एवं समग्र शिक्षा प्रदान करने वाली अभिनव शिक्षण प्रणाली है।

बता दें कि इस सम्मेलन में देश के 18 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों से 2000 से अधिक शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन ने आधारभूत कौशलों के महत्व के प्रति व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न की, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने से पूर्व अत्यंत आवश्यक हैं।

सम्मेलन में अल्फा शिक्षा पद्धति पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ, जिसके माध्यम से छोटे बच्चों की सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल की कार्यप्रणाली और पेशेवर तैयारी पर हुई चर्चा

लखनऊ। ब्रांच ऑफ आईसीएआई (सीआईआरसी) की ओर से यूपी जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के सहयोग से राजधानी में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार चांधरियावी, उपाध्यक्ष, जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल की बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति रही। अपने संबोधन में उन्होंने जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल की कार्यप्रणाली, प्रभावी पैरवी तथा पेशेवर तैयारी के महत्व पर विस्तृत विचार व्यक्त किए।

संतोष कुमार श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य, नरेंद्र कुमार, न्यायिक सदस्य आलोक चोपड़ा, तकनीकी सदस्य, मध्य तथा अरविंद कुमार, तकनीकी सदस्य, (राज्य), जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल लखनऊ बेंच ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में संयुक्त रजिस्ट्रार, सहायक रजिस्ट्रार एवं जीएसटीएटी,लखनऊ के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों को प्रख्यात वक्ताओं सीए अविनाश पोद्दार एवं अधिवक्ता बी. एल. नरसिम्हन ने संबोधित किया। उन्होंने जीएसटी अपीलीय प्रक्रियाएं, अपील का मसौदा तैयार करना, मुकदमेबाजी की रणनीति एवं ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रभावी पैरवी से संबंधित व्यावहारिक एवं महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में आईसीएआई के सेंट्रल कॉउंसिल के सदस्य सीए संजीव सिंघल भी मौजूद रहे।

नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा में लोकसभा में नारी वंदन अधिनियम का विरोध करने पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। 1090 चौराहे से शुरू हुआ यह प्रदर्शन इन्दिरानगर स्थित सपा सांसद आर.के. चौधरी के आवास तक पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने घेराव कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन में महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली तथा महिला सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है और इसका विरोध महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के खिलाफ है।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखिलेश सिंह सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता प्रदर्शन में मौजूद रहे। इस दौरान जिला महामंत्री धीरू पाण्डेय, अंकित गुप्ता, जिला मंत्री मुकेश शर्मा, प्रतिभा सिंह, मंडल अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, मोहित तिवारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी पूजा सिंह, प्रियंका सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डॉ. विधायक राजेश्वर के अभियान से जनसमस्याओं का हो रहा समाधान

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अर्जुनगंज मंडल के इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड स्थित मलाक, नीलमथा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित 167वें आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। डॉ. राजेश्वर सिंह की जनसेवा आधारित कार्यशैली के चलते यह कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस, रोड एवं नाली, आवास योजना (शहरी), आंगनबाड़ी केंद्र, स्ट्रीट लाइट, जलभराव, आयुष्मान कार्ड, स्कूल सौंदर्यीकरण एवं मंदिर में बेंच व हैंडपंप जैसी जनसरोकार से जुड़ी कुल 26 शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 3 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शेष समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। टीएस मिश्रा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें शुगर, बीपी एवं नेत्र जांच शामिल रही। साथ ही 20 लोगों को चश्मे हेतु चिन्हित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास लगातार प्रभावी रूप से दिखाई दे रहे हैं। 181वें बॉयज यूथ क्लब का गठन भी किया गया।

श्रेष्ठ व्यवहार के लिए रजनी मैसी को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित

लखनऊ। नर्सेस वीक के अंतर्गत राजकीय नर्सेस संघ की ओर से रविवार को बलरामपुर चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं श्रेष्ठ व्यवहार के लिए रजनी मैसी को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने कहा कि आज सभी नेता एवं अधिकारी नर्सिंग संवर्ग को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानते हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नवंबर 2025 में आयोजित अधिवेशन में आए और नर्सिंग संवर्ग की पाँच प्रमुख मांगों में गृह जनपद स्थानांतरण, भर्ती, पदोन्नति, एसीपी, बीएससी नर्सिंग की भाँति एमएससी नर्सिंग कोर्स के लिए सवेतन अवकाश, केंद्र के समान भत्ता तथा पालनाघर आदि–पर सहमति व्यक्त की थी लेकिन अब तक आदेश जारी नहीं हुए हैं। इस मौके पर सेवानिवृत्त सुमन वर्मा (सहायक नर्सिंग अधीक्षक), राज श्री (पूर्व सहायक नर्सिंग अधीक्षक), महेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर सिंह (पूर्व सहायक नर्सिंग अधीक्षक), बीना सिंह (पूर्व प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज बलरामपुर) एवं रमा सिंह (कार्यवाहक सहायक नर्सिंग अधीक्षक, सिविल अस्पताल) सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहीं।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

भाजयुमो नेता को रंजिश में मारी गोली, घायल

पुलिस चौकी के पास हमलावर वैभव ने दिया घटना को अंजाम, असलहा सहित गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाजारखाला थाना क्षेत्र में शनिवार रात टिकैतराय तालाब पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर दबंग ने भाजयुमो के नेता को गोली मार दी। बदमाश ने चेतन पर तीन राउंड फायरिंग की, जिसमें से एक गोली चेतन की कमर में लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान चेतन को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

बताया जा रहा है कि गोली पुरानी रंजिश और पोस्टर लगाने के विवाद में मारी गई है। पुलिस ने हमलावर वैभव को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वह फायरिंग करते दिखाई दिया है। पुलिस ने हमलावर वैभव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से .32बोर का अवैध

पिस्टल बरामद कर लिया है।

थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में सुरेश चन्द्र तिवारी परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा श्याम चेतन तिवारी घर के सामने कुछ निर्माण कार्य करा रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात श्याम चेतन राजगीरों से ईंट रखवा रहा था, उसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला वैभव बाजपेई अपने साथी संग वहां पहुंचा। उनके बीच कुछ विवाद हुआ। उसी दौरान आरोपियों ने असलहा निकालकर श्याम चेतन पर ताड़तोड़ फायरिंग कर दी। कमर में गोली लगने से श्याम खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर परिजन व आसपड़ोस के लोग दौड़े। इसी बीच आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। आनन-फानन में घायल को ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉयल-112 पर फायरिंग की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह, इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया।

केजीएमयू में भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा : इस हमले को लेकर भाजपा कार्यकर्ता देर रात केजीएमयू पहुंचे और हंगामा करने लगे। मौके पर डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित समेत कई थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। देर रात कई घंटों तक हंगामा चलता रहा। कुछ घंटों की जांच के बाद पुलिस ने हमलावर वैभव बाजपेई गोली चलाते नजर आया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर असलहा बरामद कर लिया है।

केजीएमयू में डॉ. नीरज सिंह व आनन्द द्विवेदी ने जाना हाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केजीएमयू में भर्ती भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता चेतन तिवारी पर हुए हमले की सूचना मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी अस्पताल पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से चेतन तिवारी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की तथा परिजनों एवं समर्थकों से भी मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

डॉ. नीरज सिंह ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस हमले में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाएगी।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है और प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ मामले की जांच कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाबा की महाराज की पदवी बना विवाद

- वैभव बाजपेई के बाबा पुत्तन महाराज का भी रहा है आपराधिक इतिहास

जय सन्देश तिलक

लखनऊ। हमलावर वैभव बाजपेई के बाबा पुत्तन बाजपेई का डीएवी कालेज की छात्र राजनीति में काफी दखल था। लोग उन्हें पुत्तन महाराज के नाम से जानते थे। पुत्तन महाराज का भी आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ राजधानी के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

जिन लोगों ने उन्हें देखा है वह बताते हैं कि उन्हें दबंगों और अपराधियों को संरक्षण देने का उन्हें शौक था, जिसके चलते वह अपराधियों को संरक्षण देने व कई मामलों मे सीधे लिप्त होने के कारण पुलिस के आपराधिक रिकॉर्ड में दर्ज होते गए। दबंगई व शोहरत के चलते लोग उन्हें पुत्तन महाराज के नाम से जानते थे।

जानकारी के अनुसार चेतन तिवारी व वैभव बाजपेई पड़ोसी होने के कारण 2023 तक साथ-साथ रहे। दोनों ने क्षेत्रीय नेता गीरी व फिर भाजपा की क्षेत्रीय इंकाई में दखल हासिल किया। दोनों का कद बढ़ने लगा। इसी बीच चेतन तिवारी अपने नाम के आगे महाराज लिखने लगा तो वैभव को लगा कि महाराज को हमारे बाबा के नाम के आगे लिखा जाता है। हमारे परिवार की विरासत है। ये अपने नाम के आगे महाराज कैसे लिख सकता है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच वैमनस्य बढ़ता गया और टकराव होने लगा। आते-जाते दोनों एक दूसरे पर छींटाकशी करते थे और कई बार भिड़न्त भी हुई। इसी को लेकर दोनों के बीच रंजिश पनप गई।

इस दरम्यां पुत्तन बाजपेई का निधन हो गया तो चेतन तिवारी ने अपनी फेसबुक कर लिखा कि उन्हें एड्स हो गया था। चेतन की इस हरकत से वैभव को ठेस पहुंची उसे लगा कि ये हमारे परिवार की साख पर चोट कर रहा है। इससे दोनों के बीच दूरियां और बढ़ गईं, जिसने रंजिश का रूप ले लिया। रंजिश के चलते दोनों के बीच कई बार टकराव हुआ। चेतन ने बाजारखाला थाने में वैभव के खिलाफ दो मुकदमे भी दर्ज कराये। उन्हीं बातों को लेकर जब 09 मई की रात चेतन पोस्टर लगवा रहा था, दोनों के बीच टकराव हुआ और वैभव ने .32 बोर के अवैध पिस्टल से चेतन पर ताबड़तोड़ फायर झोंक दिए, जिससे वह घायल हो गया। टामा सेन्टर में उसका इलाज जारी है।

परिवहन निगम में ऑनलाइन होगी अनुर्बधित बसों की जानकारी

लखनऊ। प्रदेश क विभिन्न रुटो पर ज्यादा बसे चले इसके लिए परिवहन विभाग प्राइवेट बसो को अनुर्बधित कर लेता है जिसमें विभाग का परिचालक कार्य करता है। और चालक बसो के मालिक रखते है। लेकिन समय पर परिवहन निगम द्वारा पैसा नही मिलने पर बस मालिक मुख्यालय का चक्कर लगाते रहते है। ऐसे में बस मालिक न तो बस हटा पाता है और न ही विभाग से पैसा ले पता है। जिसको लेकर परिवहन विभाग प्राइवेट अनुर्बधित बसो को ब्यौरा आनलाईन करेगा। प्रदेश में सैकड़ो की संख्या में प्राइवेट बस परिवहन विभाग के अंडर में चल रही है। इन बसो को ऐसे रुट पर चलाया जाता है जहां पर बसो की संख्या कम है। प्राइवेट बसो को अनुर्बधित कर रुट पर चलाने के वजह से बस सभी यात्रियों को समय पर मिल जाती है। इसमें सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण यात्रियों को मिल जाता है। लखनऊ से लगभग 175 एसी बस विभिन्न रुटो पर अनुर्बधित बसे चलाई जाती है। एसी बस के चलने से विभाग को ज्यादा लाभ तो नही हो पाता है लेकिन रुट के यात्री समय पर यात्रा कर लेते है। सबसे ज्यादा ऐसे बसो की मांग तब बढ़ जाती है जब कोई त्यौहार पड़ता है। इस तरह के बसो से लाभ नही मिलने के वहज से ही बस मालिक के नाम सहित बस का सारा ब्यौरा आनलाईन किया जा रहा है। जिससे विभाग के साथ-साथ गाड़ी मालिक को भी जानकारी होती रहे।

35 पाउच अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

लखनऊ। काकोरी पुलिस ने अवैध रुप से शराब की बिक्री करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 35 देशी शराब के पाऊच बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि टीम दुगार्गंज चौराहा के पास थी, तभी पीआरवी 6378 से सूचना मिली कि शीतला माता मन्दिर कस्बा काकोरी के पास एक व्यक्ति खुले में शराब बेंच रहा है। एक बारगी दबिश देकर दो व्यक्तियों को 35 देशी शराब 200 एमएल विंडीज पाऊच के साथ गिरफ्तार किया। दोनों ने अपना नाम राम कुमार कश्यप पुत्र स्व. ईश्वरदीन निवासी बरगदतला थाना काकोरी व रवि कुमार रावत पुत्र लालता प्रसाद निवासी शेखसादी मोहल्ला कस्बा काकोरी बताया।

रोवर्स रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग

लखनऊ। हजरतगंज इलाके में रविवार शाम विधानसभा रोड स्थित रोवर्स रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। आग लगने से रेस्टोरेंट में धुआं भर गया। एहतियात के तौर पर रेस्टोरेंट को तत्काल खाली करा लिया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। हजरतगंज पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और आसपास लोगों की भीड़ हटवाई। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के बगल में पेट्रोल पंप भी है, जिसके चलते पुलिस और फायर कर्मियों ने ज्यादा सतर्कता बरती। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

यातायात आरक्षी को बोनट पर लादकर घसीटने वाला चालक गिरफ्तार

लखनऊ। चिनहट पुलिस ने यातायात व्यवस्था के दौरान यातायात आरक्षी के साथ दुर्व्यवहार करने व आरक्षी को कार रोकने के प्रयास के दौरान बोनट पर लादकर घसीटने के मामले में कार चालक को गिरफ्तार किया है। कार चालक सत्यम वर्मा पुत्र फूल चंद्र वर्मा पता ग्राम शिवदास पुर थाना पूरा कलंदर जिला अयोध्या 22 वर्ष लगभग को जगनपुर ईदगाह से 100 मीटर लखनऊ की तरफ अयोध्या लखनऊ मार्ग थाना रौनाही जिला अयोध्या से गिरफ्तार किया गया है। मालूम हो कि रविवार को आरक्षी गौरब बंसल यातायात पुलिस लाइन लखनऊ ने उसके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा व उसकी हत्या के उद्देश्य से उसको टक्कर मारने के संबन्ध में मुकदमा इसकी विवेचना उपनिरीक्षक मोहित कुमार कर रहे थे। गठित टीम द्वारा अभियुक्त कार चालक सत्यम वर्मा पुत्र फूल चंद्र वर्मा पता ग्राम शिवदास पुर थाना पूरा कलंदर जिला अयोध्या को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने छात्राओं को बताया गुड व बैड टच

लखनऊ। थाना गोसाईगंज की मिशन शक्ति टीम ने रविवार को कस्बा बाजार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, गुड टच-बैड टच, महिला हेल्पडेस्क व मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। महिला उपनिरीक्षक सोनम राय के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने बाजार पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को संबोधित किया। टीम ने बताया कि 54 थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जहां महिला संबंधी सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाता है। कार्यक्रम में टीम ने सरकार की विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर्स- 1090, 112, 181, 1076 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी तथा जागरूकता वाले पर्चे भी वितरित किए।

कैफे जाने के लिए निकली युवती लापता

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाली युवती घर से साइबर कैफे जाने के बहाने लापता हो गई। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित सम्भर खेड़ा बाराबिरवा निवासी ओम पुत्र स्व० मंशा राम ने बताया बीते 4 मई सोमवार दोपहर 12 बजे उसकी 23 वर्षीय बहन मंदाकिनी घर से साइबर कैफे जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। उसे बहन की खोजबीन के दौरान पता चला कि घर में चावल की टंकी में रखे 80 हजार रुपये गायब हैं और रिश्तेदार राधे निवासी ग्राम लालपुर थाना अरवल जनपद हरदोई से जानकारी हुई कि उनका बेटा प्रेम सागर भी उसी दिन से घर से लापता है और उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है।

Notice

I, Himanshu Chauhan (Existing Name of the Air Warrior as per the Service Documents) resident of SV- 96/6 Airforce station Kalaikunda District-Paschim MidnapurState-West Bangal have changed my daughter name from Shavya (Existing name of daughter as per the POR/Service Document) to Shavya Singh Chauhan (proposed/adopted New Name) vide Affidavit IN-UP40027205242064Y Dated 02/05/2026 before District Court Unnao State-U.PPin-209801

नवविवाहिता ने लगायी फांसी पति पर प्रताड़ना का आरोप

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के वजीरगंज थाना क्षेत्र में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ढाई महीने पहले कपड़ा कारोबारी से शादी हुई थी। इसके बाद से ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान रकाबगंज वजीरगंज निवासी पिंकी शर्मा (25) पति अंकित शर्मा के रूप में हुई। उसने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई शुभम ने बताया कि बहन पिंकी की शादी 20 फरवरी को नसीपुर मांसरा बाराबंकी निवासी अंकित से की थी। अंकित रकाबगंज में आरएस गारमेंट्स के नाम से कपड़े का व्यापार करता है। भाई का आरोप है कि बहन के ससुराल जाने के बाद से ही अंकित व उसका परिवार दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। जिसकी जानकारी उसने दी तो समझा बुझाकर शांत कर दिया गया।

अंकित की हरकतें रोजाना बढ़ती चली गई। उसके अन्य महिला से भी अफेयर हैं, जिसे लेकर अक्सर बहन से मारपीट करता और ताना देता था। रविवार को सुबह करीब 11.30 बजे बहन के जेठ रोशन लाल शर्मा की कॉल आई। उन्होंने बताया पिंकी ने फांसी लगा ली है। उनसे अस्पताल ले जाने के लिए कहा गया तो वह कहने लगे कोई दिक्कत न हो जाए। इस पर इंदिरा नगर अपने ऑफिस से 10 मिनट में बलरामपुर अस्पताल पहुंच गया, लेकिन ससुराल वाले पिंकी को लेकर नहीं पहुंचे थे। करीब 1 घंटे बाद अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। भाई का आरोप है पति व उसके ससुराल वाले बहन को अक्सर प्रताड़ित करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे।

अवैध संबंधों में हुई थी सूरज की हत्या

- प्रेमिका का बेटा और साथी गिरफ्तार
- रिश्ते में चाचा के साथ मिलकर की थी वारदात

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजनौर क्षेत्र में शनिवार सुबह मृत अवस्था में पड़े मिले एसजीपीजीआई के संविदाकर्मी सूरज की हत्या अवैध संबंधों में हुई थी। प्रेमिका के बेटे ने अपने नाबालिग रिश्तेदार के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतारा। पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हुआ चापड़ व खून से सनी ईंट बरामद कर ली है।

ध्यान रहे कि बिजनौर थाना क्षेत्र के अशरफनगर-इटुरिया के डेरहवा मोहल्ले स्थित अपनी ननिहाल में रहने वाला सूरज कुमार गौतम उर्फ छोटू (28) का क्षत-विक्षत शव रायल सिटी को जाने वाली सड़क के किनारे एक प्लाट में पड़ा मिला था। इस सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने वालों की धड़पकड़ के लिए पुलिस व सर्विलांस टीम ने सक्रिय हो गई। डीसीपी (दक्षिण) अमित कुमार आनन्द ने बताया कि पुलिस एवं सर्विलांस टीमों ने करीब 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए और मैनुअल इंटेलिजेंस के जरिए संदिग्धों की तलाश शुरू की और शनिवार की देरशाम ही ग्राम रसूलपुर-इटुरिया नाले की पुलिया के पास से मुख्य आरोपी अनिल यादव और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी अनिल यादव ने बताया कि उसकी मां और मृतक सूरज के बीच करीब तीन साल से प्रेम संबंध थे। करीब दो महीने पहले उसने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था और सूरज को घर आने से मना किया था। इसके बावजूद सूरज का आना-जाना जारी रहा, जिससे वह परेशान था।

शराब पिलाकर नशे में किया, फिर चापड़ मारकर उतारा मौत के घाट : आरोपी अनिल ने बताया कि उसने अपने नाबालिग रिश्तेदार के साथ मिलकर सूरज की हत्या की योजना बनाई थी। 08 मई को दोनों ने सूरज को बुलाया और शराब लाने के लिए रुपए दिए। इसके बाद वे लोग सूरज की बाइक से गांव के बाहर आम के बाग के पास स्थित एक सुनसान प्लॉट पर पहुंचे और वहां शराब पीने लगे। योजना के तहत सूरज को अधिक शराब पिलाई गई। जब वह नशे में हो गया तो अनिल ने पहले से छिपाकर रखे चापड़ से उसके चेहरे पर वार कर दिया। इसके बाद अनिल और उसके नाबालिग साथी ने चापड़ और ईंट से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब भी दोनों मौजूद थे : अनिल ने बताया कि लोगों को उस पर शक न हो, इसलिए उसने सूरज का मोबाइल फोन निकाल लिया और हत्या में प्रयुक्त चापड़ व खून लगी ईंट को पास के खेत में फेंक दिया। इसके बाद खून से सने कपड़ों को धोया और उन्हीं कपड़ों में वैवाहिक कार्यक्रम शामिल हुए।

सर्राफा कारोबारी की मौत पर हंगामा इलाज में लापरवाही का आरोप

लखनऊ। जानकीपुरम निवासी सर्राफा कारोबारी अशोक सोनी (57) की रविवार तड़के हार्ट अटैक के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने कुर्सी रोड स्थित अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। परिजनों के मुताबिक रविवार तड़के करीब पांच बजे अशोक सोनी की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल हॉस्पिटल ले जाया गया। आरोप है कि मरीज की हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे और जूनियर डॉक्टर ही इलाज करते रहे। कुछ देर बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।\

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। जानकारी के मुताबिक मृतक मूल रूप से बाराबंकी के रहने वाले थे और वहां उनकी सराफा की दुकान है। वह पिछले करीब एक माह से जानकीपुरम स्थित नए मकान में पत्नी रीता सोनी के साथ रह रहे थे। परिवार में दो बेटे, एक बेटी और बहू हैं। इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में यदि परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

घायल की ट्रामा सेंटर में हुई मौत

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व मंदिर से फूल लेकर लौट रहे स्कूटी सवार बुजुर्ग को पल्सर बाइक सवार ने टक्कर मार चोटिल कर दिया। जिनकी इलाज दौरान ट्रामा में मौत हो गई।

मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया ब्रह्म नगर आलमबाग निवासी आशीष चंद्र पुत्र हरीश चंद्र के अनुसार बीते 7 मई को राम प्रसाद खेड़ा हनुमान मंदिर के पास से उसके पिता हरिश्चंद्र फूलमाला लेकर अपनी स्कूटी से घर वापस लौट रहे थे इस दौरान मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित लंगड़ा फाटक निकट पल्सर बाइक संख्या यूपी 32 आरएच 6941 ने उसके पिता की एक्टिवा में जोरदार टक्कर मार दी। जिन्हें गंभीर चोटिल अवस्था में इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया था जहां से उन्हें ट्रामा रिफर कर दिया। जिनकी इलाज दौरान ट्रामा में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक हरीश चंद्र के बेटे आशीष चन्द्र की शिकायत पर शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

डिवाइडर से टकराकर ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

- घूमने निकले तीनों युवकों ने नहीं पहना था हेलमेट

लखनऊ। लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। उनकी बाइक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में खड़े एक ट्रक में जा घुसी।

मृतक की पहचान ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित राधा ग्राम डूडा कॉलोनी निवासी समद के रूप में हुई है। समद (19) अपने पिता सरफराज के साथ सिटी स्टेशन के पास कबाड़ की दुकान चलाता था। रविवार दोपहर वह अपने दोस्त हुसैनाबाद निवासी उमर (20) और बहराइच निवासी जीशान (20) के साथ कानपुर बाइपास की तरफ घूमने निकला था।

दुबग्गा सब्जी मंडी के पीछे मोड़ के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज टक्कर के बाद बाइक उछलकर दूसरी लेन में सड़क किनारे खड़े ट्रक से सामने से जा भिड़ी। इस हादसे में बाइक चला रहा समद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं, जबकि उमर के पैर में फ्रैक्चर हो गया। पीछे बैठे जीशान को हल्की चोटें आईं।

मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। बाद में परिजन समद को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उमर का ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी है, जबकि जीशान को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। समद की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में शोक का माहौल है। वह अपने माता-पिता का बड़ा सहारा था। परिवार में पिता सरफराज, मां शबाना, भाई अल्फान और अल्तमश तथा एक बहन है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

बेटे से शादी का झांसा देकर रि. इंस्पेक्टर से ठगे 85 लाख

लखनऊ। बेटे से शादी का प्रस्ताव देकर जालसाज युवती ने अपने को कम्पनी का मालिक बताया और झांसा देकर रिटायर्ड इंस्पेक्टर को साइबर ठगी हुए 85 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस और साइबर सेल से की है।

खरगापुर गोमतीनगर निवासी पीड़ित रिटायर्ड इंस्पेक्टर बद्री नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 1 अक्टूबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक वॉट्सएप नंबर से मैसेज आया। मैसेज भेजने वाली महिला ने अपना नाम दिव्या शर्मा बताया और खुद को गुरुग्राम स्थित अर्वन लेदर लैब कंपनी की मालिक बताया। आरोप है कि दिव्या शर्मा ने वेबसाइट पर उनके खाते में लगातार मुनाफा दिखाया जाता था, जिससे उनका भरोसा बढ़ता गया। महिला व्हाट्सएप कॉल और चैट के जरिए लगातार अधिक धन निवेश करने का दबाव बनाती रही।

केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान से हो बिजली मीटर की जांच

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 84 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जा चुके हैं और ज्यादातर उपभोक्ताओं द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में असामान्य वृद्धि तथा तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं। इसलिए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की स्वतंत्र टाइप टेस्टिंग केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु से कराई जानी चाहिए। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि डेटा ट्रांसमिशन, रिमोट कम्युनिकेशन, प्रीपेड बैलेंस, बिलिंग और सर्वर प्रोसेसिंग में कहीं कोई तकनीकी त्रुटि तो नहीं है। उन्होंने मांग की स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के सैंपल सीधे उपभोक्ताओं के परिसरों से उठाकर स्वतंत्र रूप से बेंगलुरु भेजे जाएं, ताकि वास्तविक परिस्थितियों में कार्य कर रहे मीटरों की निष्पक्ष जांच हो सके।

इससे यह स्पष्ट होगा कि उपभोक्ताओं द्वारा उठाई जा रही शिकायतों में कितनी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया में उपभोक्ता संगठनों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा नियामक आयोग के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं विश्वसनीय बन सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना परिषद की प्राथमिकता है और यदि आवश्यकता पड़ी तो इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्याः** 38 वर्ष 2026; **कार्य का विवरणः** लखनऊ डिवीजन में विभिन्न सीटीआर–टीटीआर और अन्य इंजीनियरिंग कार्यों से संबंधित सिग्नलिंग कार्य। **अनुमानित लागत(₹):** ₹4,30,37,394.94; **बयाना राशिः** ₹8,60,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹00.00; **कार्य समापन अवधिः** 09 माह; **निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 04.06.2026 को 15:00 बजे। **नोटः** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
मुजाधि/सिग्नल–30 वमसिदूई, लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–प्रापण निविदा सं.: उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-04-2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:–
क्रम सं.-1, खुली निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-एलजेएन-04-2026, दिनांक 07-05-2026, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में एटा–कासगंज नई लाईन परियोजना के अन्तर्गत कासगंज यार्ड में इलेक्ट्रानिक इण्टरलॉकिंग (इ.आई.) भवनों तथा सम्बन्धित सिविल एवं ट्रैक कार्यो का प्रावधान। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 14,32,48,834.36, बयाना राशिः ₹ 28,65,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः -निल-, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अठारह) माह। • क्रम सं.-1, ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 29-05-2026 समय 15:00 बजे तक है तथा उसी दिन 15:30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* अथवा वेबसाइट *www.ner.indianrailways.gov.in* पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I,
मुजाधि/डब्लू-92 लखनऊ जं.
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

शहर में 20 हजार ई-रिक्शा, लेसा ने नहीं बनाया चार्जिंग स्टेशन

लखनऊ। शहर में ई-रिक्शा गली मुहल्लो से लेकर मुख्य सड़क पर भी धडल्ले से चल रहा है। ज्यादा संख्या में ई-रिक्शा के चलने से सड़क पर जाम लग जा रहा है। ई-रिक्शा जाम लगाने के साथ ही घरेलू बिजली कनेक्शन से ई-रिक्शा भी चार्ज कर रहे है। जिससे बिजली विभाग को माह में लाखो रुपये का नुकसान हो रहा है।

लेसा ट्रांस गोमती के मुख्य अभियंता ने बताया कि घरेलू बिजली कनेक्शन से ई-रिक्शा चार्ज नही किया जा सकता है। शहर में ई-रिक्शा हजारो की संख्या में चल रहे है। ई-रिक्शा चलाने वाले किसी भी वाहन मालिक ने कोई भी ई-चार्जिंग प्वाईट कनेक्शन नही लिया है। ऐसे में 20 हजार से अधिक ई-रिक्शा या तो घरेलू बिजली कनेक्शन से चल रहे है नही तो कटिया कनेक्शन से चल रहे है। ई-रिक्शा प्रति दिन लखनऊ में आरटीओं आकड़ो के मुताबिक 12 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो रहे है। सबसे ज्यादा बीकेटी, चिनहट, गोमतीनगर, और सरोजनीनगर में ई-रिक्शा चार्ज हो रहे है।

जब इस बारे में बिजली विभाग के एक अधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि रात 10 बजे के बाद ई-रिक्शा चार्ज होना शुरु होता है और सुबह 4 बजे हटा दिया जाता है इसलिए कोई भी बिजली अधिकारी इस खेल को पकड़ नही पता है। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए लेसा को जगह-जगह चार्जिंग स्टेशन बनाना चाहिए। स्टेशन बनने से पता चल सकेगा कि कितने वाहन मालिक चार्जिंग स्टेशन पर ई-रिक्शा चार्ज कराने आते है।

ई-रिक्शा घरेलू कनेक्शन से जार्च हो रहा है तो गलत है इसकी जांच कर वाहन मालिको के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा।
लेसा सिस गोमती
मुख्य अभियंता

बिजली बिल में मकान मालिक का मोबाइल नं. होगा फीड

लखनऊ।

इंसानी रिश्तों, प्यार और त्याग की कहानी है मर्सी : मितुल पटेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म मर्सी को दर्शकों का जबरदस्त और भरपूर प्यार मिल रहा है। यह फिल्म अपने संवेदनशील विषय और गहरी कहानी की वजह से लगातार चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक और लेखक मितुल पटेल ने खास बात की। इस दौरान उन्होंने अपनी क्रिएटिव जर्नी, फिल्म की प्रेरणा और इसके पीछे की सोच को बेहद ईमानदारी और विस्तार से साझा किया, उन्होंने यह भी बताया कि कैसे यह फिल्म उनके लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा रही है।

आपने इतने अलग और गंभीर विषय को चुनने का फैसला क्यों किया ?

सच कहूं तो एक लेखक के तौर पर मुझे सबसे ज्यादा आकर्षण संघर्ष में मिलता है. इस कहानी में एक बेटे को अपनी मां को लेकर बहुत बड़ा फैसला लेना पड़ता है। मुझे इससे बड़ा भावनात्मक संघर्ष नहीं लगा, इसलिए मैं इस कहानी की तरफ खिंच गया। मैंने कभी यह नहीं सोचा कि कौन-सा जॉनर ज्यादा चलेगा या किस तरह की फिल्म ज्यादा दर्शक लाएगी। मेरे लिए सबसे जरूरी था एक ऐसी कहानी कहना, जिसे लिखते और बनाते समय मैं खुद जुड़ा रहूं।

इस कहानी की प्रेरणा आपको कहां से मिली ?

करीब साढ़े तीन साल पहले मैंने परेश रावल जी का एक इंटरव्यू देखा था. उसमें उन्होंने अपनी मां से जुड़ा एक भावुक अनुभव साझा किया था, उनकी एक बात मेरे दिल में उतर गई, वहीं से इस फिल्म की शुरूआत हुई। मुझे लगा यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि इंसानी रिश्तों, प्यार और त्याग की कहानी है।

फिल्म में दर्द, खामोशी और इमोशन बहुत गहराई से नजर आते हैं. इसे स्क्रीन पर लाना कितना मुश्किल था ?

जब आप लिखते हैं तो सिर्फ उम्मीद में लिखते हैं. आप अकेले होते हैं और सोचते हैं कि यह कैसा दिखेगा. लेकिन जब फिल्म बनती है, तब सौ और चीजें जुड़ जाती हैं—एक्टिंग, म्यूजिक, एडिटिंग, कैमरा, प्रोडक्शन डिजाइन, अगर इनमें से एक भी चीज कमजोर पड़ जाए तो इमोशन असर नहीं करता। इसलिए मेरा फोकस था कि हर विभाग अपना बेस्ट दे।

आपके इस फैसले को किस तरह प्रभावित किया और आपको आगे बढ़ने की हिम्मत कैसे दी ?

हां, कॉलेज के आखिरी सेमेस्टर में हमें ग्रुप प्रोजेक्ट के तौर पर फिल्म बनानी थी। मैं इस कहानी पर काम कर रहा था, लेकिन मुझे लगने लगा कि ग्रुप प्रोसेस में इसका असली इमोशन खो रहा है। वह फैसला मेरे लिए आसान नहीं था. मैं बहुत इमोशनल हो गया था. फिर मैंने स्क्रिप्ट दोबारा पढ़ी और महसूस किया कि मुझे इस पर पूरा भरोसा है, तभी तय किया कि इसे अपने तरीके से बनाऊंगा।

आपकी ज़िंदगी में सबसे बड़ी प्रेरणा कौन है ?

वैसे तो मेरी जिंदगी में कई ऐसे लोग हैं, जिन्हें मैं अपना ध्रुवतारा मानता हूं. उनमें मेरा दोस्त नीरज भी शामिल है, लेकिन अगर एक नाम लेना हो, तो मैं अपनी मां का नाम लूंगा. वह हमेशा सही इरादे से सलाह देती हैं. हो सकता है हर बार सलाह न हो, लेकिन उनकी नीयत हमेशा साफ और सही होती है. मेरे माता-पिता और कुछ करीबी दोस्त ऐसे लोग हैं, जिन पर मैं आंख बंद करके भरोसा कर सकता हूँ. वह अनुभव बहुत था। एक लड़का जो सूरत से आया हो, उसने कभी नहीं सोचा था कि कान्स जैसे मंच पर खड़ा होगा, वहां ए.आर. रहमान और प्रभुदेवा जैसे दिग्गज मौजूद थे. शुरूआत में मुझे इम्पोस्टर सिंड्रोम भी हुआ कि मैं यहां क्या कर रहा हूं. लेकिन फिर लगा कि असली ग्रोथ तभी होती है, जब आप खुद को मुश्किल परिस्थितियों में रखते हैं।

क्या कभी आपकी उम्र या अनुभव को लेकर किसी ने सवाल उठाया ?

मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि मुझे इतने शानदार और अनुभवी कलाकार मिले। वे अपने काम को बखूबी जानते थे, इसलिए मुझे उन्हें सिर्फ सही दिशा देनी थी। जब कलाकार अपने किरदार को अच्छी तरह समझते हैं, तो निर्देशक का काम काफी आसान हो जाता है। मैं चाहता था कि उन्हें खुलकर काम करने की आजादी मिले, ताकि वे अपने किरदार में पूरी तरह ढल सकें। जहां तक मेरी उम्र और अनुभव की बात है, तो हैरानी की बात है कि किसी ने कभी इस पर सवाल नहीं उठाया. सबने मुझ पर पूरा भरोसा किया. आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो खुद सोचता हूं कि उन्होंने मुझ पर इतना विश्वास कैसे किया. शायद उन्हें मेरे विजन पर भरोसा था. अगर मुझे हर किसी को अलग से कन्वेंस करना पड़ता, तो फिल्म बनाना मेरे लिए बहुत मुश्किल हो जाता।

इच्छामृत्यु जैसे विषय पर आपकी निजी राय क्या है ?

मेरा मानना है कि हर मामला अलग होता है, इसलिए एक जवाब सब पर लागू नहीं हो सकता. अगर कोई व्यक्ति होश में है, दर्द में है, तकलीफ में है, तो उसकी इच्छा बहुत महत्वपूर्ण होनी चाहिए. लेकिन मैंने फिल्म में कोई फैसला थोपने की कोशिश नहीं की. मैंने सिर्फ अलग-अलग नजरिए दिखाए हैं, ताकि दर्शक खुद सोचें कि सही क्या है।

'धुरंधर 2' सॉन्ग 'दिल पे जख़्म खाते हैं' के भोजपुरी वर्जन के दीवाने हुए फैन्स

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' को रिलीज हुए 44 दिन गुजर गए हैं और फिल्म अब भी सिनेमाघरों में कमाल दिखा रही है। 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' ने जहां अपनी कहानी के लिए तारीफें बटोरी हैं वहीं इन दोनों फिल्मों के गाने की भी खूब वाहवाही हुई है। आज यहां हम लेकर आए हैं 'धुरंधर 2' के गानों का भोजपुरी वर्जन, जिसे सुनकर एक पल के लिए आप असली गाने की लाइन ही भूल जाएंगे।

भोजपुरी सिनेमा की दुनिया में भी इन दिनों 'धुरंधर' का खूब जादू चला है। भोजपुरी गाने के माहिर सिंगर ने हाल ही में 'धुरंधर 2' के पॉप्युलर गानों का भोजपुरी वर्जन अपने अंदाज में पेश किया, जिसपर उन्हें खूब तारीफें मिल रही हैं। जहां उनकी आवाज और इस क्रिएटिविटी की लोग तारीफें करते नहीं थक रहे वहीं कुछ ने कहा है कि उनका गाना सुनकर रियल लिरिक्स उनकी यादों से निकल गया है। 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह पर फिल्माया गाना 'जान से गुजरते हैं' को मृत्युंजय ने भोजपुरी में बड़ी ही खूबसूरती से गाया है। इस रियल गाने की लिरिक्स नुसरत फतेह अली खान ही है। खान साब और शाश्वत सचदेव के इस ऑरिजनल गाने की लाइनें कुछ इस तरह से है-दिल पे जख़्म खाते हैं, जान से गुजरते हैं जुर्म सिर्फ इतना है, तुमको प्यार करते हैं वहीं मृत्युंजय ने भोजपुरी में इस लाइन को कुछ इस तरह बदला है कि लोग जमकर तारीफें कर रहे हैं। लोग कह रहे हैं- भोजपुरी अंदाज में आपका सॉन्ग दिल में उतर गया मेरे भाई। एक और ने कहा- काबिले तारीफ है भाई साहब। एक ने कहा- फाइनली मिल गया डब करने वाला। इससे पहले उन्होंने 'धुरंधर' का 'गहरा हुआ' गाने का भोजपुरी भी सुनाया है। उनके गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब तारीफें दी। एक ने कहा- भोजपुरी भाषा को ऊंचाई देने के लिए दिल से आभार।

अपरा एकादशी 13 को, भक्त करेंगे भगवान विष्णु की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना गया है, और इन्हीं में से एक है अपरा एकादशी। वैदिक पंचांग के अनुसार यह व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है और इसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। अपरा एकादशी का संबंध मुख्य रूप से भगवान विष्णु की पूजा और आराधना से है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत और पूजा करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। धार्मिक ग्रंथों में इस एकादशी को अपराधों का नाश करने वाली एकादशी भी कहा गया है। इस साल अपरा एकादशी का व्रत 13 मई को रखा जाएगा। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर अपरा एकादशी व्रत किया जाता है। इस तिथि की शुरूआत 12 मई को दोपहर 02 बजकर 52 मिनट पर होगी। वहीं, समापन 13 मई को दोपहर 01 बजकर 29 मिनट पर होगा। ऐसे में 13 मई को अपरा एकादशी मनाई जाएगी।

अपरा एकादशी का धार्मिक महत्व: अपरा एकादशी के दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ, गंगा स्नान और तीर्थ यात्रा के समान पुण्य फल प्राप्त होने की मान्यता है। साथ ही यह व्रत विशेष रूप से उन लोगों के लिए फलदायी माना गया है, जो अपने जीवन में किए गए पापों से मुक्ति पाना चाहते हैं। साथ ही, यह व्रत जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाने वाला माना गया है। इस दिन व्रत के साथ दान-पुण्य, कथा श्रवण और भजन-कीर्तन करने से कई गुना अधिक फल मिलता है।

पूजा विधि: सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें, स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की मूर्ति/चित्र स्थापित करें। गंगाजल से अभिषेक करें, पीले फूल, तुलसी दल, चंदन, धूप, दीप और मिठाई (जैसे बेसन के लड्डू या खीर) का भोग लगाएं। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का 108 बार जाप करें। अपरा एकादशी व्रत कथा का पाठ करें और आरती करें। अगले दिन (14 मई) शुभ मुहूर्त में पारणा करें और जरूरतमंदों को दान दें।

अपरा एकादशी के उपासक को पूजा का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। सभी अनुष्ठानों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए। इस व्रत का पालन करने वाले को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिए। भक्त को भगवान विष्णु को तुलसी के पत्ते, फूल, धूप और दीप अर्पित करने चाहिए। इस अवसर के लिए मिठाई तैयार की जाती है और प्रभु को अर्पित की जाती है। श्रद्धालु अपरा एकादशी व्रत कथा या कथा का भी पाठ करते हैं। फिर आरती की जाती है और अन्य भक्तों के बीच 'प्रसाद' बांटा जाता है। भक्त शाम को भगवान विष्णु के मंदिरों में भी जाते हैं। इस एकादशी का व्रत 'दशमी' से शुरू होता है। इस दिन भक्तजन केवल एक समय भोजन करते है ताकि एकादशी के दिन पेट खाली रहे। कुछ भक्त कड़े उपवास रखते हैं और बिना कुछ खाए-पिए दिन बिताते हैं। जबकि आंशिक व्रत उन लोगों के लिए भी रखा जा सकता है जो सख्त उपवास का पालन करने के लिए अयोग्य हैं। वे पूरे दिन 'फलाहार' कर सकते हैं।

एकादशी का शुभ मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त झ सुबह 04 बजकर 08 मिनट से 04 बजकर 50 मिनट तक
- विजय मुहूर्त झ दोपहर 02 बजकर 33 मिनट से 03 बजकर 27 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त झ शाम 07 बजकर 02 मिनट से 07 बजकर 23 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त झ रात 11 बजकर 56 मिनट से 12 बजकर 38 मिनट तक

मई का पहला प्रदोष व्रत 14 को, विधि-विधान से होगी शिवजी की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू पंचांग में प्रदोष व्रत भगवान शिव की आराधना के सबसे महत्वपूर्ण व्रतों में से एक माना जाता है। हर महीने कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन संध्या काल में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं, पापों का नाश होता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मई 2026 में भी श्रद्धालुओं को शिव आराधना के दो विशेष अवसर मिलेंगे, क्योंकि इस महीने दो प्रदोष व्रत पड़ रहे हैं। मई 2026 में दोनों प्रदोष व्रत गुरुवार के दिन आ रहे हैं, इसलिए इन्हें गुरु प्रदोष व्रत कहा जाएगा। गुरुवार का संबंध गुरु ग्रह, ज्ञान, धर्म और समृद्धि से माना जाता है, इसलिए इन व्रतों का महत्व और भी बढ़ जाता है। पहला प्रदोष व्रत (ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष) : 14 मई 2026, गुरुवार, दूसरा प्रदोष व्रत (ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष) : 28 मई 2026, गुरुवार को।

मई में कृष्ण पक्ष का प्रदोष व्रत: मई माह का पहला प्रदोष व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाएगा। इस दिन गुरु प्रदोष का योग बनने से इसे विशेष फलदायी माना जा रहा है।

प्रदोष काल का महत्व और पूजा विधि: प्रदोष व्रत में पूजा का सबसे शुभ समय सूर्यास्त का काल होता है, जिसे प्रदोष काल कहा जाता है। यह समय आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर माना जाता है। सामान्यतः सूर्यास्त से लगभग डेढ़ घंटे पहले और डेढ़ घंटे बाद तक पूजा का विशेष महत्व रहता है। व्रती सुबह स्नान कर संकल्प लें और दिनभर सात्विक आहार या उपवास रखें। शाम के समय शिव मंदिर जाएं या घर में शिवलिंग स्थापित कर अभिषेक करें। जल, दूध, शहद, गंगाजल, बेलपत्र, अक्षत और सफेद पुष्प अर्पित करें। इसके बाद शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र या प्रदोष व्रत कथा का श्रवण करना शुभ माना जाता है।

क्यों खास होता है गुरु प्रदोष व्रत: ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब प्रदोष व्रत गुरुवार को पड़ता है तो यह विशेष रूप से ज्ञान, गुरु कृपा, संतान सुख और आर्थिक उन्नति देने वाला माना जाता है। मान्यता है कि नियमित रूप से प्रदोष व्रत करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और भगवान शिव की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मई में दूसरा प्रदोष व्रत

- त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ: 28 मई, सुबह 07:56 बजे
- त्रयोदशी तिथि समाप्त: 29 मई, सुबह 09:50 बजे
- प्रदोष पूजा मुहूर्त: शाम 07:19 बजे से 09:19 बजे तक
- पूजा अवधि: 02 घंटे 01 मिनट

मई का दूसरा प्रदोष व्रत ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाएगा। यह भी गुरु प्रदोष होने के कारण विवाह, करियर और भाग्य वृद्धि के लिए विशेष शुभ माना जाता है।

शुभ मुहूर्त

- त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ: 14 मई, सुबह 11:20 बजे
- त्रयोदशी तिथि समाप्त: 15 मई, सुबह 08:31 बजे
- प्रदोष पूजा मुहूर्त शाम 07:10 बजे से 09:14 बजे तक
- पूजा अवधि: 02 घंटे 04 मिनट

मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित करने से मानसिक तनाव, बाधाएं और आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं।

गीत व नृत्य से सजी लोक कला उत्सव की शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लुप्त हो रही लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में प्रयासरत ऋचा मुनालश्री ट्रस्ट द्वारा लोक कला उत्सव का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान सभागार में किया गया।

मुख्य अतिथि रितु शाही सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश तथा पूर्व पार्षद हेमा सनवाल द्वारा दीप प्रजनन करके किया गया मदर दिवस के उपलक्ष में 25 वरिष्ठ महिलाओं द्वारा प्रतियोगिता प्रभारी संध्या रावत के निर्देशन में कैटवॉक किया गया मुनाल रंग मंडल के कलाकार रंग मंडल प्रमुख मुनालश्री विक्रम बिष्ट के निर्देशन में तथा वरिष्ठ लोक गायिका ऋचा जोशी के संगीत संयोजन में गायन वादन नृत्य के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के विद्वानों को सम्मानित भी किया गया जिसमें कथक गुरु रुचि खरे, कैप्टन किरण शुक्ला, शिक्षाविद मंजू घिल्डियाल, समाजसेवी अरुण सक्सेना को अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र से मुनालश्री विक्रम बिष्ट व मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया गया मुनालश्री विक्रम बिष्ट तथा श्री मनोज रावत ने अतिथियों का स्वागत तथा संचालन डॉक्टर मानसी बिष्ट ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरदोई से आए अतिथि कलाकार मोहम्मद उस्मान हैदर तथा अंकिता सिंह ने मां तू कितनी अच्छी है गीत से शुरूआत किया।

रंग मंडल के कलाकारों ने नृत्य नाटिका कृष्ण लीला गोवर्धन धारण नृत्य निर्देशन साक्षी त्रिपाठी के निर्देशन में मानसी सिंह, अहजा मंशिका कन्नौजिया, ईशिता निगम, वान्या, सान्वी, देवयानी बलूजा गार्गी सिंघल ने सुंदर नृत्य भाव किया संस्कृति विभाग से जुड़े कलाकार नीतिका सिंह, हर्षिता बिष्ट, मंदाकिनी बहुगुणा, रंजना शर्मा, अनुपम श्रीवास्तव, दिशा प्रगति फाउंडेशन, हार्ट एंड सौल, नूपुर संस्थान, नृत्यांजलि डांस अकैडमी आदि ने भी अपनी विभिन्न कला का मनमोहन प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने गायन वादन नृत्य की प्रतियोगिता में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें निर्णायक मंडल में यशभारती सम्मानित ऋचा जोशी, परमा जौहरी, विभा नौटियाल आदि ने निर्णय दिया कार्यक्रम की सफलता के लिए मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें अपनी कल का प्रदर्शन करने के लिए संस्था को धन्यवाद दिया इस अवसर पर निधि श्रीवास्तव सीमा तिवारी अनुपमा वर्मा संजना विवेक कुमार पुनीत तिवारी निलेश कुमार किशन कुमार उदय वैशाली अन्य आदि उपस्थित रहे।

चबूतरा थियेटर पाठशाला में गूंजी मुंशी प्रेमचंद की कालजयी रचना 'सुभागी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मदर सेवा संस्थान के तत्वावधान में कोटवा, बख्शी का तालाब स्थित 'चबूतरा थियेटर पाठशाला' में युवाओं के लिए एक विशेष नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'सुभागी' का नाट्य पाठ किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध युवा रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता महेश चंद्र देवा ने किया। उन्होंने उपस्थित 20 से अधिक बच्चों और युवाओं को थियेटर की बारीकियों से रूबरू कराया। नाट्य पाठ से पूर्व सभी कलाकारों ने अभिनय के मुख्य स्तंभों—'वॉयस मॉड्यूल' (आवाज का उतार-चढ़ाव) और 'बॉडी मूवमेंट' (शारीरिक संचालन) का कड़ा अभ्यास किया। महेश चंद्र देवा ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को तराशना और उन्हें मंच प्रदान करना है। नाट्य पाठ के दौरान युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पात्रों के माध्यम से प्रेमचंद के सामाजिक संदेश को जीवंत किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के सदस्यों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान का लक्ष्य युवाओं को थियेटर के माध्यम से कला और समाज से जोड़ना है। जिसमें सुधीर, लवकुश, अंजलि, अनुष्का, आशी, अंकेश, विशाल, राजवीर, अनुराग, कृष्णा, सुमित, अनुज, प्राची आदि युवा कलाकार उपस्थिति थे।

शहीदी दिवस को समर्पित श्री सुखमनी साहिब का पाठ शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में आज गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी दिवस को समर्पित सुखमनी साहिब जी के लड़ीवार पाठ की शुरूआत प्रातः 5:00 बजे हुई।

गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ प्रातः 5:00 बजे से लेकर प्रात 7:00 बजे तक लगातार 40 दिन होंगे एवं 18 जून को श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस वाले दिन पाठ की समाप्ति होगी। इस अवसर पर 40 दिन लगातार कच्ची लस्सी की छबील लगाई जाएगी एवं गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा।

जहांगीर ने सन 1606 में गुरु अर्जन देव जी को यासा के नियम के तहत शहीद करने का फरमान जारी किया था, यासा में शहीद के खून की बूंद जमीन पर नहीं गिरती गुरुजी को गर्म तवे पर बैठाकर शहीद किया गया। गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश (जन्म) पंजाब के गोइंदवाल नगर जिला तरनतारन मे 1563 को पिता गुरु रामदास जी और माता भानी जी के घर हुआ।

गुरु अर्जन देव जी की जिंदगी, आदर्श और योग्यता को देखते हुए गुरु रामदास जी ने उन्हें गुरता गद्दी की बख्शीश की। गुरु अर्जुन देव जी ने अपने जीवन में मानवता के भले के लिए अनेक कार्य किए और हमेशा ही सबको भले के कार्य करने का उपदेश दिया हैं उन्होंने पहले 4 गुरुओं की और भक्तों की वाणी को एक जगह एकत्र करके आदि बीड़ की संपादना की। गुरु अर्जुन देव जी का जीवन हम सबके लिए मार्गदर्शक है जो हमें जिंदगी जीने का तरीका सिखाता है, कि मुसीबत के समय हमें एक दूसरे का सहारा बनना चाहिए, गुरबाणी ज्ञान को ही हमारी सबसे बड़ी अमीरी बताया है। हम सबको गुरबाणी के साथ जुड़ना चाहिए और गुरु उपदेश को अपने जीवन में कमाना चाहिए।

गोल्डी यादव और प्रिया सिन्हा गाना 'बोलिया लागे गोलिया' हुआ रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी सिने जगत में वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के एमडी रत्नाकर कुमार ने भोजपुरी में देसी गाने, पारंपरिक गाने, भोजपुरी कल्चर से जुड़े गाने बनाकर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में मिसाल कायम किया है और नई दिशा दिया है. ऐसे में भोजपुरी सिंगर गोल्डी यादव की खूबसूरत आवाज म गाया हुआ और एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा की अदाकारी से सजा हुआ भोजपुरी लोकगीत 'बोलिया लागे गोलिया' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है. इस गाने को सिंगर गोल्डी यादव मधुर आवाज में गाकर सबका मन मोह रही हैं. वहीं इस गाने के वीडियो में एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा देसी ठुमका लगाकर बिजली गिरा रही हैं. उनका शानदार परफॉर्मेंस देखते ही बन रहा है. वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा को ससुराल में सास, देवर, ननद बहुत परेशान करते हैं, जिससे तंग आकर प्रिया अपने मायके चली जाती है और अपने पति को फोन पर अपनी आप बीती बयां करते हुए कहती है कि...'सास देले गारी, देवर मारे ताना, जाके बाहर रहातारा ये हो मदार्ना, सुने गांव टोलिया राजा, ननदो के बोलिया राजा, लागेला गोलिया राजा...। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत 'बोलिया लागे गोलिया' के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं. इस गीत को सिंगर गोल्डी यादव ने बुलंद आवाज में गाया है।

बेरिया की बेरि तुही बरजेहु बाबा...

गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशाला का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला के दसवें दिन वरिष्ठ गायिका इन्दिरा श्रीवास्तव जी के आवास पर सभी प्रशिक्षु अलग अलग गीत माइक पर सुनाए। जिससे उनकी तैयारी का अनुमान लग सके। सभी नए सिखने वाले साउंड और माइक के साथ गाकर बहुत आत्मविश्वास की अनुभूति कर रहे थे और सभी लोग पारंपरिक गीत से जुडकर संकल्प लिए की इसे आगे की पीढी को हस्तांतरित करना है।

अध्यक्ष रंजना मिश्रा ने बताया कि इसकी प्रस्तुतीकरण 12 मई को पुराना हनुमान सेतु मंदिर में सुन्दर काण्ड और भजन के साथ होगा जिसमे सिखाए गए राम जी, हनुमान जी के भजन श्री राम जय राम, रामहि ही राम लखन लागी जिभिया व विवाह गीत बेरिया की बेरि तुही बरजेहु बाबा, पचरा गीत सुमिरिला शारदा भवानी पत राखा महारानी...एवं रटन लागी जिभिया...लोक भजन गाएंगी। जिससे आने वाली पीढ़ी अपनी लोक परंपरा से परिचित हो सके, कार्यशाला में सिखाई जाने वाली विधा है विवाहगीत, बधाई गीत, दादरा, पचरा, सोहर, नकटा, सरिया, लोक भजन प्रस्तुति में आशा तिवारी, सुनीता चौरसिया, रीना सिंह, कुमकुम मिश्रा अल्पना श्रीवास्तव, डॉ.सुषमा रस्तोगी, रंजना सिंह, रमा सिंह, सुषमा सक्सेना नवनीता जफा, अनुराधा गुप्ता, अमिता द्विवेदी, भावना शुक्ला, आभा मिश्रा, आभा शुक्ला, सुनीता निगम, रेनुका त्रिपाठी सहित अनेक महिलाये जुडी हैं, ढोलक पर विशाल मिश्रा एवं कीबोर्ड पर शंकर दूबे ने संगत की।

संक्षेप

नदी में नहाने गये दो युवकों की डूबकर मौत

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र में गोमती नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि परिजनों में कोहराम छा गया। घटना पुराने पुल के समीप की बताई जा रही है। हीरापुर मचहटी गांव निवासी 18 वर्षीय प्रवेश यादव और 20 वर्षीय शिवम चैरसिया अपने कुछ साथियों के साथ दोपहर में गोमती नदी पर स्नान करने पहुंचे थे। नहाने के दौरान दोनों युवक अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ मौजूद दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद मौके पर शोरगुल मच गया।आवाज सुनकर आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत नदी किनारे पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को पानी से बाहर निकाला। हालत गंभीर होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरीबारी डोभी ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। मृतक प्रवेश यादव के पिता मुंबई में रहकर काम करते हैं, जबकि शिवम चौरसिया का परिवार वाराणसी में निवास करता है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

लूटने वाले दो लोगों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद थाना पुलिस ने रविवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास मोबाइल तथा नगदी लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के लाडनपुर गांव निवासी सक्षम श्रीवास्तव शहर के लाइनबाजार से अपने घर आ रहे थे ।ऊक्त स्थान पर दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया ।दोनो ने सक्षम श्रीवास्तव का मोबाइल तथा छह सौ रुपये छीन लिया ।विरोध करने पर उसकी मारा पीटा ।पीड़ित ने शनिवार को घटना की तहरीर दिया ।थानाप्रभारी ट्रेनी आईपीएस श्रुष्टि जैन ने सहयोगी थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल व चैकी प्रभारी राधेश्याम सिंह को घटना का पदार्फाश करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष श्री शुक्ल ने पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर स्थानीय स्टेशन के पास दो युवकों रवी सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी वाजिदपुर तथा पुनीत अस्थाना पुत्र दिनेश चंद्र अस्थाना को गिरफ्तार किया ।उनके पास से सक्षम श्रीवास्तव की लूटी गई मोबाइल तथा छह सौ रुपये भी बरामद हुए ।थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि शनिवार को मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के आरोपी मोबाइल व नगदी सहित गिरफ्तार कर लिये गए।

महिलाएं आज देंगी धरना

जौनपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभसा में महिला आरक्षण लागू करने के लिए मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में बिल लाया था सपा, काग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने गैर जिम्मेदाराना रवैये के साथ इसके विरोध में मतदान किया विपक्ष का यह कृत्य महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है, देश भर की महिलाओं के मन में काग्रेस, सपा, तथा विपक्षी पार्टियों के प्रति गहरा आक्रोश है। पंकज मिश्रा ने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा एवं विधानसभा में लागू किए जाने का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के विरूद्ध महिला बहनों द्वारा क्रमिक धरना का कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन 11 मई से 15 मई तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक कृषि भवन के बगल में स्थित लोहिया पार्क में किया जाएगा।

धूमधाम से मना मदर्स डे, बच्चों ने दी प्रस्तुति

सोनभद्र। प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में 10 मई रविवार को बड़े उत्साह के साथ इंटरनेशनल मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने अपनी मां के सम्मान में नृत्य और उंगली पकड़ के मां, जन्म-जन्म, मां तू कितनी अच्छी है आदि गाने प्रस्तुत किये। छात्रों ने अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए सुन्दर कार्ड भी बनाए। विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन ने अपने संबोधन में कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं, और उनका सम्मान करना प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है। उन्होंने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को सदैव अपने माता-पिता का आदर करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं और उनका स्थान सबसे ऊंचा होता है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम टैगोर नगर में स्थित प्रकाश जीनियस किड्स स्कूल में भी मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों की माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अंबर उपाध्याय, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र यादव, शिक्षिकाएं साधना पांडे, पूनम, शिखा, श्रद्धा मिश्रा, आकांक्षा मोदनवाल, दीप्ति, छाया गुप्ता, सीता पांडे, अदिति सिंह उपस्थित रहे।

बच्चों ने मनाया मदर्स डे

सोनभद्र। परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इण्टर कॉलेज कबरी सोनभद्र के बच्चों ने मदर्स डे पर रविवार को हर्षोल्लास के साथ सेलीब्रेट किया। बच्चे अपनी-अपनी माताओं का चित्र विद्यालय में लाकर आदर पूर्वक सम्मान दिया। जहां अभिनय के माध्यम से मां का बच्चों के प्रति प्यार दुलार को दशार्या, वहीं दूसरी तरफ बच्चों ने भी अपने अभिनय के द्वारा मां के प्रति प्रेम को प्रकट किया। प्रबंधक डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने बताया कि ह्यमदर्स डेह्न के अवसर पर विभिन्न आयोजन किया गया। बच्चों के साथ ही अध्यापक/अध्यापिकाओं ने भी अपने अभिव्यक्ति के माध्यम से मां के प्रति बच्चों के कर्तव्य का बोध कराया। इस प्रकार के एक्टिविटीज के माध्यम से मां तथा बच्चों के बीच सम्बन्ध को प्रगाढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर संरक्षक सुरेश तिवारी, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चतुवेर्दी, श्रवण कुमार, अनुराग त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

उत्साह के साथ मना मदर्स डे

आजमगढ़। सेंट जेवियर्स स्कूल, सम्मोपुर में मदर्स डे समारोह बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सभी माताओं के सम्मान में पुष्प वर्षा के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं और उल्लास से भर उठा। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं को समर्पित मनमोहक गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं ओपन स्टेज ग्रुप डांस का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भरपूर आनंद उठाया। पूरा समारोह हँसी, खुशी और प्रेम से सराबोर रहा। समारोह में प्रबंधन पक्ष की प्रथम महिलाएँ नयनतारा जायसवाल, स्नेहा जायसवाल, अनीता जायसवाल एवं रिंकी जायसवाल अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ मौजूद रहीं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय पांडेय, उप-प्रधानाचार्य संजय पांडेय तथा समन्वयक श्रीमती शालिनी त्रिपाठी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी स्नेहमयी उपस्थिति और सहभागिता ने इस आयोजन को सफल एवं अविस्मरणीय बना दिया।

कब्रिस्तान से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

आजमगढ़। जनपद के निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहां बाजार में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी, जिसके शव को दफना दिया गया था। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद प्रशासन ने रविवार को कब्रिस्तान से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे फरिहां बाजार में बिना नंबर प्लेट की तेज रफ्तार थार वाहन ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार शमशाद उर्फ गुड्डू (50 वर्ष) पुत्र फरियाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बताया गया कि इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही शमशाद की मौत हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह-समझौता हो गया और परिजनों ने अपने रीति-रिवाज के अनुसार शव को गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया। इसी बीच मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को हुई, जिसके बाद डीएम के आदेश पर रविवार दोपहर करीब 1 बजे निजामाबाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ फरिहां गांव के कब्रिस्तान से शव को बाहर निकलवाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस, आजमगढ़ भेज दिया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सामूहिक सूर्य नमस्कार

जौनपुर। वीरता, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाराणा प्रताप पार्क, कालीचाबाद में दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शानू सिंह, प्रदेश संयोजक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।इसके पश्चात योग गुरु जय सिंह के मार्गदर्शन में उपस्थित युवाओं एवं कार्यकताओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर युवाओं को यह संदेश दिया गया कि महाराणा प्रताप जन्म से नहीं, बल्कि अपने संघर्ष, अनुशासन, त्याग और निरंतर अभ्यास से महान बने थे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि ह्यस्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होते हैं तथा सूर्य नमस्कार भारतीय संस्कृति, स्वास्थ्य और आत्मबल का अद्भुत माध्यम है ह्व सचिन सिंह, आयुष, अंशुमान, शिवांश, हर्षवर्धन, नमन, अभिषेक, हर्ष, आरव, प्रिंस सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

भाई की जमीन पर जबरन निर्माण का आरोप

जौनपुर। जमीन विवाद का मामला एक बार फिर सामने आया है। बक्शा थाना क्षेत्र के ग्राम मई निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही बड़े भाई पर पुश्तैनी जमीन पर जबरन निर्माण कराने और विरोध करने पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कई बार पुलिस से शिकायत करने के बाद अब अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। बक्शा थाना क्षेत्र के ग्राम मई निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पिता स्वर्गीय सुक्खूराम द्वारा खरीदी गई जमीन पर उसके बड़े भाई रामकृष्ण उर्फ पोड़ई जबरन निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित दधीच के अनुसार उक्त जमीन में तीन लोगों का हिस्सा है, जिसमें रामकृष्ण उर्फ पोड़ई, दीप नारायण गोसाई और स्वयं प्रार्थी शामिल हैं। आरोप है कि बिना सहमति के जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।प्रार्थी का कहना है कि जब उसने निर्माण कार्य का विरोध किया तो विपक्षियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत कई बार थाना बक्शा पुलिस से की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई ।थक-हारकर पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करते हुए जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने और आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है ।अब देखना होगा कि प्रशासन इस जमीन विवाद के मामले में क्या कार्रवाई करता है और पीड़ित को कब तक न्याय मिल पाता है।

ट्रैक्टर से दबकर एक की मौत, दूसरा गंभीर

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के अमावसपुर और सुरापुर गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट आने से बाइक सवार एक की मौत, जबकि दूसरा घायल हो गया ।इसी थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी 27 वर्षीय राजकुमार पुत्र इंद्रजीत साढ़ के 14 वर्षीय पुत्र ब्रजराज पुत्र भारत को बाइक से लेकर पुअराबुझा रहा था। इसी दौरान अमावसपुर और सूरापुर गांव के बीच ट्रैक्टर की चपेट में दोनों आकर गंभीर रूप से घायल हो गए । परिजन दोनों को जिला अस्पताल ले कर पहुंचे ।यहां पर डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत्य घोषित कर दिया जबकि ब्रजराज का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई मानों एक कोहराम मच गया।

नफरत की राजनीति कर रही भाजपा : जावेद आब्दी

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आब्दी का जौनपुर पहुंचने पर सपा कार्यकताओं ने स्वागत किया ।नगर के बारादुअरिया स्थित जिला सचिव मीर अफरोज हुसैनी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान मौलाना जावेद आब्दी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या कर खुलेआम वोटो की लूट कर भाजपा ने ममता बनर्जी को हरा कर सरकार बनाई है वह देश की जनता ने देखा है और उनके मंसूबे को कभी भी समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में कभी पूरा होने नहीं देगी । कहा कि जीत के नशे में भाजपा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी ने जिस तरह से मुसलमान को टारगेट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को गाजा बना देंगे या एक भारत के लोकतांत्रिक देश के लिए घातक है ।उनके इस बयान की जितनी निंदा की जाये कम है। इस पर पूरे देश में मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ।चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा व महिलाओं पर खास तौर अत्याचार हो रहे हैं वह पूरी दुनिया देख रही है । वह दिन दूर नहीं जब बीजेपी की सरकार को प्रदेश व देश से हटाने में समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी व कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा ऐसा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का वादा है। इससे पूर्व समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मीर अफरोज हुसैनी , आरिफ हबीब, अली मंजर डेजी,व अन्य कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री जावेद आब्दी का अंगवस्त्रम माल्यार्पण करके स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की पूरी टीम ने भी पूर्व मंत्री जावेद आब्दी का भी स्वागत किया।

डीएम ने शिकायत पर जेई को किया निलंबित

आजमगढ़। जनपद के ग्राम भुवना बुजुर्ग में 09 मई को आयोजित जन चैपाल के दौरान ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अवर अभियंता ब्रजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार, जन चैपाल के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार गांव का भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान गांव के निकट एलटी लाइन का तार टूटा हुआ पाया गया, जिससे बड़े विद्युत हादसे की आशंका बनी हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि लाइन को जोड़ने के लिए अवर अभियंता से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अमुआरी नरायनपुर पर तैनात अवर अभियंता ब्रजेश कुमार गांव में विद्युत चेकिंग के नाम पर वैध उपभोक्ताओं को परेशान करते थे, जबकि कटिया धारकों से अवैध वसूली की जाती थी। शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधीक्षण अभियंता विद्युत घनश्याम को तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड-सगड़ी की रिपोर्ट एवं मंडल कार्यालय की संस्तुति के आधार पर मुख्य अभियंता (वितरण) आजमगढ़ क्षेत्र से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल-प्रथम, आजमगढ़ ने अवर अभियंता ब्रजेश कुमार को प्रथम दृष्टया गंभीर कदाचार का दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में ब्रजेश कुमार को विद्युत वितरण खंड, आजमगढ़ के खंडीय कार्यालय से संबद्ध किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

अपहरण का दांव पड़ गया उल्टा, महिला यूट्यूबर सहित 6 को भेजा जेल

मीरजापुर। जिले में पुलिस ने एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए एक महिला यूट्यूबर सहित 6 को जेल भेजा है। आरोप है यह जमीन सहित कई मामलों में लोगों को अपने चंगुल में फांस कर पुलिस पर बेजा दबाव बनाकर अपना उल्लू सीधा करती थी। इस बार दबाव काम न आया तो अपहरण की झूठी साजिश रच गंभीर षडयंत्र रच डाला, लेकिन यह दांव उन्हीं के लिए घातक साबित हो गया।

पुलिस के मुताबिक इस मामले में अदलहाट थाना पुलिस व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विवेचना से पूर्व में थाना अदलहाट पर पंजीकृत अपहरण की घटना की जांच की गई तो मामला असत्य पाया गया, इस सम्पूर्ण प्रकरण में षडयंत्र करने वाले कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें वादिनी ही मुख्य साजिशकर्ता निकली है। गौरतलब हो कि मीरजापुर के राजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गरेरी-धौरहा मार्ग पर गरेरी गांव के समीप सड़क किनारे पुलिस के पास बीते बुधवार 6 मई की भोर में तकरीबन चार बजे एक 40 वर्षीया महिला संदिग्धावस्था में मिली थी जिसका हाथ-पैर रस्सी से एवं मुंह उसी के दुपट्टे से बंधा हुआ था। उधर से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी। महिला के कपड़ों से पेट्रोल की दुर्गंध आ रही थी कयास लगाए जा रहे थे कि उसे संभवतः जलाने की योजना रही। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को बंधन से मुक्त कराते हुए उसे उपचार के लिए भिजवाया था। बताया गया था एक सप्ताह पूर्व उसकी मां ने अदलहाट थाना पर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला की स्थिति सामान्य होने पर पूछताछ में उसने अपना नाम सरिता सिंह पटेल पत्नी सुभाष सिंह पटेल निवासिनी दिक्षितपुर थाना चुनार बताया गया था। जिसकी लिखित तहरीर पर उसी दिन अज्ञात लोगों के विरूद्ध वादिनी का अपहरण कर 04 दिन तक अज्ञात जगह पर छुपाकर रखने के सम्बन्ध में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई थी।

एसपी मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए घटना के शीघ्र खुलासा के लिए एसपी ऑपरेशन के नेतृत्व में टीमों का गठन कर यथाशीघ्र घटना के अनावरण व संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। एसपी के निर्देश पर एसपी ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में रविवार 10 मई 2026 को थाना अदलहाट व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना, साक्ष्य संकलन व भौतिक, इलेक्ट्रानिक, सर्विलांस साक्ष्यों के समीक्षा के आधार पर पाया कि अपहरण का यह असत्य है और पूरी तरह से मनगढ़ंत है, वह इस लिए कि जो भी व्यक्ति होगा वह अपहरण करने के पश्चात हाथ-पैर मुंह बांधकर पेट्रोल छिड़ककर चलता नहीं बनेगा। पुलिस टीम के लिए अपहरण की यह थ्योरी न केवल गले से नीचे उतर नहीं पा रही थी, दूसरे महिला के पूर्व से लेकर मौजूदा क्रियाकलापों, क्षेत्र में उसकी चल रही कार्य गतिविधियों पर नजर डाला तो सबकुछ विरोधाभासी यहां तक कि खुद महिला के बयान भी विरोधाभासी रहे हैं। फिर क्या था पुलिस टीम ने सम्पूर्ण घटनाक्रम में वादिनी सरिता द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर षडयंत्र कर पुलिस को मुकदमें में फंसाने का प्रयास करने का तथ्य प्रकाश में आया, षडयंत्र में शामिल प्रकाश में आये 6 लोगों क्रमशः सरिता सिंह पटेल पत्नी सुभाष सिंह पटेल निवासी दीक्षितपुर थाना चुनार, अमरदीप पुत्र स्वर्गीय कमल कुमार निवासी विशेषरपुर माफी थाना अदलहाट, विजय कुमार सिंह पुत्र बलबन्त सिंह निवासी थिरेसापुर अदलपुरा थाना चुनार, सुभाष पुत्र स्वर्गीय गंगाराम निवासी दीक्षितपुर थाना चुनार, अंकिता पत्नी विजेन्द्र निवासी रामपुर सक्तेशगढ़ थाना चुनार, सुनीता पत्नी संदीप निवासी खमवां जमूती थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया तथा सह-आरोपी अमरदीप की निशानदेही पर सरिता पटेल द्वारा पहचान छिपाने के लिए पहनी हुई साड़ी को बरामद किया गया है। एसपी आपरेशन ने बताया कि पुलिस द्वारा घटना के अनावरण में भौतिक व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के अवलोकन, समीक्षा व सह-आरोपी अमरदीप से पूछताछ पर पता चला कि वादिनी, मुख्य आरोपी सरिता पटेल एक यू-ट्यूबर है, जो चुनार पुलिस से कुछ लोगों को जेल भेजने के कारण नाराज थी, विभिन्न मुकदमों में पुलिस पर गलत कार्य करने तथा अपने मंशा के अनुरूप कार्यवाही करने का दबाव बनाती थी। जिस कारण वह अपने सह-आरोपी के साथ मिलकर पुलिस को मुकदमें में फंसाकर नाजायज धनउगाही की योजना बनायी थी।

अमेरिकी बंदरगाह से मर्चेंट नेवी का ऑफिसर लापता

- परिजनों ने भारत सरकार और एसपी मीरजापुर से लगायी गुहार

मीरजापुर। जनपद का एक मर्चेंट नेवी का अफसर अमेरिका के बंदरगाह से लापता हो गया है। जिसका रविवार को भी कोई पता नहीं चलने से परिजनों का जहां रो-रोकर बुरा हाल हो गया है वहीं उन्हें ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा रहा है। बताया गया है कि भारतीय मर्चेंट नेवी का यह अफसर अमेरिका के पेन्सिलवेनिया बंदरगाह से अपने तीन स्टाफ के साथ मॉल गया हुआ था। शिव कंपनी के अधिकारियों ने परिजनों को जब से यह जानकारी दी है तब से सभी घर के लोग परेशान हैं। परिजनों ने मिजार्पुर की एसपी अपर्णा रजत कौशिक सहित भारत सरकार एवं मिजार्पुर की सांसद अनुप्रिया पटेल के साथ विदेश मंत्री से बेटे को खोजने और उसकी वतन वापसी कराने की गुहार लगाई है। जिले के पड़री थाना क्षेत्र अंतर्गत चौहानपट्टी गांव के रहने वाले मर्चेंट नेवी के अफसर मनीष अमेरिका के पेंसिलवेनिया बंदरगाह से 7 मई से लापता हो गए हैं। वह अपने एक साथी के साथ शिप पर सवार होकर अमेरिका के बंदरगाह पर पहुंचे हुए थे, तब घर वालों से आखिरी बार उनसे बातचीत हुई थी। इसके बाद से संपर्क टूटने पर शिप कंपनी के एक अधिकारी ने मुंबई से फोन कर जानकारी दी थी की वह लापता हो गए हैं। इसके बाद घर वालों ने जब संपर्क किया तो दोबारा कंपनी के लोग सही जानकारी नहीं देने पर परिजन मिजार्पुर की एसपी से मुलाकात कर मामले की जानकारी दी है, इसके बाद एलआईयू और दूतावास सहित अन्य टीम में एक्टिव हो गई है। परिजनों ने भारत सरकार के साथ ही जिले की सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल व विदेश मंत्री जयशंकर से बेटे की तलाश करने की गुहार लगाई है।

पिता संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि बेटा मनीष द्विवेदी मर्चेंट नेवी में सेकंड ऑफिसर हैं। वर्तमान में वह वेसल सिफ्नोस लेडी शिप पर तैनात हैं। 18 अप्रैल 2026 को वह घर से गए थे, उनके पास सात मई को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर गैरी गोम्स नाम के व्यक्ति का फोन आया उसने बताया कि वेस्टर्न क्रू मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड अंधेरी ईस्ट ऑफिस से बोल रहा हूं। मनीष चार घंटे से शिप से लापता हैं उनका फोन आपके पास क्या आया था। इस पर उन्होंने फोन नहीं आने की जानकारी दी, इसके बाद अपने बेटे को व्हाट्सएप पर मैसेज किया जवाब नहीं आया, फिर उन्होंने गैरी गोम्स को फोन किया उन्होंने बताया कि शिप मार्क्स हुक, पेन्सिलवेनिया पर है, वहां से कैप्टन, चीफ ऑफिसर, मनीष और एक कैडेट ऑफिसर प्रांजल मॉल गए थे। जिसमें तीन लोग वापस आ गए कैप्टन ने मनीष से फोन किया तो उन्होंने बताया कि आप लोग कैब करिए 10 मिनट में आ रहा हूं। 10 मिनट बाद फोन करने पर मनीष ने फोन नहीं उठाया तो तीनों शिप पर चले गए तब से मनीष लापता है।

मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं के बीच मारपीट, पुलिस ने संभाला मामला

मीरजापुर। विख्यात विंध्याचल मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन के लिए लगी लंबी लाइन के दौरान गेट नंबर-5 पर श्रद्धालुओं के दो पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हो गई। बताया जा रहा है कि दर्शन के लिए आगे निकलने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लाइन में लगे अन्य श्रद्धालुओं में भी हड़कंप मच गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को अलग कराया और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। जहां दोनों पक्षो ने आपसी समझौता कर मामले को खत्म किया, घटना के बाद मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई। बता दें कि विख्यात देवी विंध्याचल में अक्सर विवाद के मामले सामने आते रहे हैं जिससे यहां की महत्वा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगते हैं कि आस्था की नगरी में अराजकता कैसी कभी जजमान को दर्शन पूजन कराने को लेकर पंडों में छिड़ जाता है तो कभी धाम में वीआईपी दर्शन को लेकर हो पुलिस और श्रद्धालुओं में द्वंद युद्ध होता आया है।

कराटे प्रतियोगिता में कार्तिकेय ने जीता गोल्ड मेडल

सोनभद्र। सनबीम स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल कक्षा चार के छात्र कार्तिकेय पांडेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कार्तिकेय अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट बॉडीबिल्डर खिलाड़ी आरएस पांडेय के पुत्र हैं। वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जनपद भर से लगभग 300 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्तिकेय पांडेय ने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

फार्मर रजिस्ट्री अभियान में आजमगढ़ को मिला प्रथम स्थान

आजमगढ़। जनपद ने प्रशासनिक अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। किसान हित में चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में जनपद आजमगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है, जबकि जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान में जनपद ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इन उपलब्धियों को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के सतत पर्यवेक्षण, प्रभावी कार्ययोजना और प्रशासनिक समन्वय का परिणाम माना जा रहा है। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि जनपद में अब तक 7 लाख 12 हजार से अधिक किसानों की सफलतापूर्वक फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। प्रदेश स्तर से जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार 9 मई तक आजमगढ़ ने यह उपलब्धि हासिल की। फार्मर रजिस्ट्री अभियान के माध्यम से किसानों का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, कृषि अनुदान, बीज एवं उर्वरक वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी और सुगम तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। अभियान की सफलता में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम पंचायतों और अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं जनगणना 2027 के तहत संचालित स्वगणना अभियान में जनपद ने 50 हजार से अधिक स्वगणना का आंकड़ा पार कर प्रदेश में दूसरा

संक्षेप

अपराध की रोकथाम होगी प्राथमिकता

जगदीशपुर,अमेठी। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक अजयेंद्र पटेल ने रविवार को थाना क्षेत्र के प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं व्यापारियों के साथ थाना परिसर में बैठक कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी समय-समय पर पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अवैध कारोबार अथवा असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया।उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करेगी। थाना क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही गई।बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पुलिस को अवगत कराया। इस मौके पर उपनिरीक्षक संतलाल भार्गव त्रिपुरारी सिंह सालिम खान गोकुल चन्द्र कौशल निहालुद्दीन भारत सिंह अब्दुल रशीद मास्टर बंटी कौशल रविंद्र कुमार सहित क्षेत्र के कई प्रधान, व्यापारी, समाजसेवी तथा पुलिसकर्मी आदि मौजूद रहे।

युवक पर हमला कर किया लहूलुहान, छीना मोबाइल और नगदी

मीरजापुर। ज़िले के देहात कोतवाली क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो उठे हैं। बढ़ते अपराधों के साथ ही दबंग और गुंडा किस्म के लोग बेखौफ हो रहे हैं। ताजा मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के काशी पोखरा का बताया जा रहा है जहां संदीप कुमार जायसवाल निवासी लोहंदी कला को दबंगों ने हमला बोलकर उसे बुरी तरह से लहुलूहान कर दिया। बताया जा रहा है कि वह रात्रि तकरीबन डेढ़ बजे रेलवे स्टेशन से अपने घर लोहंदीकला जा रहा थी वह जैसे ही काशी भोला तालाब के पास पहुंचा था कि उसके ऊपर हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया गया। हमलाकर उसका मोबाइल पैसा भी छीन लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई पर जुटी रही है। बताया जा रहा है कि देहात कोतवाली क्षेत्र के काशी भोला पोखरा तालाब के पास नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। पुलिस द्वारा कुछ दिन पहले मादक तस्करों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई जिसमें कई लोगों को जेल भेजा गया था।

'ड्रिंक एंड ड्राइव' पर पुलिस की सख्ती

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शनिवार की रात्रि को क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ.चारू द्विवेदी के नेतृत्व में लोढ़ी स्थित टोल प्लाजा के पास ह्वड्रिंक एंड ड्राइवह्व के विरुद्ध प्रचलित दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात निरीक्षक नरेंद्र सिंह, यातायात उपनिरीक्षक (ज्ै) केके शुक्ला, भरत राय एवं सीसी टीम रॉबर्ट्सगंज द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की गहन जांच की गई।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष में याद किये दिवंगत स्वयंसेवक

अमर स्वयंसेवकों के ऊपर लिखी पुस्तक का हुआ विमोचन

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मथुरा के चित्रकूट स्थल पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के 75 दिवंगत स्वयंसेवकों के जीवन पर आधारित संकलन पुस्तिका ह्यसंघ सरिता के अमर मोतीह्न का भव्य विमोचन हुआ। यह पुस्तक उन स्वयंसेवकों को समर्पित है जिन्होंने मथुरा में संघ की नींव रखी और अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा में लगा दिया।

कार्यक्रम के संयोजक और पुस्तक के संकलनकर्ता, भाग कार्यवाह अजय सर्राफ ने बताया कि इस महत्वपूर्ण दस्तावेज को तैयार करने की शुरूआत उन्होंने कोरोना काल के दौरान की थी। इस पुस्तक में वर्ष 1940 से मथुरा में संघ कार्य के प्रारंभ होने के इतिहास और उन नींव के पत्थरों (स्वयंसेवकों) का परिचय शामिल है, जो अब ह्यबैकुंठ प्रयाणह्न कर चुके हैं। नाभा पीठाधीश्वर सुदामा कुटी के सुतीक्ष्ण दास जी ने पुस्तक के शीर्षक की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार मोती भगवान श्री कृष्ण को अत्यंत प्रिय है, उसी प्रकार समाज की सेवा करने वाले ये स्वयंसेवक भगवान की माला के मोती के समान हैं। उन्होंने जोर दिया कि स्वयंसेवकों का रोम-रोम राष्ट्र कार्य के लिए समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित वयोवृद्ध स्वयंसेवकों ने 1975 के आपातकाल के संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे संघ की योजना के तहत कई स्वयंसेवक 21 महीनों तक भूमिगत रहकर पुलिस और प्रशासन को छकाते रहे और संगठन के कार्य को गति दी। मुख्य वक्ता और संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. दिनेश ने कहा कि संघ की कार्य पद्धति श्प्रसिद्धि परांगमुखश (बिना नाम की चाहत के कार्य करना) है। हालांकि, नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अपने नायकों की गाथाएं सुनाना आवश्यक है। वहीं, प्रांत कार्यवाह राजकुमार एडवोकेट ने कहा कि पुस्तक में शामिल हर नाम अपने आप में संघ का एक अध्याय है। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह था जब सभी 75 दिवंगत स्वयंसेवकों के परिवारों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। अपने परिजनों के त्याग और जीवन परिचय को सुनकर कई परिवारों की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर विधा भारती के शिव प्रसाद, वीएचपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक पूरन प्रकाश, और महानगर संघचालक लक्ष्मीनारायण सहित शहर के गणमान्य नागरिक और संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मातृशक्ति को समर्पित रहा डीएवी कोरवा का विशेष आयोजन

मुंशीगंज, अमेठी। मदर्स डे के अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, एच.ए.एल. कोरवा में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय परिसर मातृ-प्रेम, सम्मान और भावनाओं के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों ने विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपने स्नेह और कृतज्ञता को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप

प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों ने कविता पाठ, भावपूर्ण गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में मां के त्याग, ममता और संस्कारों की झलक साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ह्यमां के महत्वह्न विषय पर आयोजित कार्ड निर्माण एवं पेंटिंग गतिविधि रही। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे कार्ड बनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। एक छात्र द्वारा बनाए गए कार्ड पर लिखा संदेश – ह्यमां, आप मेरी पहली दोस्त, पहली टीचर और पूरी दुनिया होह्न – ने उपस्थित अभिभावकों को भावुक कर दिया। विद्यालय की प्रातःकालीन सभा भी पूर्ण रूप से मातृशक्ति को समर्पित रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सौभाग्य सिंह तोमर ने कहा कि ह्यमां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि पूरे जीवन की आधारशिला होती है। स्कूल डिग्रियां देता है, लेकिन जीवन जीने की सीख मां देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव माता-पिता का सम्मान करने और उनके त्याग को याद रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों और शिक्षकों ने मातृ सम्मान का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह आयोजन भावनात्मक, प्रेरणादायक और संस्कारों से ओतप्रोत रहा। मदर्स डे का यह विशेष कार्यक्रम बच्चों को अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने का यादगार अवसर दे गया।

गैंगस्टर एक्ट के अपराधी की 9.15 लाख की संपत्ति कुर्क

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मथुरा पुलिस ने रविवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना मगोर्रा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक शातिर अपराधी की अवैध रूप से अर्जित की गई करीब 9,15,000/- रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। रविवार जिला मजिस्ट्रेट मथुरा के आदेश के अनुपालन में, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह और नायब तहसीलदार सदर प्रशान्त सिंह के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के प्लाटों पर मुनादी कराई और वहां सरकारी जब्तीकरण का बोर्ड लगाकर संपत्ति को प्रशासन के कब्जे में ले लिया। कुर्की की यह कार्रवाई अभियुक्त पवन पुत्र जियालाल के विरुद्ध की गई है। पवन मूल रूप से ग्राम इकतरा (थाना डौकी, आगरा) का निवासी है और वर्तमान में कृष्णाधाम कालोनी (थाना हाईवे, मथुरा) में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, पवन ने एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए विभिन्न अपराध किए और उससे अवैध संपत्ति अर्जित की। अभियुक्त द्वारा अवैध कमाई से खरीदे गए दो आवासीय भूखंडों को कुर्क किया गया है। जिसमें कृष्णाधाम कालोनी फेस प्रथम में स्थित 83.61 वर्ग मीटर का आवासीय प्लाट, 49.12 वर्ग मीटर का एक अन्य प्लाट शामिल है। कुल अनुमानित राशि 9,15,000/- रुपये है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थानाध्यक्ष मगोर्रा हरीश कुमार, व0उ0नि0 अभिमन्यु मलिक, उ0नि0 दलवीर सिंह, उ0नि0 कमल किशोर सहित भारी पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

तार चोरी करने वाले बदमाशों से हुई मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

मथुरा। थाना जैत क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और तार चोरी करने वाले बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके पास से तमंचे, कारतूस, चोरी के बिजली के तार, नकदी और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार थाना जैत पुलिस, सर्विलांस टीम और रिवार्डिड टीम को सूचना मिली थी कि तार चोरी के मामलों में वांछित बदमाश छटीकरा क्षेत्र में एक निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास दोबारा चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने आगरा-दिल्ली सर्विस रोड पर प्रकाश ढाबा के पास औद्योगिक क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें हरवीर के बाएं पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन भेजा गया। मौके से पुलिस ने गोपाल और सुग्रीव को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी राजस्थान के धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन तमंचे (315 बोर), छह जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार और चोरी किए गए बिजली के तारों के 10 बंडल बरामद किए हैं। इसके अलावा 7300 रुपए नकद भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी थाना जैत में दर्ज तार चोरी के कई मामलों में वांछित चल रहे थे। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

एम्स रायबरेली में एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन

रायबरेली। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन के संरक्षण में संस्थान अनुसंधान प्रकोष्ठ कीओर से जैव सांख्यिकी का परिचय और के अनुप्रयोगष विषय पर डेढ़ दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को जैव सांख्यिकी और एसपीएसएस का उपयोग करके डेटा विश्लेषण में आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करना था। एसपीएसएस सांख्यिकी एक प्रमुख सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है जिसका उपयोग अनुसंधान में विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान, स्वास्थ्य और बाजार अनुसंधान जटिल डेटा सेट का प्रबंधन, विश्लेषण और कल्पना करने के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है ।उद्घाटन सत्र को एम्स रायबरेली की डीन (रिसर्च) प्रो. अर्चना वर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की और जैव सांख्यिकी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, ताकि संकाय सदस्यों को सटीक डेटा व्याख्या और उच्च-गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक परिणाम प्राप्त करने के लिए मजबूत विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में मदद मिल सके। एम्स रायबरेली के विभिन्न विभागों से कुल 30 संकाय सदस्यों ने इस कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र अत्यंत संवादात्मक थे और जैव सांख्यिकीय अवधारणाओं, डेटा प्रबंधन, तथा शोध डेटा के प्रभावी विश्लेषण और व्याख्या के लिए एसपीएसएस के व्यावहारिक अनुप्रयोग के प्रमुख पहलुओं पर केंद्रित थे।

असम, बंगाल चुनाव में भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या : प्रमोद तिवारी

मथुरा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी रविवार को तीर्थनगरी वृंदावन पहुंचे। यहाँ उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक प्रदीप माथुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दर्शन के उपरांत मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में देश के संविधान को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि मैंने बांके बिहारी महाराज के चरणों में प्रार्थना की है कि वे इस देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करें। तिवारी ने जोर देकर कहा कि भाजपा के इन मंसूबों का मुकाबला केवल कांग्रेस ही कर सकती है और देश का भविष्य कांग्रेस के हाथों में ही सुरक्षित है। सांसद ने क्षेत्रीय दलों को आगाह करते हुए कहा कि आज जिस तरह की राजनीति भाजपा कर रही है, उसमें क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खतरे में है। वे केवल कांग्रेस के साथ मिलकर ही खुद को बचा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल और असम जैसे राज्यों में भाजपा ने केवल लोकतंत्र की हत्या करके ही चुनावी सफलता हासिल की है। प्रमोद तिवारी ने भाजपा में शामिल हुए विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों का रिश्वत लेते हुए वीडियो

दिखाकर मोदी जी मजाक उड़ाते थे, आज उन्हीं के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं। यह भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। भविष्य की राजनीति पर चर्चा करते हुए तिवारी ने दावा किया कि भाजपा और संघ के बीच भारी अंतर्कलह चल रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह पुराने निष्ठावान भाजपा नेताओं और संघ को दरकिनार कर बाहर से आए लोगों को मुख्यमंत्री बना रहे हैं। इसका परिणाम यह होगा कि 2029 से पहले ही संघ और भाजपा की फूट सड़क पर आ जाएगी और मोदी जी को प्रधानमंत्री पद से हाथ धोना पड़ेगा। इससे पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक अनुराधा मिश्रा ने मंदिर सेवायत आचार्य शैलेंद्र गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर बांकेबिहारीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंत्री इकरार मोहम्मद का मथुरा में जोरदार स्वागत

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के मंत्री इकरार मोहम्मद के मथुरा आगमन पर डीग गेट स्थित आजाद मार्केट में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय पसमांदा मुसलमान मंच के जिला अध्यक्ष मोइनुद्दीन कुरैशी द्वारा अपने कार्यालय पर किया गया, जहां कार्यकताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग और संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर राजा, राशिद नेताजी सहित कई कार्यकारिणी सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया और इकरार मोहम्मद का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इकरार मोहम्मद ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज देश और समाज की तरक्की में अहम भूमिका निभा रहा है तथा समाज के युवाओं को शिक्षा और सामाजिक जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वहीं मोइनुद्दीन कुरैशी ने कहा कि समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन की मजबूती और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

महाराणा प्रताप की हुंकार से गूंजा नरहौली, शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

मथुरा। वीर शिरोमणि और हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को ग्राम नरहौली में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और केसरिया ध्वजों के साथ निकली इस यात्रा में क्षत्रिय समाज सहित सर्वसमाज का जोश देखने लायक था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोनू ठाकुर ने महाराणा प्रताप के शौर्य को नमन करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से 9 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की पुरजोर मांग की।

शोभायात्रा के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने ओजस्वी वाणी में कहा महाराणा प्रताप की जब-जब तलवार उठी तो दुश्मन की टोली डोल गई। इस गौरवमयी आयोजन में मुख्य रूप से मथुरा- वृंदावन के महापौर विनोद अग्रवाल भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष मुकेश सिकरवार शामिल हुए। अतिथियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में शामिल युवा महाराणा प्रताप के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रधान जितेंद्र राणा सुनील ठाकुर पीयूष धनगर विजय राजपूत टीटू राघव सेक्टर संयोजक मनीष ठाकुर तेजवीर पार्षद प्रवीण ठाकुर करण ठाकुर नरेश ठाकुर मुरली ठाकुर रमेश डीएन गौतम काकू ठाकुर जीतू आकाश गज्जू बंटी पहलवान जगबीर जयवीर दिनेश राजू मदनी मदन सिंह महेंद्रए बॉबी गुड्डू तेज ठाकुर सोनू भूरा पवन अशोक योगेश लक्ष्मण कन्नू कुमार सेन विनोद प्रीतम बृजवासी प्रेमपाल टीकम सुनील और श्याम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आदर्श सीनियर बेसिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

लालगंज रायबरेली। लालगंज क्षेत्र के आदर्श सीनियर बेसिक विद्यालय महखेड़ा का वार्षिकोत्सव समारोह भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी और स्कूल प्रबंधक सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भी नमन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि हर विद्यालय के लिए वार्षिकोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत, अनुशासन और सृजनशीलता का उत्सव होता है। इस दिन विद्यालय का प्रांगण रंग-बिरंगी सजावट, बच्चों की मुस्कान और अभिभावकों के गर्व से जगमगा उठता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद , मां सरस्वतीवंदना, नन्हे-मुन्नों की फैंसी ड्रेस, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक और योग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विज्ञान व कला प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता दिखी, वहीं मेधावी छात्रों और खेल प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियां गिनाईं। प्रबंधक सुभाष चंद्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक लाना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक बनाना है। वार्षिकोत्सव बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और भारतीय संस्कारों को मजबूत करता है। यह दिन बताता है कि विद्यालय मंदिर है, और हर बच्चा उसमें जलता दीपक। समाजसेवी कृष्ण चंद्र ने भी बच्चों को काफी किताब व अन्य सामग्री भेंट कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मोहम्मद याकूब, विजयसिंह, रण विजय सिंह, संत राज, राजकुमार तिवारी, रामसेवक तिवारी, राजेंद्र कुमार, संत राज, गया प्रसाद, प्रधान मोहम्मद नसीम, प्रधानाचार्य साक्षी वर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूदरहे।

जिपं अध्यक्ष ने दी बछगांव और नगला शीशराम को विकास कार्यों की सौगात

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में उन्होंने बछगांव और नगला शीशराम में महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ कर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की है। बछगांव में किसानों की लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष जी ने 2 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन निर्माण कार्य का विधि-विधान से शुभारंभ किया। इस पाइपलाइन के बनने से पिछले 10 वर्षों से जलमग्न पड़ी भूमि फिर से खेती के योग्य हो सकेगी। जलभराव के कारण जो किसान अपनी भूमि पर बुवाई नहीं कर पा रहे थे, अब उनके खेतों में पुनः हरियाली और खुशहाली लौटेगी। वहीं नगला शीशराम के ग्रामीणों को कीचड़ और कच्चे रास्तों से निजात दिलाने हेतु जिपंअ किशन चैधरी ने नगला शीशराम में ईंट खरंजा निर्माण कार्य पूर्ण कराया। इस मार्ग के बनने से क्षेत्र की जनता को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और गांव की तस्वीर बदलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने बताया कि गाँव की तस्वीर बदलना और हर क्षेत्र तक मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाना ही मेरा संकल्प है। जनता की सेवा और विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ। हर गांव-हर घर तक विकास पहुंचाना, किसानों की समस्याओं का स्थाई समाधान ही मेरी प्राथमिकता रही है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं किसानों और ग्रामीणों ने उत्साह जताते हुए और जिला पंचायत अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह कार्य उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आया है।

सरिया चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार चोरी की 12.13 मीट्रिक टन सरिया बरामद

तिलोई, अमेठी। एसपी अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में दिन रविवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 33/26 धारा 316(3), 303(2) बी0एन0एस0 थाना इन्हौना जनपद अमेठी में वांछित डीसीएम सवार 02 अभियुक्त 1.चालक धीरज सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी बेरसरी थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र 25 वर्ष, 2. डीसीएम मालिक सुरेन्द्र कुमार पुत्र भगौती प्रसाद निवासी खौकरपुर मजरे बेनीपुर थाना शिवरतनगंज उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा डीसीएम यूपी 36 एटी 2819 पर लदी चोरी/गबन की 12.13 मीट्रिक टन सरिया बरामद की गई । पूछताछ में डीसीएम चालक धीरज सिंह ने बताया कि को 5.5.2026दीना आयरन एण्ड स्टील लि0 अब्दुल रहमानपुर रोड दिदारगंज पटना बिहार से 12.13 मीट्रिक टन सरिया इसी वाहन पर उन्नाव डिलीवरी हेतु लोड कराया गया था । वाहन मालिक सुरेन्द्र कुमार से बातचीत करने पर मालिक उक्त सरिया को उन्नाव न पहुँचाकर चोरी/गबन के इरादे से बेचने के लिये पूरे नायाब थाना महराजगजं जनपद रायबरेली लाने को बताया गया था । वाहन मालिक सुरेन्द्र कुमार से पूछताछ पर बताया हम लोग सरिया बेचने के लिये दिलीप यादव पुत्र स्व०रामचन्द्र पूरे नायाब थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के मकान के पास उससे यह कहकर सरिया उतार रहे थे कि मेरे पास रखने की जगह नहीं है हम इसको बाद मे उठा ले जायेंगे उसको यह नहीं बताया यह सरिया चोरी की है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी करते हुये थाना इन्हौना पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

चौमुहां में गूंजे महाराणा प्रताप के जयघोष

मथुरा। कस्बा चौमुहाँ स्थित रामलीला मैदान में रविवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों, जनप्रतिनिधियों और करणी सेना कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि नरदेव चैधरी ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल है। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

करणी सेना के प्रदेश सचिव कन्हैया ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान ह्यमहाराणा प्रताप अमर रहेंह्न और ह्यभारत माता की जयह्न के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर पूरन सिंह, पूर्व चेयरमैन पाल सिंह यादव, ओंकार सिंह, पवन सिसोदिया, नेत्रपाल, संजीव सिसोदिया, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग एवं करणी सेना के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज दलौता में भी महाराणा प्रताप जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ क्षत्रिय शिरोमणि महामानव महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती मनाई गई। विभिन्न वक्ताओं ने उनके शौर्य, बलिदान, वीरता और साहस की सराहना करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रबंधक ठाकुर सुजान सिंह सिसोदिया, बाइक सिसोदिया, सीपी शर्मा, धीरज राणा, जितेंद्र राणा, आदित्य सिंह, मोनू सिंह, हरिचंद शर्मा, नारायण सिंह, ऋतु, स्मृति आदि उपस्थित रहे चैमुंहा के छोटी आटस में महामानव क्षत्रीय शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली कार्यक्रम में ग्रामीणों और क्षत्रिय समाज के लोगों की भारी भीड़ रही। ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार को मुख्य अतिथि के रूप में आर्मत्रित किया गया। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों व समाज के लोगों ने साफा, माला और पटुका पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद महाराणा प्रताप चैक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। शोभायात्रा में युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे तथा महाराणा प्रताप अमर रहें के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला

यह सियासी बेशर्मी है

राजनीति में ऐसी जिद, ऐसा सियासी टकराव और जनादेश को स्वीकार न करने की हठधर्मी, दरअसल लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। ममता बनर्जी जो कुछ कर रही हैं वह सीधे-सीधे सियासी बेशर्मी है। अपनी पराजय में ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की राजनीति की उस हिंसक प्रकृति को ही उजागर किया है, जहां उन्होंने 15 वर्षों तक शासन किया। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की पराजय के बाद उन्होंने चुनावी लोकतंत्र के परंपरागत शिष्टाचार का पालन करने और राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने से इनकार कर दिया। ऐसा करके वह तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच सड़क पर चल रही विषाक्त या कहें हिंसक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को और अधिक भड़का रही हैं। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की हत्या कोई आश्वस्त करने वाला संकेत नहीं है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है परंतु यह घटना दिखाती है कि किस कदर अशांति व्याप्त है। चुनावी हार के बाद ममता बनर्जी ने असंतुष्ट और शायद अज्ञानी पराजित नेता के रूप में अपनी छवि को और अधिक उजागर किया है। उनके पास मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई संवैधानिक आधार नहीं है, क्योंकि उनका कार्यकाल विधान सभा से जुड़ा हुआ है। उनके इस्तीफा देने या नहीं देने से कोई संवैधानिक फर्क तो नहीं पड़ लेकिन एक खतरनाक राजनीतिक हठधर्मिता के जरिए उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में काला अध्याय जरूर जोड़ दिया। वह अपनी राजनीतिक विद्रोही की छवि पर भरोसा करके चल रही हैं ताकि परंपराओं को चुनौती दे सकें। आखिर वाम मोर्चे के विपक्ष में रहते हुए उन्होंने ऐसा ही तो किया था। उन्होंने खुद को एक बार फिर से सड़क की राजनीति करने वाली नेत्री के रूप में पेश करने का विकल्प चुना है। एक समय था जब इस तरह की राजनीति ने

उन्हें 34 वर्षों के वाम शासन से थके हुए मतदाताओं के बीच लाभ पहुंचाया था, लेकिन अब यह उस नेता को शोभा नहीं देता जिसे लंबे कार्यकाल के दौरान संयम का गंभीरता से पालन करना चाहिए था। लोकतंत्र को बनाये रखने वाले नियमों का पालन न करके, वे उन्हीं उल्लंघनों का शिकार हो रही हैं जिनका आरोप वे अपने विरोधियों पर लगा रही हैं। ममता बनर्जी का तर्क है कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए और केंद्रीय बलों का दुरुपयोग कर बूथों पर कब्जा किया गया तथा परिणाम को प्रभावित किया गया। उनकी पार्टी ने विवादास्पद एसआईआर को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बावजूद 27 लाख मतदाताओं को सूची से हटा दिया गया था। हकीकत यह है कि तृणमूल कांग्रेस को 80 और भाजपा को 207 सीटें मिली हैं। हार का यह बड़ा अंतर सत्ता विरोधी लहर को दर्शाता है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित परिणामों की जांच की जाए तो पता चलता है कि कई सीटों पर जहां तृणमूल कांग्रेस, भाजपा से हारी वहां भाजपा उससे कम मतों से जीती जितने नाम मतदान के पहले सूची से हटाए गए थे। ऐसी सीटों में ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट भी शामिल है जहां वे 15,505 मतों से हारीं जबकि एसआईआर के तहत लगभग 51,000 नाम हटाए गए थे। बेशक यह मान लेना उचित नहीं है कि सभी हटाए गये मतदाता तृणमूल कांग्रेस को ही वोट देते, लेकिन यह पैटर्न निश्चित रूप से और गहन जांच का विषय होना चाहिए। ममता बनर्जी को अधिकार है कि वे परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दाखिल करें या प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर करें। उनके लिए बेहतर होगा कि वे इन संवैधानिक रास्तों का अनुसरण करें, बजाय उस तीखी सड़क की राजनीति का सहारा लेने के जिसे बंगाल वहन नहीं कर सकता। हालांकि अगर सभी 27 लाख वोट ममता बनर्जी को मिल जाते तो भी मुश्किल से 22 सीटों के नतीजे प्रभावित होते और समग्र रूप से परिणाम बीजेपी की बड़ी जीत और टीएमसी की करारी पराजय ही रहता। इसलिए ममता बनर्जी के सियासी तमाशा करने के बजाय संवैधानिक रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए। हालांकि उन्होंने अपनी पार्टी से विपक्ष का नेता तय करके संवैधानिक रास्ते पर चलने का संकेत दिया है।

विचार

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

विस चुनाव परिणामों के सियासी संकेत

मनोज बाजपेयी

जनसंघ संस्थापक और मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य बंगाल में भाजपा की सरकार बनना, पार्टी के एक भावनात्मक पल ही नहीं है बल्कि पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार में एक अहम पड़ाव को पार लेना भी है। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का पराभव, भारत का वामपंथ मुक्त होना और इससे भी बढ़कर चुनाव परिणामों का संदेश यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की लोकप्रियता पूरी तरह कायम है।

पांच राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गये हैं और अगर इनको राष्ट्रीय राजनीति के नजरिए से देखें तो एनडीए के खाते में तीन और इंडिया गठबंधन के खाते में दो राज्य गये हैं। लेकिन चुनाव परिणामों का सियासी संदेश इतना ही नहीं है बल्कि इसके निहितार्थ बहुत दूर तक तलाशे जायेंगे। अपने संस्थापक, विचारक और मार्गदर्शक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य बंगाल में भाजपा की सरकार बनना, भाजपा के लिए सिर्फ एक भावनात्मक पल ही नहीं है बल्कि पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार में एक अहम पड़ाव को पार लेना भी है। इसी तरह तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का पराभव, भारत का वामपंथ मुक्त होना और इससे भी बढ़कर इन पांच राज्यों का संदेश यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की लोकप्रियता न सिर्फ पूरी तरह कायम है बल्कि अभी विस्तार भी जारी है। असम, पश्चिमी बंगाल, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे भारत की राजनीति को भीतर तक और दूर तक प्रभावित करने वाले हैं।

बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने 207 और ममता बनर्जी की टीएमसी ने 80 सीटें जीतीं। लेकिन ममता बनर्जी खुद भाजपा प्रत्याशी शुभेन्दु अधिकारी से भवानीपुर में पराजित हो गईं। सीपीएम एक, कांग्रेस दो सीटें ही जीत सकीं। ममता बनर्जी पिछले पन्द्रह साल से बंगाल में राज कर रही थीं। उससे पहले 34 साल बंगाल में कम्युनिस्टों का राज था। पिछले 49 साल से बंगाल पर जिन दलों का राज रहा, उन्होंने पड़ोसी बंगलादेश से मुसलमानों को पश्चिमी बंगाल में घुसने को प्रोत्साहित ही नहीं किया, बल्कि उन्हें कानूनी दस्तावेज मुहैया करवाने में सहायता भी की। इसके चलते बंगाल में मुसलमानों की संख्या लगभग 30 फीसदी को भी पार कर गयी है। ममता बनर्जी का तो चुनावी मुद्दा ही यही था कि बंगलादेशी मुसलमानों को बंगाल से निकालने नहीं देंगे। 49 साल बाद इस खतरनाक नीति का अंत हुआ है। इतिहास में बिहार, बंगाल और ओडिशा को अंग, बंग और कलिंग कहा जाता है। सम्राट अशोक का साम्राज्य इस सम्पूर्ण क्षेत्र में था। पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने अंग, बंग और कलिंग पर सरकार बना कर इतिहास रच दिया है। भाजपा को बंगाल में लगभग 46 फीसदी मत मिले है। एक दूसरा चौंकाने वाला तथ्य भी। पश्चिमी बंगाल विधानसभा में इस बार 38 मुस्लिम विधायक चुनाव जीते हैं। इनमें से दो कांग्रेस के, एक सीपीएम का, दो हुमायूं कबीर की पार्टी के, एक एआईएसएफ का (ये चारों पार्टियां केवल 6 सीटें जीतीं और सभी मुसलमान प्रत्याशी हैं) और शेष 32 ममता बनर्जी की टीएमसी के हैं। टीएमसी कुल 80 सीटें जीत सकी और उनमें से 32 विधायक मुसलमान हैं। इसका स्पष्ट अभिप्राय यही है कि प्रदेश के मुसलमानों ने टीएमसी को अपनी पार्टी माना है।

असम में भाजपा लगातार तीसरी बार जीती है। 126 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के अपने प्रत्याशी 90 थे। उनमें से 82 प्रत्याशी विजयी रहे। पार्टी ने लगभग 38 फीसदी वोट हासिल किए। उसके दो सहयोगी दलों असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने दस-दस सीटें जीतीं। कांग्रेस को केवल 19 सीट मिली है। असम में बदरूद्दीन अजमल की पार्टी आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को दो सीटें मिलीं। उसने 27 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। असम में यह माना जाता है कि यह बंगलादेश से आये अवैध घुसपैठियों की पार्टी है। एक बार असम विधानसभा में इस पार्टी के 18 प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे। तब यह चर्चा होने लगी थी कि यदि त्रिशंकु विधानसभा आ जाती है तो असम में मुख्यमंत्री बनाने की कुंजी बांग्लादेशियों के पास आएगी। एआईयूडीएफ के मैदान में आ जाने के बाद असम में मुस्लिम लीग ने चुनाव में भाग लेना बंद कर दिया है ताकि मुसलमानों के वोट विभाजित न हों। ओवैसी देश भर में मुसलमानों को संगठित करने के लिए अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते हैं, लेकिन उन्होंने असम विधानसभा के लिए अपने प्रत्याशी इसलिए नहीं उतारे क्योंकि इससे मुस्लिम वोटों के विभाजित होने का खतरा था। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि 2026 के विधानसभा चुनावों में बांग्लादेशी मुसलमानों की मुख्य पार्टी बदरूद्दीन की एआईयूडीएफ पार्टी थी। लेकिन इसके बावजूद इस पार्टी के केवल दो प्रत्याशी ही विधायक बन सके। दरअसल असम में कांग्रेस भी मुसलमानों की पक्षधर होने का दावा करती और इस कारण मुसलमानों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है जिससे वोटों का बंटवारा हुआ।

विमर्श

तमिलनाडु में 1969 से लेकर 2026 तक द्रविड़ राजनीति का कब्जा रहा। उससे पहले 1947 से 1969 तक कांग्रेस का वर्चस्व था। द्रविड़ राजनीति की शुरूआत जस्टिस पार्टी के रामास्वामी पेरियार ने ब्रिटिश काल में की थी। इस राजनीति का आधार आर्य बनाम द्रविड़, जिसे उत्तर बनाम दक्षिणी कहा जाता है, था। इस आधार पर पेरियार ने मद्रास प्रेसिडेंसी में आर्य बनाम द्रविड़ राजनीति का ताना-बाना बुना था। इस सिद्धान्त का प्रचार अंग्रेजों ने किया था, जिसे कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया था। डा. भीमराव अंबेडकर ने ब्रिटिश काल में ही इस सिद्धान्त का खंडन किया था और बाकायदा इसके लिए एक किताब लिखी थी। पेरियार से अंबेडकर का इसी विषय को लेकर गहरा मतभेद था। लेकिन पेरियार ने अपनी इस भेदकारी राजनीति को आधार देने के लिए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी का गठन किया। उसके आन्दोलन का मुख्य आधार था कि हिन्दी आर्यों की भाषा है, इसलिए तमिलनाडु में उसे नहीं घुसने दिया जा सकता। 1967 में पार्टी ने हिन्दी के विरोध में आन्दोलन चलाया और 1969 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की सरकार बनी। बाद में डीएमके के एक हिस्से ने अलग होकर अपना नाम अन्ना डीएमके यानी एडीएमके रख लिया। लेकिन दोनों की राजनीति का आधार आर्य/द्रविड़, हिन्दी विरोध, मंदिर विरोध ही रहा। इस प्रकार 1969 से लेकर 2026 तक डीएमके/एडीएमके का शासन ही रहा। अब पहली बार लगभग 57 साल के बाद तमिलनाडु द्रविड़ राजनीति के इस विभाजनकारी चक्रव्यूह से मुक्त हुआ है। यहां तक कि वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन भी हार गये हैं। विजय की नई पार्टी टीवीके जीत गई है। यकीनन इसे तमिलनाडु के लिए एक नयी सुबह की शुरुआत मानना चाहिए।

पुडुचेरी 1947 से पहले फ्रांस के अधीन था। लेकिन मूलतः यह क्षेत्र तमिलनाडु का ही हिस्सा है और यहां की भाषा भी तमिल ही है। इसलिए यहां भी द्रविड़ राजनीति का प्रभाव है। यहां भी लम्बे अरसे तक डीएमके/अन्ना डीएमके का शासन रहा। लेकिन पिछले दशक से एन रंगास्वामी ने अपने ही नाम से एन रंगास्वामी कांग्रेस पार्टी का गठन कर भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से राजनीति का संचालन किया। इन चुनावों में भी पुडुचेरी की तीस सदस्यीय विधानसभा में इन दोनों दलों के गठबंधन ने बहुमत हासिल किया। भारतीय जनता पार्टी के चार विधायक जीते। केरलम में लंबे अरसे से एलडीएफ और यूडीएफ गठबन्धनों का कब्जा है। यूडीएफ का नेतृत्व कांग्रेस व मुस्लिम लीग करती है और एलडीएफ का नेतृत्व सीपीएम और सीपीआई करती है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के कुछ छोटे दलों को साथ लेकर प्रदेश की राजनीति में तीसरा स्तम्भ स्थापित करने का प्रयास करती रही है। केरलम में पिछले दस साल से एलडीएफ की सरकार थी। लेकिन इन चुनावों में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने 140 सदस्यीय विधानसभा में दो तिहाई बहुमत के साथ जीत दर्ज कर अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया। एलडीएफ में सीपीएम और सीपीआई केवल 34 सीटें जीत सके। इस तरह भारत में कम्युनिस्टों का यह अंतिम गढ़ भी धराशायी हो गया।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

शपथ लेने वाले सभी मा. मंत्रियों को बधाई। पूर्ण विश्वास है कि है कि 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ आप सभी जनसेवा व सुशासन के संकल्पों के साथ विकास को गति प्रदान करेंगे। सीएम योगी.

लठैतवादी विचारधारा पर अमल करते हुए सपा ने सालों तक कई चुनावों में बूथों पर कब्जा कर चुनावों को प्रभावित किया, आज वे लोकतंत्र की दुहाई दे रहे। केशव प्र. मौ

समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है न हीं। उधर से पर्ची आयेगी, यहां सिर्फ पर्ची पढ़ी जायेगी। अखिलेश यादव

सोमनाथ से सिंदूर तक: देश के पुनरुत्थान की भावना

सामयिक

पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुनः स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी।

गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहाँ हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की। जैसा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, 'यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया।' नेहरू का विरोध-स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नव स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने

इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक; केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक, भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुनः स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है।

वैश्विक पहचान- सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं। आयुष और योग का वैश्वीकरण- भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से जुड़े पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करना, हाल के वर्षों में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारे कारीगरों, श्रमिकों, किसानों, मछुआरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए लाभकारी वैश्विक अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ ये समझौते प्रधानमंत्री के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन को आगे बढ़ाते हैं।

मनोभावों पर नियंत्रण

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

उधार मांगने वालों से सुरक्षित हूं

व्यंग्यलोक

आजकल लगभग मैं बाथरूम में ही पाया जाता हूँ। मैंने बाथरूम से बाहर रूम में रहकर देख लिया, सिवाय परेशानियों के और कुछ नहीं है। बाथरूम के बड़े फायदे हैं। पत्नी का यह तकिया कलाम स्थायी हो गया है कि मैं बाथरूम में हूँ। मेरे कई भय है। जिनके कारण मुझे इसमें जाना पड़ा है। खासतौर से जब से फोन लगा है, तब से मैं इसमें समाहित हो गया हूँ। सुबह-सुबह मेरे एक प्रकाशक मित्र का फोन आता है, जिनसे सिवाय वाहियात वार्तालाप के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाता। रायल्टी का हिसाब-किताब करीब-करीब क्लीयर-सा है, ऐसी स्थिति में मेरा बाथरूम में चले जाना ही श्रेष्ठ है-सो से मिलते हैं तो यही शिकायत प्रमुखता से करते हैं कि मैं बाथरूम में क्यों चला गया हूँ। उनसे तो असलियत क्या बताऊँ, यही कह पाता हूँ कि डॉक्टर ने साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने को कहा है, सो ज्यादा समय वहीं रहना पड़ता है। वे रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहते हैं-थोड़ा लिखना-पढ़ना रेगुलर करो। इस तरह कैसे चलेगा। इस तरह तो आपका लेखक मर जायेगा। मैं मन में सोचता हूँ कि उनकी बकवास से मरने की एवज बिना लिखे-पढ़े मर जाना ज्यादा बेहतर है। उधार माँगने वालों से पूरी तरह सुरक्षित हूँ। वे फोन पर ही -चिल्लाते हैं-उन्हें निकालिये बाथरूम से। पूरा एक साल गुजर गया-कब देंगे हमारी उधारी? पत्नी घाघ हो गयी है, कहती है-उन्हें पहले बाथरूम से बाहर आने दो, पता करती हूँ कि उन्होंने आप जैसे अव्यावहारिक आदमी से उधार क्यों ली? उधार ली है तो मर थोड़े ही रहे हैं हम। एक-एक पाई चुका देंगे, लेकिन बातचीत ढंग से किया करो। थोड़ी तमीज सीखो। उधार उगाहने वाले दुर्जन ठण्डे पड़ जाते हैं-वह क्या था? जब भी फोन करता हूँ, तब वे बाथरूम में होते हैं। कभी बाहर भी तो मिलें। पत्नी कह देती है-अब आप फोन ही तब करते हैं, जब वे बाथरूम में होते हैं। वे कहते हैं- अच्छा थोड़ी देर बाद में फोन कर लूँगा। वे पुनः फोन करते हैं, तब तक मैं ऑफिस चला जाता हूँ। कुछ लोग मुझे मेरे दफ्तर के काम से फोन करते हैं। उन्हें भी मैं बाथरूम में मिलता हूँ। उनकी माँग होती है कि उन्हें जरूरी काम था। पत्नी कहती है कि जरूर होगा आपको जरूरी काम अन्यथा आप टेलिफोन करते ही क्यों। वे कहते हैं-कब तक बाहर आयेंगे वे। पत्नी कहती है कि बाहर आ गये तो बीमार हो जायेंगे तथा ऑफिस नहीं जायेंगे। इस तरह की पहेलीबाजी से मैं इनसे बचा रहता हूँ। यही क्यों और भी शुभचिंतक हैं, जो मुझे कुछ लिखवाना चाहते हैं, माँगना चाहते हैं, सलाह मशविरा करना चाहते हैं अथवा यों ही गप्प मारकर समय जाया करना चाहते हैं। उन सबके लिए मैं बाथरूम में हूँ।

पूरन सरमा

आप की बात

महिला स्वास्थ्य में सुधार

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.

सड़कों की हो नियमित देखरेख

हर बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने काम शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने और मजबूत सड़क बनाने की जरूरत है।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

संक्षेप

डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अयोध्या। मिट्टी ढोने वाले डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रविवार सुबह करीब 9.30 बजे कोतवाली बीकापुर सीमा पर तारुन थाना क्षेत्र के गुंधौर-सोनखरी मार्ग पर सूल्हेपुर मोड़ के पास हुआ। बताया गया कि तारुन थाना क्षेत्र के कनकपुर झगरौली (केवटिया) निवासी सुरेंद्र कुमार निषाद (26), अरविंद कुमार (22) और हिमांशु (20) घर से बाइक पर बाजार जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में मिट्टी ढोने वाले डंपर ने अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रामपुर भगन चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ अनुराग गुप्ता ने जांच के बाद सुरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अरविंद कुमार और हिमांशु की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

राम मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूरा: नृपेंद्र मिश्र

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र रविवार को राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे इस दौरान उन्होंने बताया कि राम मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब परिसर की सहायक एवं सौंदर्यीकरण परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में राम मंदिर आंदोलन के शहीदों की स्मृति में ह्यशहीद स्तंभह्न बनाया जा रहा है।

- 30 जून तक लौटेंगी एल एंड टी और टीसीएस

इसके 15 जून तक तैयार होने की उम्मीद है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 30 जून तक लारसेन ऐंड टुब्रो और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज अपना कार्य पूर्ण कर वापस लौट जाएंगी। हालांकि मंदिर परिसर के रखरखाव और तकनीकी सहायता के लिए एलएनटी की एक टीम स्थायी रूप से तैनात रहेगी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर परिसर के सभी उप मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन-पूजन की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए चार किलोमीटर लंबी हाईटेक बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसे वर्ष 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट का कार्यालय और अत्याधुनिक म्यूजियम अभी निमार्णाधीन है। म्यूजियम में 20 गैलरियां बनाई जा रही हैं, जिनमें से एक विशेष गैलरी 7क तकनीक पर आधारित होगी। इस गैलरी में श्रद्धालुओं को मंदिर भ्रमण जैसा आभासी अनुभव मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर परिसर को और आकर्षक बनाने के लिए जल्द ही फसाड लाइटिंग का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे रात के समय राम मंदिर की भव्यता और अधिक निखरकर सामने आएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

अयोध्या। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बीते 02 मई को जनपद के समस्त तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अनुपस्थिति अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में कारण बताने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधाओं, शासकीय सुविधाओं की डिलीवरी, विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर यथासम्भव एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन-संवाद स्थापित करने हेतु माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को जिले की प्रत्येक तहसील में प्रातः 10 बजे से 2.00 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता हैं, जिसके क्रम में 02 मई को जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। 2 मई 2026 के संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बीकापुर में कुल 09 अधिकारियों यथा- उप मुख्य चिकित्साधिकारी बीकापुर, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, खंड विकास अधिकारी बीकापुर, प्रभारी निरीक्षक/थाना अध्यक्ष कोतवाली तरुण व हैदरगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीकापुर, सचिव मंडी समिति बीकापुर, प्रधान अध्यापक हाई स्कूल पूरा नंदा बीकापुर व विपणन निरीक्षक तारुण का, तहसील सदर में कुल 06 अधिकारियों यथा- प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या, प्रभारी निरीक्षक थाना राम जन्मभूमि अयोध्या, प्रभारी निरीक्षक थाना गोसाईगंज अयोध्या, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, खंड विकास अधिकारी पंचायत मसौधा व सहायक वनरक्षक अयोध्या का, तहसील सोहावल में कुल 06 अधिकारियों यथा- प्रभारी निरीक्षक थाना पूरा कलंदर अयोध्या, प्रभारी निरीक्षक थाना रौनाही अयोध्या, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अयोध्या, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या, सहायक अभियंता विद्युत व सहायक वन संरक्षक का तथा तहसील मिल्कीपुर में कुल 05 अधिकारियों यथा- चकबंदी अधिकारी मिल्कीपुर अयोध्या, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अमानीगंज अयोध्या, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर, आदि है।

केरलऔर तमिलनाडु की जीत पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिला दी बधाई

बाराबंकी। कांग्रेस का संगठन जिले में पूरी तरीके से तैयार और मजबूत है। यह संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत ब्लाक स्तर से बूथ स्तर तक गठित है। उक्त उद्गार छाया चौराहे स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक मे जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कार्यकर्ताओ के बीच कही। बैठक में बैठक में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने केरलऔर तमिलनाडु की जीत की बधाई देते हुये पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ का मिठाई खिलाते हुए कहा कि संगठन पूरी तरीके से तैयार और मजबूत था। वहां के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए सीधी लडाई भारतीय जनता पार्टी से लड़ी और उनको शिकस्त देते प्रचण्ड बहुमत से विजयी हुए। बैठक में पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, कमल भल्ला, अमरनाथ मिश्रा, इरफान कुरैशी, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, रमन द्विवेदी, रामहरख रावत, सना मुही, तरूण चावला, मोइनुद्दीन अंसारी, रमेश कश्यप, बबलू गौतम आदि मौजूद रहे।

2 चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, चोरी की स्कूटी, तमंचा बरामद

बाराबंकी। थाना माती पुलिस ने 2 अभियुक्तों को चोरी की स्कूटी, तमंचा बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने अभियुक्त पवन गौतम पुत्र पप्पू निवासी ग्राम पल्हरीपुरवा थाना सफदरगंज व मनीष गौतम पुत्र देशराज निवासी ग्राम पल्हरीपुरवा थाना सफदरगंज को रघई क्रासिंग के पास से चोरी की एक अदद स्कूटी एक्टिवा एमपी 15 एनई 8632, घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल अपाचे यू0पी 41 वी 4131, एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 संतोष कुमार त्रिपाठी, का0 अनूप निषाद मौजूद रहे।

महिला आरक्षण लागू करने में देरी पर सरकार दे जवाब: सरोज यादव

जिला संवाददाता

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने केंद्र सरकार पर नारी शक्ति वंदन कानून को लागू करने में देरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में संसद से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कानून पारित होने के बावजूद आज तक इसे लागू नहीं किया गया, जबकि महिलाओं से जल्द लागू करने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून लागू करने की पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, लेकिन सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाने में जुटी है। भाजपा द्वारा सपा सांसद अवधेश प्रसाद के आवास के घेराव की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि घेराव करना ही है तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय का होना चाहिए, क्योंकि कानून लागू करने का अधिकार उन्हीं के पास है।सरोज यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी की पक्षधर रही है। समाजवादी सरकार में समाजवादी पेंशन, कन्या विद्याधन, 1090 वूमेन पावर लाइन और छात्राओं को लैपटॉप वितरण जैसी योजनाएं चलाई गईं। उन्होंने दावा किया कि पंचायतों और संगठन में भी महिलाओं को लगातार भागीदारी दी गई।उन्होंने भाजपा सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ रहा है, जबकि सरकार केवल प्रचार तक सीमित है।

भरत कुंड के मंदिरों व घाटों का होगा सुंदरीकरण

जिला संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा को नया आयाम मिलेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) भरत कुंड का भव्य और व्यापक विकास करने जा रहा है।

- 36 करोड़ की डीपीआर शासन को भेजी

लगभग 36 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेज दी गई है, जिसके स्वीकृत होते ही कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराज जैन ने बताया कि भरत कुंड को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विश्वस्तरीय स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या को समग्र रूप से विकसित किया जा रहा है। भरत कुंड रामायण काल से जुड़ा पावन स्थल है। यहां भगवान राम के अनुज भरत जी का संबंध है। इस स्थल को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। वही अयोध्या के दक्षिण में, प्रयागराज मार्ग के किनारे, भरत कुंड है, जिसे नंदीग्राम के नाम से भी जाना जाता है।

यह स्थान रामायण महाकाव्य के साथ अपने दोहरे जुड़ाव के लिए महत्व रखता है। सबसे पहले, ऐसा माना जाता है कि यह वह स्थान है जहां भगवान राम के भाई भरत ने भगवान राम की अनुपस्थिति में कोसल साम्राज्य पर शासन किया था। भगवान राम के वैध शासन का प्रतीकात्मक रूप से प्रतिनिधित्व करने के लिए, भरत ने नंदीग्राम से शासन करते समय कथित तौर पर अपनी लकड़ी की चप्पलें एक चैकी (मल) पर रखी थीं। दूसरे, उसी क्षेत्र में जटा कुंड वह स्थान माना जाता है जहां भगवान राम और लक्ष्मण ने अपने उलझे हुए बाल त्यागे थे, जो उनके चैदह साल के वनवास के अंत का प्रतीक था। इस प्रकार, भरत कुंड भरत की निष्ठा और राम के वनवास के समापन अध्याय दोनों के प्रमाण के रूप में मौजूद है।

उपाध्यक्ष अनुराज जैन के अनुसार, भरत कुंड में मंदिरों और घाटों का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा।घाटों को पत्थरों से सुसज्जित किया जाएगा, पाथवे लाइटिंग से पूरा क्षेत्र जगमगाएगा। आधुनिक सुविधाओं के तहत एम्फीथियेटर का निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, हार्टिकल्चर (बागवानी) का कार्य और गजेबो (छत्रियां) बनाए जाएंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए वॉकवे, बैठने की व्यवस्था, ड्रिंकिंग वॉटर पॉइंट्स और पर्याप्त पार्किंग की भी व्यवस्था प्रस्तावित है। इस परियोजना से भरत कुंड की पूरी तस्वीर बदल जाएगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक लंबे समय तक यहां रुक सकें। मंदिर परिसरों को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने के साथ ही हरित क्षेत्र बढ़ाया जाएगा। रात में लाइटिंग से पूरा कुंड क्षेत्र आध्यात्मिक आभा से जगमगाएगा।

एडीए उपाध्यक्ष अनुराज जैन ने बताया कि यह विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पर्यटन संसाधनों का भी विस्तार होगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और अयोध्या के समग्र पर्यटन सर्किट में भरत कुंड एक महत्वपूर्ण गंतव्य बनकर उभरेगा। यह परियोजना अयोध्या विकास प्राधिकरण की बड़ी पहल है, जो राम मंदिर के बाद अयोध्या के अन्य प्राचीन एवं महत्वपूर्ण स्थलों को भी विश्व स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शासन से डीपीआर स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा और निर्धारित समय में भरत कुंड नया स्वरूप धारण कर लेगा।

भीषण गर्मी में जल पिलाने से जल ही जीवन कथन सत्य प्रतीत होता: अमित अवस्थी

बाराबंकी। हमारे शास्त्रों पुराणों और सरकार द्वारा जल ही जीवन है। ऐसा कहा गया है। इस प्रकार रेलमेध यज्ञ भी कथन को परिभाषित करता है। भीषण गर्मी में जल पिलाने पर जल ही जीवन है कथन सत्य प्रतीत होता है। उक्त उद्गार बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे जल वितरण कर रहे धर्मसेवको को सम्बोधित करते हुये धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र संयोजक अमित अवस्थी ने कही। आज बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर गोंडा, सीतापुर रेलों सहित बरौनी रेलयात्रियों को जल, पेठा, बताशा, गुड़ वितरित किया गया। इस अवसर पर बालक राम शर्मा, डॉक्टर ऋषिकांत शुक्ल, उमेश चंद्र वर्मा, लव कुमार पाठक, प्रतियोग रावत, हरिओम पाठक, रंजीत वर्मा, अवध राज सिंह, रमाकांत शुक्ल, अश्विनी कुमार पाल, प्रवेश शुक्ल नानमून, इंद्रेश सिंह, गोपीनाथ तिवारी, सभाजीत सिंह, प्रदीप शुक्ला, उमेश तिवारी, सरबजीत सिंह, रेलवे स्टेशन प्रभारी अनिल अवस्थी, जीआरपी प्रभारी दुर्गेश कुमार, आरपीएफ उप निरीक्षक जसवीर सिंह, सुनील कुमार मौजूद रहे।

- धर्मसेवको ने रेलयात्रियों मे किया जल, पेठा, बताशा, गुड़ वितरित

भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संगठन, विचारधारा और कार्यपद्धति पर हुआ मंथन

जिला संवाददाता

अयोध्या। रानोपाली स्थित उदासीन आश्रम में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ किया। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न सत्रों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, मीडिया प्रबंधन तथा देश के समक्ष चुनौतियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन होगा।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक विराट अभियान है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा त्याग, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित रही है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय की भावना से जुड़ा हुआ है। आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सत्र की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने किया। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री वी महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यशैली अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। पार्टी सामूहिक नेतृत्व, संगठनात्मक अनुशासन और बूथ स्तर तक मजबूत संरचना के आधार पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार बनती है। अध्यक्षता वर्ग अधिकारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने किया।

तीसरे सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने देश के समक्ष चुनौतियों विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन राष्ट्र विरोधी ताकतें देश की एकता और सामाजिक समरसता को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को राष्ट्रहित सर्वोपरि मानते हुए समाज में जागरूकता फैलानी होगी। क्षेत्रीय मंत्री विनोद पटेल ने विचार परिवार विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का वैचारिक आधार राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और सेवा भाव पर आधारित है। विचार परिवार समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय स्थापित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्ण वैश्य ने किया।

एसपी ने थाना सुजौली का किया निरीक्षण

बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव* द्वारा थाना सुजौली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर उनका समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी द्वारा स्वयं फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया ।मालखाना निरीक्षण के दौरान माल मुकदमाती को क्रमवार एवं वर्षवार सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने तथा संबंधित रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अद्यतन एवं व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का अवलोकन कर समुचित स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता एवं संसाधनों के उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना

परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उसका त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से उच्च कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें ।

थाना परिसर स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त थाने पर नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से संवाद स्थापित कर उनके प्रशिक्षण, आवास एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित गिरजा बैराज गार्द को भी चेक किया गया, जहां 02 पुलिसकर्मी अनुपस्थित पाए गए। उक्त कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है ।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए तथा कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।इस अवसर पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बहराइच। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई। महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने स्वच्छता और शस्त्र रख- रखाव का किया निरीक्षण

बहराइच । पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में विशेष स्वच्छता एवं शस्त्र रख-रखाव अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना परिसरों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता कार्य किया गया तथा थानों पर उपलब्ध शस्त्रों की विधिवत रख-रखाव एवं सफाई की गई। उक्त अभियान का उद्देश्य थाना परिसरों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करना, राजकीय अभिलेखों एवं कार्यालयी सामग्री का समुचित रख-रखाव करना तथा शस्त्रों की कार्यक्षमता, मारक क्षमता एवं क्रियाशीलता को बनाए रखना रहा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके ।पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगण द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान कर थाना कार्यालयों में रखे गए रजिस्टरों एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया। साथ ही मालखाना, बैरक एवं मेस की गहन सफाई की गई तथा परिसर में पड़ी अनावश्यक सामग्री को हटाकर वातावरण को स्वच्छ एवं कार्यानुकूल बनाया गया ।शस्त्र रख-रखाव के निर्धारित मानकों का पालन करते हुए थानों पर उपलब्ध समस्त शस्त्रों की विशेष सफाई की गई। इस दौरान अधिकारियों की निगरानी में शस्त्रों को खोलकर उनके कलपुर्जों की सूक्ष्म जांच की गई तथा ऑयलिंग एवं ग्रीसिंग कर उन्हें पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त एम्युनिशन/कारतूसों के रख-रखाव की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया।

ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित होंगे दिव्यांगता चिन्हॉकन शिविर

जिला संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों से लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से ब्लाकों एवं निकायों में 11 से 30 मई 2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक चिन्हाकन शिविरों का आयोजन प्रस्तावित है। चिन्हांकन शिविरों में दिव्यांगजनों की पात्रता का चिन्हांकन कर उनकी दिव्यांगता के अनुरूप विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी ।शिविर रोस्टर की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि 11 मई को ब्लाक परिसर चित्तौरा में ब्लाक चित्तौरा एवं नगर क्षेत्र बहराइच, 12 को ब्लाक परिसर रिसिया में ब्लाक रिसिया एवं नगर क्षेत्र रिसिया, 13 को ब्लाक परिसर तेजवापुर, 14 को ब्लाक परिसर बलहा में ब्लाक बलहा व नगर क्षेत्र नानपारा, 15 को ब्लाक परिसर महसी, 16 को ब्लाक परिसर शिवपुर, 18 को ब्लाक परिसर फखरपुर, 19 मई को ब्लाक परिसर पयागपुर ब्लाक पयागपुर एवं नगर क्षेत्र पयागपुर, 20 को ब्लाक परिसर कैसरगंज में ब्लाक कैसरगंज व नगर क्षेत्र कैसरगंज, 21 को ब्लाक परिसर हुजूरुपर, 22 को ब्लाक परिसर नवाबगंज में ब्लाक नवाबगंज व नगर क्षेत्र रूपईडीहा, 25 को ब्लाक परिसर मिहींपुरवा में ब्लाक मिहींपुरवा एवं क्षेत्र मिहींपुरवा, 28 को ब्लाक परिसर जरवल में ब्लाक जरवल व नगर क्षेत्र जरवल तथा 30 मई 2026 को ब्लाक परिसर विशेश्वरगंज में ब्लाक क्षेत्र विशेश्वरगंज के दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर आयोजित किया जायेगा ।डीएम श्री त्रिपाठी ने दिव्यांगजनों को सुझाव दिया है कि इच्छुक दिव्यांगजन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदान किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (जिसमें दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो), सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान के स्तर जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की वार्षिक रू. 46,080=0दिव्यांगता दशार्ता हुआ पासपोर्ट साईज छाया प्रति और यदि आवेदक अनूसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है।

एसपी ने किया गांव भरथापुर का निरीक्षण

बहराइच । पुलिस अधीक्षक *श्री विश्वजीत श्रीवास्तव* द्वारा थाना सुजौली क्षेत्रान्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर स्थित प्रथम गांव भरथापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, स्थानीय परिस्थितियों एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया ।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उस भरथापुर गांव के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिसे पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा विस्थापित कराया गया था। वर्तमान में उक्त विस्थापित गांव का नवीन नाम *भरतपुर* है, जो थाना मोतीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। पुलिस अधीक्ष द्वारा वहां निवासरत ग्रामीणों से संपर्क स्थापित कर उनकी वर्तमान स्थिति, समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई ।इस दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए ।पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा श्री प्रद्युम्न सिंह, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी सुजौली एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

रोजर्मा के इस्तेमाल का सामान हो सकता है महंगा

नयी दिल्ली। कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। देश की प्रमुख रोजर्मा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियां बढ़ती लागत से मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। एफएमसीजी कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया है कि वे पहले ही तीन से पांच प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी हैं और लागत का दबाव जारी रहने पर आगे भी मूल्य वृद्धि की जा सकती है। कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत बढ़ी है। रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है। इसका असर खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत देखभाल, पेय पदार्थ और घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। कंपनियां मुनाफा बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाने के साथ पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा कम करने की रणनीति भी अपना रही हैं। हालांकि पांच, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि बिक्री पर असर कम पड़े। कंपनियां लागत कम करने के लिए छूट और प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने जैसे कदम उठा रही हैं।

भारत का लक्ष्य जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान को बढ़ाकर 10% करना

नई दिल्ली। सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, ने जावेद अशरफ, अध्यक्ष, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दो-दिवसीय 15वें इंडियन एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन ओपन सेमिनार और एग्ज़िबिशन सर्विसेज एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय, ने कहा है कि भारत का लक्ष्य अगले दशक में जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान को मौजूदा 5% से बढ़ाकर 10% करना है। इस वृद्धि का मुख्य कारण बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना बताया जा रहा है, जैसे कि 2014 से अब तक हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 150 हो जाना, और घरेलू यात्राओं की भारी संख्या। 10% का यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य पर्यटन के आर्थिक प्रभाव को बढ़ाना है; इसमें रेल/सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। जहाँ एक ओर घरेलू पर्यटन का आँकड़ा 1.5 अरब यात्राओं को पार कर चुका है, वहीं श्री बिल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि अब केवल 'फुटफॉल' (आने वाले लोगों की संख्या) गिनने के बजाय, 'हाई-वैल्यू ट्रैवल' (उच्च-मूल्य वाली यात्राओं) और राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। पर्यटन अभी भी एक रकम-उपयोग किया गया इंजनरह बना हुआ है, और अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए इसे अपनी मौजूदा 'कमरा क्षमता' को तीन गुना बढ़ाने की आवश्यकता है।

कर्तव्य का ट्रेलर लॉन्च 15 मई से होगी स्ट्रीमिंग

मुंबई। धर्म निभाते हैं तो कर्म छूट जाता है, कर्म करते हैं तो धर्म छूट जाता है, कर्तव्य तक बात पहुंच ही नहीं पाती। हर फैसले की कीमत चुकानी पड़ने वाली दुनिया में कर्तव्य फिल्म सही और गलत के बीच की उस उलझन को दिखाती है, जहां कर्तव्य और उसके नतीजे एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं। नेटफ्लिक्स ने आज इस आने वाली क्राइम ड्रामा फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी किया है, जिसमें सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है जो तनाव और रहस्य से भरी हुई है। इस फिल्म में रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया हैं।अपने गंभीर माहौल और किरदारों पर आधारित दमदार कहानी के साथ कर्तव्य इंसान की अंतरात्मा, फैसलों के नतीजोंऔर सही काम करने की कीमत को दिखाने वाली एक रोमांचक कहानी है। कर्तव्य 15 मई से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ घटी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, एसबीआई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में कुल 46,685.21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 44,722.34 करोड़ रुपये घटकर 9,41,107.62 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 31,167.1 करोड़ रुपये घटकर 11,18,055.03 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 28,456.26 करोड़ रुपये घटकर 8,66,477.69 करोड़ रुपये रही। वहीं एलएंडटी का मूल्यांकन 5,371.84 करोड़ रुपये घटकर 5,46,621.21 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 15,425.09 करोड़ रुपये बढ़कर 12,02,699.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 11,486.89 करोड़ रुपये बढ़कर 5,94,610.02 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 8,763.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,37,562.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,563.28 करोड़ रुपये बढ़कर 19,42,866.58 करोड़ रुपये रहा, जबकि एलआईसी का मूल्यांकन 2,751.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,07,549.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 1,694.61 करोड़ रुपये बढ़कर 9,06,675.39 करोड़ रुपये रही। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मई में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 14231 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला मई में भी जारी है। वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 14,231 करोड़ रुपये निकाले हैं।

इसके साथ ही 2026 में एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का आंकड़ा बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया है। पूरे 2025 के दौरान एफपीआई ने भारतीय बाजार से 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। फरवरी को छोड़कर, 2026 के सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे हैं। जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो 17 माह का सबसे उंचा स्तर है। हालांकि, मार्च में यह रुख फिर पलट गया और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में भी उन्होंने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। मई में भी यह सिलसिला जारी है और एफपीआई अबतक 14,231 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं। एफपीआई की बिकवाली की मुख्य वजह वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता है। विदेशी निवेशक खासकर महंगाई, ब्याज दरों और भू-राजनीतिक जोखिमों को लेकर चिंतित हैं। भारतीय रुपया भी दबाव में है, जो विदेशी निवेशकों के लिए डॉलर-समायोजित प्रतिफल पर असर डाल रहा है। कुल बिकवाली के बावजूद एफपीआई बिजली, निर्माण और पूंजीगत सामान जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं।

निजी क्षेत्र का निवेश 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को कहा कि सितंबर, 2025 में भारत के निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय एक साल पहले के 4.6 लाख करोड़ रुपये से 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।

इसके साथ ही सीआईआई ने पश्चिम एशिया संकट और उसके बाद की स्थितियों के मद्देनजर पांच सूत्रीय उद्योग कार्य एजेंडा पेश किया। इसमें पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में की गई कटौती को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का प्रस्ताव शामिल है। भारतीय उद्योग परिसंघ ने निजी निवेश में आए इस उछाल को देश के निवेश चक्र में एक शक्तिशाली और व्यापक सुधार का निर्णायक प्रमाण बताया है। उद्योग निकाय ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती को कच्चे तेल की कीमतें स्थिर होने पर छह से नौ महीनों के दौरान धीरे-धीरे वापस लिया जाना चाहिए। सीआईआई के पांच सूत्रीय एजेंडा में एमएसएमई भुगतान के लिए 45 दिन की गारंटी, आयात विकल्पों के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा और स्वैच्छिक मूल्य नियंत्रण तथा इंटर्नशिप की संख्या बढ़ाने जैसे प्रस्ताव भी शामिल हैं। निजी क्षेत्र का निवेश सितंबर, 2025 में बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।

कम दाम पर ईंधन बिक्री से पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1700 करोड़ का नुकसान

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है।

अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। वहीं, मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे, लेकिन इसके बावजूद इसकी कीमत वास्तविक लागत से कम बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है। यदि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहती हैं, तो कंपनियों को कुछ पूंजीगत व्यय योजनाओं की प्राथमिकताओं में बदलाव करना पड़ सकता है। पेट्रोलियम कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर लगातार दबाव रहने से भविष्य में रिफाइनरी, पाइपलाइन, रणनीतिक भंडारण और स्वच्छ ईंधन परियोजनाओं में निवेश प्रभावित हो सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय अब सरकार के स्तर पर लिया जाना है। उनका कहना है कि ईंधन मूल्य वृद्धि लगभग अपरिहार्य हो गई है।

अब खर्च को लेकर सतर्क और व्यावहारिक रुख अपना रहे हैं भारतीय उपभोक्ता

नयी दिल्ली। भारतीय उपभोक्ता बदलती आर्थिक परिस्थितियों के बीच अब खर्च को लेकर अधिक सतर्क और व्यावहारिक रुख अपना रहे हैं। वे अपनी आकांक्षाओं और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाकर चल रहे हैं। उपभोक्ताओं के खर्च का रुझान अब मुख्य रूप से जरूरी श्रेणियों तक सीमित हो रहा है, जबकि गैर-आवश्यक क्षेत्रों में खर्च केवल चुनिंदा क्षेत्रों में बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि यात्रा क्षेत्र में त्योहारों के बाद कुल मांग में कुछ नरमी आई है, लेकिन उपभोक्ताओं का झुकाव प्रीमियम सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। ग्राहक अब बेहतर मूल्य, सुविधा और भरोसेमंद सेवाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारतीय उपभोक्ता अब संतुलित उपभोग के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। वे अधिक परिपक्व और जुझारूपन के साथ सोच-समझकर खर्च कर रहे हैं।

परिवार अब आवश्यक वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं, बेहतर अनुभवों पर सीमित लेकिन गुणवत्ता वाला खर्च कर रहे हैं और बड़े वित्तीय फैसलों को फिलहाल टाल रहे हैं। भोजन पर संयमित खर्च और स्थिर बचत का रुझान भी इस बदलाव को दर्शाता है। उद्देश्यपूर्ण उपभोग का यह रुझान भारतीय उपभोक्ता आधार की मजबूती को दर्शाता है, जो आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालते हुए भी गुणवत्ता और बेहतर अनुभव की तलाश जारी रखे हुए है।

कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये-डॉलर की चाल और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी। बाजार इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील रहेगा और निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बाजार की दिशा तय करने वाला एक अहम कारक रहेगा। यदि कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती हैं या तनाव कम करने की दिशा में प्रगति होती है तो जोखिम वाले निवेश माध्यमों में राहत भरी तेजी देखी जा सकती है। वहीं तनाव बढ़ने की स्थिति में बाजार पर दबाव बना रह सकता है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह महंगाई के आंकड़े भी आने हैं जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस बीच, केनरा बैंक, टाटा पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियां सप्ताह के दौरान अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। भारतीय शेयर बाजार निकट भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील बने रहेंगे और बाजार व्यापक दायरे में कारोबार कर सकता है। भारत के अप्रैल महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर नीति का संकेत देंगे, जबकि अमेरिका के सीपीआई और पीपीआई आंकड़े फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दर कटौती, बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफआईआई) ने भी भारतीय बाजारों से निकासी जारी रखी है। इस महीने अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों से 14,231 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। आने वाले दिनों में बाजार की दिशा मुख्य रूप से भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों, रुपये की चाल और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। साथ ही चौथी तिमाही के नतीजों का अंतिम चरण शेयर और क्षेत्र आधारित गतिविधियों को प्रभावित करेगा।

एफटीए का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए बेहतर उपयोग योजना पर काम कर रही है सरकार

नयी दिल्ली। विकसित देशों के साथ कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर के बाद सरकार इनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए एफटीए इस्तेमाल योजना पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी के अनुसार, 2021 से अबतक भारत ने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, न्यूजीलैंड, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है। ये मुक्त व्यापार समझौते 38 देशों के साथ किए गए हैं, जिनका वैश्विक आयात मूल्य 12,000 अरब डॉलर बैठता है। इन समझौतों के तहत

भारतीय कृषि, वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स को शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिली है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग संगठनों, कारोबारियों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें कर एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा की है। उन्होंने उद्योग जगत से इन समझौतों का लाभ उठाकर निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने का आह्वान किया है। मंत्री ने चार मई को प्रमुख अधिकारियों और मुख्य वार्ताकारों के साथ बैठक कर मुक्त व्यापार समझौतों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद सात मई को भारतीय कृषि और मत्स्य उत्पादों के लिए वैश्विक बाजारों में स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (एसपीएस) संबंधी मंजूरियां हासिल करने के लिए रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। इस प्रक्रिया में विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों और सभी संबंधित मंत्रालयों को भी शामिल किया गया है। भारतीय दूतावास आयातक देशों में एफटीए के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नए अवसरों की जानकारी देने और गैर-शुल्क बाधाओं के समाधान में तेजी लाने का काम करेंगे।

पेज एक का शेष

यूपी में

बिहारी लाल की जय और भारत माता के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि आज मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद शपथ ग्रहण करने वाले सभी मंत्री पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस अद्भुत कार्यक्रम में सहभागी बने। करीब ढाई घंटे तक सभी एक साथ यहां बैठे रहे और हर एक चेहरे पर नई रौनक दिखाई दे रही थी। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा और संस्कृति से जुड़ी भगवान श्री कृष्ण पर आधारित इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ हम सभी यहां जुड़े हैं। फिल्म के कलाकार भी यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के रूप में सत्यभामा का किरदार निभाने वाली कलाकार का नाम भी संस्कृति है, जिन्होंने इस भूमिका को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। सीएम योगी ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद हम सभी ने एक साथ इस फिल्म को देखा। यह भारत की संस्कृति और परंपराओं से जुड़े इतिहास को समेटते हुए तथा पुरातन विरासत को मुख्य धारा में प्रस्तुत करने वाली फिल्म है। इस दौरान फिल्म की मुख्य अभिनेत्री संस्कृति ने सीएम योगी से आशीर्वाद लिया। सीएम योगी ने निमार्ता-निर्देशक और फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों को धन्यवाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया। इसी के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा भी की। उन्होंने सूचना विभाग को प्रत्येक जनपद में इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित कराने में सहयोग करने का निर्देश दिया, जिससे बच्चे और युवा इसे देखकर अपनी संस्कृति, परंपरा और सनातन विरासत के बारे में समझ सकें। उन्होंने कहा कि जब हम बरसाना, मथुरा और वृंदावन में जाते हैं तो वहां संबोधन राधे-राधे का ही होता है। उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णावतारम्की मुख्य पात्र संस्कृति राज्यपाल की नातिन हैं और किसी भी नानी के लिए इससे अद्भुत क्षण और कोई नहीं होगा कि पालन-पोषण कर जिस बच्ची को आगे बढ़ाया है, आज उसे इतना बेहतर काम करते हुए वे देख रहीं हैं। उन्होंने कहा कि कलाकार को सम्मान मिलना चाहिए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को लेकर ऐसी फिल्में बनानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने नए मंत्रियों को शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की गई है। फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर हैं। फिल्म में सिद्धार्थ गुप्ता, संस्कृति, सुष्मिता भट्ट और निवासिनी कृष्णन मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, जैकी श्रॉफ और आशुतोष राणा समेत कई बड़े कलाकार अपने किरदारों के जरिये छाप छोड़ने में सफल रहे।

मोदी ने

विश्वासघात की राजनीति और पार्टी शासित राज्यों में प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बताया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अनिश्चित वैश्विक माहौल में स्थिरता का प्रतिनिधित्व करती है तथा राज्यों में हाल के चुनाव परिणाम राजग के शासन मॉडल के लिए बढ़ते जन समर्थन को दर्शाते हैं। पुडुचेरी और असम में राजग के सत्ता में बने रहने, पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा के सरकार बनाने और गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी की व्यापक जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि ये परिणाम एक निर्णायक राजनीतिक बदलाव का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा, ये चुनाव परिणाम भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण हैं। ये भारत के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों और मध्यम वर्ग के मिजाज को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के लोग कह रहे हैं कि वे स्कैम (घोटाले) नहीं, स्पीड (तेजी) चाहते हैं, वे समाधान चाहते हैं। वे राष्ट्रीय नीति पर आधारित राजनीति चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को मजबूत करने में कर्नाटक ने ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यहां तक कि पार्टी के शुरुआती वर्षों में भी। उन्होंने कहा, मैं देख सकता हूं कि आज बेंगलुरु की धरती से भगवा सूर्य का उदय हुआ है। जब भाजपा इतनी बड़ी पार्टी नहीं थी, तब भी कर्नाटक ने इसे जबरदस्त ताकत दी। मोदी ने कहा कि लोकसभा प्रतिनिधित्व के मामले में भाजपा अब कर्नाटक में नंबर एक पार्टी है और पड़ोसी राज्य तेलंगाना में दूसरी सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण और पूर्वी भारत में भाजपा के विस्तार की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले पश्चिम बंगाल में मात्र तीन विधायकों से आगे बढ़कर पार्टी अब 200 से अधिक विधायकों के साथ सरकार बनाने में सफल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में भाजपा विधायकों की संख्या में एक से बढ़कर तीन हो जाना इस बात का संकेत है कि राजग अंततः वहां भी एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरेगा और आने वाले वर्षों में सरकार बनाएगा। उन्होंने यह भी पूछा कि हाल के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद कांग्रेस ने केरल में सरकार क्यों नहीं बनाई। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कांग्रेस आलाकमान अभी तक केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए तीन वरिष्ठ नेताओं की दावेदारी के चलते किसी भी नेता का चयन नहीं कर पाया है।

उन्होंने कहा, हम केंद्र में 12 वर्षों से सत्ता में हैं। भाजपा-राजग सरकारें 21 से अधिक राज्यों में सत्ता में हैं। हम इस सिद्धांत पर काम कर रहे हैं कि राज्यों का विकास राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। कांग्रेस नेतृत्व पर हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी एक समय में 400 से अधिक लोकसभा सीट जीतने के बावजूद पिछले तीन आम चुनावों में 100 सीटों का आंकड़ा पार करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी चुनावी हार के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति भी अवमानना प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा, अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में मैंने किसी भी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टी को इस तरह व्यवहार करते नहीं देखा। वे (कांग्रेस के नेता) इतनी गहरी निराशा में डूब चुके हैं कि उनके पास अपशब्दों का प्रयोग करने के अलावा कोई एजेंडा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि द्रमुक के समर्थन के कारण कांग्रेस वर्षों तक राजनीतिक रूप से टिकी रही लेकिन सत्ता समीकरण बदलने पर उसने क्षेत्रीय पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा। उनका इशारा द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन से अलग होने के बाद अभिनेता-राजनेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके द्वारा तमिलनाडु में सरकार बनाने को कांग्रेस के समर्थन की ओर था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी नेतृत्व व्यवस्था को लेकर वादे करके और बाद में उन्हें तोड़कर अपने ही नेताओं के साथ ऐसा ही विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, कर्नाटक में अब भी वही खेल चल रहा है। अब केरल की बारी आ गई है। मोदी ने कहा, अब परजीवी कांग्रेस को एक और पार्टी की जरूरत है जिसके कंधों पर सवार होकर वह राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बनी रह सके।

रावत ने

बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। सरकार नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में स्मार्ट क्लास, ई-लर्निंग, आधुनिक पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। साथ ही छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर सतपाल महाराज ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि सतपुली में नए महाविद्यालय भवन के निर्माण से स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र में शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के बाद उच्च शिक्षा मंत्री ने सतपुली में निमार्णाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पाक में

कि इस हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हैं। हालांकि, हमले में कितने चरमपंथी मारे गए या कोई पकड़ा गया, इस बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने इस चरमपंथी हमले की कड़ी निंदा की और जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख जताया। अफरीदी ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध यह लड़ाई केवल खैबर पख्तूनख्वा की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की है। उन्होंने यह भी कहा कि बंद कमरों में लिए गए फैसलों और थोपी गई नीतियों ने देश को असुरक्षा के दल-दल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा, हम अपने शहीदों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और आतंकवाद के इस अभिशाप को जड़ से मिटाने तक प्रयास जारी रखेंगे। पिछले सप्ताह इसी तरह की एक घटना में, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान क्षेत्र में एक जांच चौकी की ओर विस्फोटक से भरे वाहन में आ रहे एक संदिग्ध चरमपंथी को मार गिराया था। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान सरकार इस क्षेत्र में हिंसा

बेंगलुरु ने मुंबई को हराया

आईपीएल:बेंगलुरु ने 2 विकेट से हराया, क्रुणाल की फिफ्टी, भुवनेश्वर को 4 विकेट

एजेंसी

रायपुर । मुंबई इंडियंस कढछ की प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई है। उसे रविवार के दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2 विकेट से हराया। इस हार के बाद मुंबई की टीम अगले 3 मैच जीतकर भी 12 अंक तक ही पहुंच सकेगी, जोकि प्लेऑफ के लिए काफी नहीं है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 166 रन बनाए। 167 रन का टारगेट बेंगलुरु ने 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर चेज किया। टीम ने 8 विकेट गंवा दिए थे। बेंगलुरु की ओर से क्रुणाल पंड्या ने 46 बॉल पर 73 रन की पारी खेली।

वहीं, गेंदबाजी में भुवनेश्ववर कुमार ने 4 विकेट झटके। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 167 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। भुवनेश्वर कुमार ने बेहद अहम मौके पर तिलक का विकेट लेकर बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। तिलक स्कूप शॉट खेलने के लिए ऑफ स्टंप के बाहर गए, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे लेग स्टंप से जा टकराई। तिलक ने 42 गेंदों में 57 रन की शानदार पारी खेली, जिस पर दर्शकों ने भी तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। तिलक वर्मा ने दबाव के बीच शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

रसिख सलाम की बैक ऑफ लेंथ गेंद को तिलक ने पॉइंट के गैप में चौके के लिए भेजा। लगातार विकेट गिरने के बावजूद तिलक एक छोर संभालकर खड़े रहे और एक बार फिर मुंबई की पारी को संभालने का काम किया। रोमारियो शेफर्ड ने विल जैक्स को आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। ऑफ स्टंप के बाहर लेंथ गेंद पर जैक्स बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन टाइमिंग सही नहीं हुई और गेंद डीप मिडविकेट की ओर हवा में चली गई। वहां जैकब बेथेल ने आसान कैच पकड़ लिया। जैक्स 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे और मुंबई ने अपना पांचवां विकेट गंवा दिया। रसिक सलाम ने शानदार वापसी करते हुए नमन बोल्ड को बोल्ड कर दिया।

बैक ऑफ लेंथ गेंद पिच से तेजी से स्किड हुई और नमन सही टाइमिंग नहीं कर सके। वे 32 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई ने 12 ओवर के बाद 3 विकेट पर 102 रन बना लिए हैं। नमन धीर 39 और तिलक वर्मा 34 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं। इस ओवर में कृणाल पंड्या की गेंद पर एक छक्का समेत कुल 11 रन आए, जिससे मुंबई ने रनगति को फिर तेज करने की कोशिश की। छठे ओवर में तिलक वर्मा को जीवनदान मिला। रसिख सलाम की शानदार स्लोअर गेंद पर तिलक का टॉप एज मिडविकेट की ओर गया, लेकिन सुयश शर्मा आसान कैच नहीं पकड़ सके। गेंद उनके हाथों और पैरों के बीच से निकल गई। इससे पहले ओवर में एक मिसफील्ड भी हुई थी। मुंबई ने 6 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए हैं। नमन धीर और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने एक ही ओवर में दो विकेट लिए। पांचवीं बॉल पर पहले उन्होंने शानदार नकल बॉल पर रोहित शर्मा को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया।

इसके बाद अगली ही गेंद पर सूर्यकुमार यादव को स्लिप में खड़े विराट कोहली ने शानदार लो कैच पकड़कर पवेलियन भेज दिया। भुवनेश्वर ने अपने अनुभव का शानदार नमूना पेश करते हुए रयान रिकल्टन को जल्दी पवेलियन भेज दिया। भुवनेश्वर ने लगातार विकेट-टू-विकेट गेंदबाजी की और पिच की अतिरिक्त उछाल का बेहतरीन इस्तेमाल किया। रिकल्टन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में टाइमिंग नहीं कर सके और गेंद सीधा मिड-ऑफ पर खड़े रजत पाटीदार के हाथों में चली गई। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज बेंगलुरु के खिलाफ नहीं खेल रहे हैं। वे पिछले मैच में भी टीम का हिस्सा नहीं थे।

उनकी जगह सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए मैदान पर आए। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। मैच 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अब तक 35 मैच खेले गए हैं। फउइ ने 15 और टक ने 19 मैच जीते हैं। एक मैच टाई रहा, जिसे बेंगलुरु ने जीता था। पिछले सीजन दोनों के बीच एक मुकाबला हुआ था, जिसे फउइ ने जीता। इस सीजन के पहले मैच में भी बेंगलुरु ने वानखेड़े में मुंबई को 18 रन से हराया था।

आरसीबी की सबसे बड़ी चिंता उसका टॉप ऑर्डर है। फिल साल्ट की जगह आए जैकब बेथेल अब तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। उन्होंने चार पारियों में 14, 20, 5 और 4 रन बनाए हैं। इससे विराट कोहली पर रन बनाने का दबाव बढ़ गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी इस सीजन में संघर्ष कर रहे हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 23 रन है। मिडिल ओवरों में रन न बनाना टीम की हार की बड़ी वजह रहा है। कोहली 10 मैचों में 164.06 की स्ट्राइक रेट से 379 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। वहीं, भुवनेश्वर कुमार17 विकेट लेकर कढछ के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में लखनऊ के खिलाफ 228 रन का लक्ष्य हासिल कर दम दिखाया है। चोट के बाद लौटे रोहित शर्मा ने 44 गेंदों पर 84 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट मुंबई की गेंदबाजी को मजबूत बनाते हैं। रायन रिकलटन 8 मैचों में 380 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं।

दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे पंजाब किंग्स

धर्मशाला। पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक तीन मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले तीन लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। हैदराबाद में टीम की कैचिंग बहुत खराब थी। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी रन लुटा रहा है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी भी अच्छी शुरुआत के बाद अब नाकाम हो रही है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारूप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे। उसके बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर खुद को ढालने में नाकाम रहे हैं जिससे उनकी कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव के साधारण प्रदर्शन ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं जबकि मिचेल स्टार्क शायद बहुत देर से टीम से जुड़े। पंजाब किंग्स की तरह दिल्ली के क्षेत्ररक्षण ने भी उसे निराश किया है। आंकड़ों के लिहाज से दिल्ली की टीम अब भी प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है लेकिन इसकी बहुत कम संभावना है कि वे टूर्नामेंट में आगे बढ़ पाएंगे। समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, प्रवीण दुबे, पायला अविनाश और विशाल निषाद।

दिल्ली कैपिटल्सः अभिषेक पोरेल, लोकेश राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जेमिसन, अजय जाधव मंडल, माधव तिवारी, साहिल पारख, करुण नायर, टी नटराजन।

संक्षेप

संधू पार 72 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष 40 से बाहर

बार्सिलोना। युवराज संधू एस्ट्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप के तीसरे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर खिसक गए। तीसरे दिन अच्छी शुरुआत के बाद आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के कारण उनका स्कोर 72 रहा। उनका कुल स्कोर चार-अंडर (68-72-72) है। इससे पहले शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत कट हासिल करने में असफल रहे थे। संधू ने टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में चार-अंडर 68 के साथ की थी, लेकिन दूसरे दिन उन्हें संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने ईवन पार 72 का स्कोर बनाया। संधू ने तीसरे दौर के पहले 10 होल में चार बर्डी और एक बोगी लगाई। वह शीर्ष-20 में जगह बनाने की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन 15वें होल पर डबल बोगी और 18वें होल पर बोगी के कारण उन्होंने चार होल में तीन शॉट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के युराव प्रेमलाल ने तीसरे दौर में नौ-अंडर 63 का शानदार कार्ड खेलते हुए कुल 19-अंडर (70-64-63) के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

एशियाई चैंपियनशिप में लय हासिल करने की कोशिश करेंगे भारतीय

गांधीनगर। भारतीय भारोत्तोलक सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में घरेलू समर्थन का फायदा उठाकर शानदार प्रदर्शन करने और राष्ट्रमंडल खेलों तथा एशियाई खेलों से पहले अपनी तैयारियों को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। आगामी राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यहां के प्रदर्शन और इससे हासिल अंक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी दावेदारी मजबूत करेंगे। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण उतारा है। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू हालांकि इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगी, क्योंकि वह कंधे की चोट से उबर रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में राष्ट्रमंडल पदक विजेता बिंद्यारानी देवी, हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह पर निगाहें रहेंगी।

जस्टिना ने तुमकुरु ओपन आईटीएफ का एकल खिताब जीता

तुमकुरु (कर्नाटक)। शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा।

कंधे की चोट के कारण शनिवार को युगल फाइनल से हटने वाली जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की। इससे दर्शकों को निराशा हाथ लगी जो शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फाइनल की उम्मीद में आए थे। यह जस्टिना का आठवां आईटीएफ एकल खिताब था है। ट्रॉफी के साथ लिथुआनिया की इस खिलाड़ी को विजेता के तौर पर 4,860 डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक भी मिले।

बांग्लादेश की पाक पर 34 रन की बढ़त

ढाका। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन के पांच विकेट से बांग्लादेश रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान को पहली पारी में 386 रन पर आउट कर अपनी कुल बढ़त 34 रन की कर ली। मेहदी ने 102 रन देकर पांच विकेट हासिल किए जिससे बारिश से प्रभावित तीसरे दिन पाकिस्तान की टीम 386 रन पर ऑल आउट हो गई और बांग्लादेश ने 27 रन की बढ़त हासिल की। स्टंप तक बांग्लादेश ने बिना कोई विकेट खोए सात रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त बढ़कर 34 रन हो गई। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल समय से पहले ही रोकना पड़ा। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अजान अवैस (103 रन) ने अपने पदार्पण मैच में शतक जड़ा जबकि तीन अन्य बल्लेबाज अब्दुल्ला फजल, सलमान आगा और मोहम्मद रिजवान ने भी अर्धशतक बनाकर उनका बखूबी साथ दिया।

विश्व कप : नीरू व विवान ने ट्रैप मिश्रित में जीता कांस्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीरू ढांडा और विवान कपूर ने ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया जिससे भारत ने रविवार को कजाखस्तान के अल्माटी में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में सकारात्मक तरीके से अपना अभियान समाप्त किया। यह पदक नीरू और विवान के लिए ओलंपिक स्पर्धा में आईएसएसएफ विश्व कप का पहला पोडियम स्थान था और पिछले साल ओलंपिक कार्यक्रम में मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धाको शामिल किए जाने के बाद से भारत का दूसरा पदक था। नीरू और विवान ने फाइनल में पहले 30 में से 24 निशाने लगाए। इटली की शीर्ष जोड़ी सिल्वाना स्टांको और मौरो डी फिलिपिस के बराबर स्कोर करने के बावजूद उन्हें रजत पदक से चूकना पड़ा क्योंकि वे क्वालीफिकेशन में इतालवी जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चीनी ताइपे के कुन-पी यांग और वान-यू लियू ने फाइनल में 36 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना दूसरा विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। विवान और नीरू ने क्वालीफिकेशन में 143 का स्कोर किया था जो पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिल्वाना और इस स्पर्धा के पूर्व विश्व चैंपियन मौरो के स्कोर से सिर्फ दो अंक कम था। अहवर रिजवी और प्रगति दुबे की दूसरी मिश्रित जोड़ी प्रतियोगिता में 23वें स्थान पर रही।

टाइटंस के शीर्ष क्रम में बेहद शानदार बल्लेबाज : हेडन

जयपुर। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन का मानना है कि उनके पास जबरदस्त गेंदबाजी आक्रमण है और बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार बल्लेबाज मौजूद हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग में टीम सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आ रही है। टाइटन्स ने लगातार चार मैच जीते हैं जिसमें शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 77 रन की जीत भी शामिल है। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

गुकेश छठे स्थान पर रहे, नीमैन को खिताब

वारसॉ। विश्व चैंपियन डी गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। खिलाड़ियों ने नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर दो अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था।

भारत ने तीरंदाजी विश्व कप में जीते स्वर्ण सहित दो पदक

एजेंसी

- दीपिका की अगुआई में महिला रिकर्व टीम ने विश्व कप में जीते पदक

शंघाई। दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की।

अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। हालांकि सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और बाद में चैंपियन बनीं दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

सीएसके ने मजबूत की प्लेऑफ की उम्मीद

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को आठ विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे।

इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के ओवरों के नुकसान की भरपाई की।

रोइंग महाकुंभ : रामगढ़ताल नेशनल टूर्नामेंट्स की करेगा मेजबानी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन और खेलों को बढ़ावा देने की सोच के चलते गोरखपुर का रामगढ़ताल आज देश के बेहतरीन रोइंग वेन्यू में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध गोरखपुर अब जल क्रीड़ाओं के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खेल विजन का ही परिणाम है कि रामगढ़ताल को लगातार बड़े राष्ट्रीय आयोजनों की

- योगी सरकार के विजन से वॉटर स्पोर्ट्स हब बना शहर, 'अस्मिता लीग' और 'जूनियर नेशनल' के लिए जुटेंगी देश भर की टीमें

मेजबानी मिल रही है। इसी कड़ी में यहाँ 12 मई से अगले दस दिनों तक रामगढ़ताल की लहरों पर अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग और 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पदकों के लिए रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इन दो चैंपियनशिपों के सफल क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश खेल विभाग हर संभव बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग प्रदान कर रहा है। यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश के खेल परिदृश्य को नई ऊंचाई देंगे, बल्कि गोरखपुर को राष्ट्रीय जल क्रीड़ा मानचित्र पर और अधिक मजबूत पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे गोरखपुर में खेल पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग 12 से 16 मई तक, खिलाड़ियों पर होगी लाखों के इनामों की बारिश

रोइंग के महाकुंभ की शुरूआत अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग से होगी। इस आयोजन में देश भर की उम्दा महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। लीग का आयोजन 12 से 16 मई, 2026 तक किया जा रहा है। चैंपियनशिप में प्रतिभाग के लिए टीमें 12 मई तक पहुंचेंगी। वहीं 13 मई को चैंपियनशिप का उद्घाटन होगा। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों का आयोजन 16 मई को होगा। चैंपियनशिप में अंडर-15 आयु वर्ग, अंडर-19 आयु वर्ग और ओपन वर्ग प्रत्येक में चार-चार इवेंट आयोजित होंगे। सभी इवेंट 1000 मीटर में होंगे। यह लीग न केवल खेल, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी एक बड़ा प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य रोइंग की महिला एथलीटों को एक पेशेवर मंच देना और उन्हें भविष्य के बड़े आयोजनों के लिए तैयार करना है।

इनामी राशि से नया कीर्तिमान

लीग के प्रत्येक वर्ग (ओपन, अंडर-19 और अंडर- 15) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 1,55,500 रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि केवल टॉप-3 ही नहीं, बल्कि आठवें स्थान तक आने वाली सभी टीमों को नकद पुरस्कारों से नवाजा जाएगा, ताकि खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहे। यह बड़ी पहल महिला रोइंग के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप 17 से 21 मई तक, भविष्य के सितारों की होगी खोज

अस्मिता लीग के तुरंत बाद, 17 से 21 मई तक 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आगाज होगा। यह टूर्नामेंट देश की युवा प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का सबसे बड़ा जरिया है। उत्तर प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि जूनियर स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने गोरखपुर को मौका दिया है। इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं को तराशने का बड़ा जरिया बनेगा। चैंपियनशिप में बालक व बालिका वर्ग में पांच इवेंट का आयोजन होगा। सभी इवेंट 2000 मीटर में होंगे।

बंगाल: शुभेंदु का गृहनगर में जोरदार स्वागत

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि राज्य में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया और लोगों में भरोसा कायम हुआ। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के एक दिन बाद शुभेंदु अपने गृह नगर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कांथी पहुंचे थे, जहां समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। शुभेंदु ने कोलकाता के लिए रवाना होते समय ये बातें कहीं। उन्होंने कोलकाता रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, 'भय का माहौल समाप्त हुआ, भरोसा कायम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल आशा और विश्वास के माहौल में सभी हितधारकों की भागीदारी से प्रगति करेगा।

शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेने और पूरे दिन सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद अधिकारी देर रात कालीघाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर कांथी के लिए रवाना हुए। उनका काफिला देर रात करीब दो बजे कांथी स्थित उनके आवास शांतिकुंज पहुंचा लेकिन देर रात होने के बावजूद शाम से ही इलाके में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। जैसे ही उनका वाहन इलाके में पहुंचा समर्थकों ने उनके स्वागत में नारे बुलंद किए और उन पर फूलों की बारिश की। भारी भीड़ के कारण काफिले की रफ्तार धीमी हो गई, जिसके बाद अधिकारी वाहन से बाहर आए और

समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। इस स्वागत से भावुक दिखे मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर लोगों से घर लौटने की अपील करते हुए कहा, अब बहुत देर हो चुकी है, कृपया अपने घर लौट जाएं। पूरा माहौल किसी उत्सव जैसा नजर आ रहा था। स्थानीय लोग अपने माटी के बेटे के राज्य के सर्वोच्च पद तक पहुंचने का जश्न मना रहे थे। घर पहुंचने के बाद अधिकारी ने अपने माता-पिता का आशीर्वाद भी लिया। उनके पिता शिशिर अधिकारी और मां गायत्री अधिकारी देर रात तक उनके स्वागत के लिए जागते रहे। स्थानीय निवासियों और बचपन के परिचितों ने अधिकारी को दृढ़ निश्चयी और संकल्पवान बताते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक सफलता के पीछे उनकी मजबूत इच्छाशक्ति तथा निरंतर प्रयास रहे हैं। सुबह से ही पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर समेत राज्य के अन्य जिलों से लोगों की लंबी कतार उनके कांथी स्थित आवास के बाहर देखी गई। पुलिस और सुरक्षा बल भीड़ को नियंत्रित करने में लगे थे। अधिकतर लोग हाथों में फूल और गुलदस्ते लेकर पहुंचे थे।

राधारानी दास नामक महिला ने कहा, मैं नंदकुमार इलाके से आई हूं। दादा (शुभेंदु) के मुख्यमंत्री बनने से मैं बेहद खुश हूं। वह बहुत सरल स्वभाव के हैं। जब भी हमारे इलाके में आते थे, मुझसे बात जरूर करते थे। वह बहुत विनम्र इंसान हैं। वहीं, दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर निवासी बिजय नस्कर ने कहा कि वह सुबह से अधिकारी का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा मैं सीधे तौर पर किसी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं हूं, लेकिन भाजपा का समर्थक हूं। मैं दादा को बधाई देना चाहता हूं और यह भी बताना चाहता हूं कि भाजपा की जीत ने हम जैसे लाखों लोगों को अन्याय के खिलाफ बिना डर के अपनी आवाज उठाने और किसी भी अत्याचार तथा दबंगई के खिलाफ अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने की प्रेरणा दी है।

हंटावायरस प्रभावित क्रूज पोत स्पेन के टेनेरीफ पहुंचा

टेनेरीफ (स्पेन)। हंटावायरस संक्रमण से प्रभावित क्रूज पोत 140 से अधिक लोगों को लेकर स्पेन के कैनरी द्वीपसमूह के सबसे बड़े द्वीप टेनेरीफ पहुंच गया है। पश्चिम अफ्रीका के तट के पास स्थित इस द्वीप पर यात्रियों और चालक दल के कुछ सदस्यों को पोत से उतारा जाना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), स्पेन के प्राधिकारियों और क्रूज कंपनी ओशनवाइड एक्सपेडिशंस ने कहा है कि एमवी होंडियस पर सवार किसी भी व्यक्ति में फिलहाल वायरस के लक्षण नहीं दिख रहे। इस वायरस के प्रकोप के बाद से तीन लोगों की मौत हो चुकी है और पोत से उतर चुके पांच यात्री हंटावायरस से संक्रमित हैं। यह वायरस जानलेवा बीमारी का कारण बन सकता है। पोत में सवार लोगों को छोटी नौकाओं के जरिये उतारा जाएगा। पोत से उतरने वाले सभी लोगों की जांच की जाएगी और उन्हें तभी उतारा जाएगा, जब निकासी उड़ानें उन्हें उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए तैयार होंगी। पोत पर इस समय 20 से अधिक देशों के लोग सवार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस, स्पेन के स्वास्थ्य और गृह मंत्रियों के साथ पोत से लोगों को निकालने की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। अधिकारियों ने कहा है कि जिन यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को पोत से उतारा जाएगा, उनका स्थानीय आबादी से कोई संपर्क नहीं होगा। हंटावायरस आमतौर पर तब फैलता है, जब लोग चूहों या गिलहरी जैसे कुतरने वाले जीवों के मल के दूषित अवशेषों के संपर्क में आई हवा में सांस लेते हैं।

यह आम तौर पर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से नहीं फैलता लेकिन क्रूज पोत पर फैले संक्रमण में मिला एंडीज वायरस दुर्लभ मामलों में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। संक्रमण के संपर्क में आने के बाद आमतौर पर एक से आठ सप्ताह के बीच लक्षण दिखाई देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी एवं वैश्विक महामारी प्रबंधन विभाग की निदेशक मारिया वान केरखोव ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारी रविवार और सोमवार को निकासी उड़ान प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रख रहे हैं।

संक्षेप

कतर के तट पर हमले के बाद जहाज में आग लगी : ब्रिटिश सेना

दुबई। कतर के तट पर रविवार को एक अज्ञात मिसाइल के हमले के बाद एक जहाज में आग लग गई। ब्रिटिश सेना ने यह जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने कहा कि हमले के कारण मालवाहक पोत पर मामूली आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया। यूकेएमटीओ ने बताया कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा से 43 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हुआ। इसने कहा कि हमले में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। अमेरिका और ईरान के बीच नाजुक युद्धविराम के बाद फारस की खाड़ी में जहाजों पर यह नवीनतम हमला है। पिछले एक सप्ताह के दौरान फारस की खाड़ी में जहाजों पर कई हमले हुए हैं। अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के दो तेल टैंकरों पर हमला किया और कहा था कि ये टैंकर ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। ईरान की नौसेना ने चेतावनी दी है कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक पोत पर कोई भी हमला होने पर इसका जवाब क्षेत्र स्थित किसी भी अमेरिकी सैन्य अड्डे और दुश्मन के पोत पर भीषण हमलों से दिया जाएगा।

कांस्टेबल हत्या मामले में चार पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में सात मई को एक महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी राजकीय रेलवे पुलिस कांस्टेबल की भीड़ द्वारा कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में कम से कम चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया और दो होम गार्ड को सेवा से हटा दिया गया। यह कार्रवाई रविवार को ऐसे समय में हुई जब कुछ ही घंटे पहले ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा ने इसको लेकर जांच शुरू की। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी द्वारा ओडिशा पुलिस को यह आदेश जारी करने के एक दिन बाद अपराध शाखा ने मामले को अपने हाथ में ले लिया।

अपराध शाखा ने शुरू की जांच

इस घटनाक्रम में एक महिला के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है और मृतक (कांस्टेबल) के परिजन ने कथित महिला शिकायतकर्ता का पॉलीग्राफ परीक्षण कराने की मांग की है।

नयी पीढ़ी, नयी आवाज, नयी कल्पना : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सी जोसेफ विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर उन्हें बधाई दी और कहा कि राज्य ने एक नयी पीढ़ी, एक नयी आवाज तथा एक नयी कल्पना को चुना है। गांधी ने चेन्नई में विजय के शपथग्रहण समारोह में भाग लिया और कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कीं।

विजय ने रविवार को एक भव्य समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में 60 वर्षों बाद पहली बार गैर-द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और गैर-अन्नाद्रमुक (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) सरकार बनी है। विपक्ष के नेता ने एक्स पर कहा, तमिलनाडु ने चुनाव कर लिया है। एक नयी पीढ़ी। एक नयी आवाज। एक

नयी कल्पना। थिरु विजय को मेरी शुभकामनाएं - आशा है कि वह तमिलनाडु की जनता की आशाओं को पूरा करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि लंबे समय से राज्य की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित करने वाले आदर्श टीवीके प्रमुख के नेतृत्व में सरकार को आगे भी दिशा देते रहेंगे। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मैं उन्हें, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) पार्टी और पूरे गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण और तर्कसंगत सोच जैसे उन मूल्यों की स्थायी ताकत को दोहराता है, जिन्होंने तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को लंबे समय से आकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विरासत पेरियार और कामराज द्वारा गढ़ी गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, तमिलनाडु के लाखों लोगों, खासकर महत्वाकांक्षी युवाओं ने टीवीके पर भरोसा जताया है। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में ये आदर्श शासन का मार्गदर्शन करते रहेंगे और देश को प्रेरित करेंगे।

रेलवे स्टेशन से 21 बच्चों को बचाया, संदिग्ध गिरफ्तार

पटना। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक रेलवे स्टेशन से रविवार को 21 बच्चों को बचाया गया और एक संदिग्ध तस्कर को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरपीएफ ने एक गैर सरकारी संगठन की मदद से बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन से बच्चों को बचाया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि बचाए गए बच्चों को चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, मानव तस्करी के पीछे के मकसद की जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है।

उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को सात दिन की ईडी हिरासत

एजेंसी

नयी दिल्ली/गुरुग्राम। गुरुग्राम की एक अदालत ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को धन शोधन मामले में सात दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ईडी ने अरोड़ा (62) को जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद चंडीगढ़ स्थित उनके सरकारी आवास से शनिवार शाम गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही ईडी ने उनसे जुड़ी कंपनी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड के गुरुग्राम स्थित परिसर पर छापेमारी की

थी। कंपनी ने कहा है कि उसे कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा है और वह सभी अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। अरोड़ा को चंडीगढ़ से सड़क मार्ग द्वारा गुरुग्राम लाया गया, जहां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने उन्हें सात दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया। हालांकि, ईडी ने 10 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। मंत्री के वकील ने बताया कि ईडी ने यह मामला पांच मई को दर्ज किया और नौ मई को गिरफ्तारी हुई।

उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित कार्रवाई बताया। ईडी के अनुसार, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ताजा जांच 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन की फर्जी जीएसटी (माल एवं सेवा कर) खरीद और उसके बाद निर्यात के जरिये कथित अवैध धन को दुबई से भारत वापस लाने से जुड़ी है।

मां हमारी पहली शिक्षक, पहली मित्र

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मातृ दिवस (मदर्स डे) के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मां हमारी पहली शिक्षक और हमारी पहली मित्र दोनों होती हैं और उन्होंने सभी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। गांधी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, मां हमारी पहली शिक्षक और पहली मित्र दोनों होती हैं। वह कोमलता, त्याग, करुणा और प्रेम का प्रतीक हैं और सिर पर मां का हाथ रखना दुनिया में सबसे बड़ी ताकत का स्रोत है। गांधी ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां सोनिया गांधी को गले लगाते हुए एक तस्वीर भी साझा की।

तमिलनाडु का कर्ज अनुमेय सीमा में : स्टालिन

एजेंसी

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु का कर्ज अनुमेय सीमा के भीतर ही है। उनकी यह टिप्पणी मुख्यमंत्री चंद्रशेखर जोसेफ विजय के उस आरोप के कुछ घंटों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पिछली सरकार ने राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लाद दिया है और खजाने को खाली कर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तमिलनाडु का ज ण स्तर अनुमेय सीमा

के भीतर है। अभी से यह कहना शुरू न करें कि सरकार के पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमने फरवरी के बजट में ही तमिलनाडु सरकार की वित्तीय स्थिति स्पष्ट रूप से बता दी थी। क्या आपको यह जानकारी नहीं थी? इसके बाद ही आपने जनता से इतने सारे वादे किए। जिन लोगों ने आपको वोट दिया है, उन्हें धोखा न दें और मुद्दे को भटकाने की कोशिश न करें।

स्टालिन ने कहा कि विजय ने हाल ही में प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाली हैं, इसलिए वह धीरे-धीरे शासन और चुनावी वादों को पूरा करने में आने वाली चुनौतियों को समझ जाएंगे। विजय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा, विजयी टीवीके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को इस जिम्मेदारी को संभालने पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

इंटरटेनमेंट...

सलमान की फिल्म में दिखेंगे कई दमदार अवतार

मुंबई। सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार वापसी की तैयारी में हैं। इस बार चर्चा सिर्फ उनकी नई फिल्म की नहीं, बल्कि उनके जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन की भी हो रही है। खबर है कि सलमान के नए लुक के पीछे वही नाम है, जिसने हाल ही में धुरंधर में अपने मेकअप और प्रोस्थेटिक्स से लोगों को चौंका दिया था। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमार्ता दिल राजू

धुरंधर की मेकअप आर्टिस्ट ने बदला सलमान का लुक

और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की अपकमिंग एक्शन एंटरटेनर के लिए मेकर्स ने मशहूर मेकअप आर्टिस्ट प्रीतिशील सिंह को टीम में शामिल किया है। प्रीतिशील सिंह वही आर्टिस्ट हैं, जिनके काम की 'धुरंधर' में काफी तारीफ हुई थी। अब उन्होंने सलमान खान के लिए भी ऐसा लुक तैयार किया है, जिसे पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया। सूत्रों की मानें तो फिल्म में सलमान खान कई अलग-अलग अवतारों में नजर आएंगे। इन लुक्स को बेहद डिटेलिंग के साथ डिजाइन किया गया है, ताकि हर किरदार और एक्शन सीक्वेंस में उनका स्क्रीन प्रेजेंस अलग दिखाई दे। सलमान खुद भी अपने इस मेकओवर से काफी खुश बताए जा रहे हैं और फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। फिल्म में सलमान के साथ साउथ स्टार नयनतारा नजर आएंगी। दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूटिंग के दौरान दोनों की केमिस्ट्री काफी अच्छी देखने को मिल रही है और मेकर्स को उम्मीद है कि यह फ्रेश जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म की शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है। हालांकि अभी तक फिल्म के टाइटल का ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। इस फिल्म को अस्थायी नाम रश्उ63 दिया गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि अगले दो हफ्तों में इसका टाइटल लॉन्च वीडियो रिलीज किया जाएगा। मेकर्स को भरोसा है कि फिल्म का टाइटल और सलमान का नया लुक सोशल मीडिया पर बड़ा चर्चा का विषय बनेगा। दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही यह फिल्म ईद 2027 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

एल्विश यादव से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

मुंबई। यूट्यूबर एलविश यादव से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। विदेशी नंबर से उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। एलविश अभी लाफ्टर सेफ नाम का शो कर रहे हैं। शो की शूटिंग के चलते अभी एलविश अभी गुरुग्राम से बाहर हैं। पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि आरोपी ने धमकी में कहा- 2 दिन में पैसे नहीं दिए गए तो गोली मार देंगे। मामले की सूचना पर सेक्टर 56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले उनके सेक्टर 56 स्थित घर पर 17 अगस्त की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। आरोपियों ने एल्विश के घर पर 24 गोलियां राउंड फायरिंग की थी। मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 शूटरों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एल्विश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई को उनके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। वह उस समय कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद उन्हें विदेशी नंबर से ही एक व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें धमकी भरी बातें लिखी थीं। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी रणदीप मलिक बताया और 10 करोड़ रुपए की डिमांड की। यह राशि दो दिन के अंदर देने के लिए कहा गया है।

लॉरेंस गैंग की 2 दिन में गोली मारने की धमकी गुरुग्राम घर पर 24 गोलियां चली थीं

आरती ने लंदन के मंच पर पैडिंगटन की करुणा को किया जीवंत

लंदन। पुरस्कार विजेता मंचीय प्रस्तुति पैडिंगटनः द म्यूजिकल के कार्टून किरदार पैडिंगटन (एक भालू) के किरदार को अपने अभिनय से जीवंत करने वालीं अभिनेत्री आरती शाह का कहना है कि इस लोकप्रिय किरदार का मुख्य संदेश आज की दुनिया के लिए तात्कालिक आवश्यकता है। शाह ने दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'पैडिंगटन करुणा का प्रतीक है, और इस समय दुनिया को करुणा की ही जरूरत है। उन्होंने कहा इस समय दुनिया बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही है। चारों ओर बहुत कुछ घट रहा है, हर तरफ नकारात्मकता की गूंज है, और इस समय महंगाई का बोलबाला है। लेकिन एक चीज जो मुफ्त है।

'पति पत्नी और वो 2' स्टार्स ने दिए रिलेशनशिप टिप्स

मुंबई। फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' में आयुष्मान खुराना एक ऐसे पति प्रजापति पांडे के किरदार में नजर आएंगे, जिसे बेहद समझदार, भरोसेमंद और परिवार को महत्व देने वाला दिखाया गया है।

फिल्म के इसी रिश्तों वाले पहलू पर खास बातचीत में वामिका गब्बी, सारा अली खान और

सारा परफेक्ट पति पर होगा शक, वामिका रकुल ने बताए रिश्तों के असली ग्रीन फ्लैग

रकुल प्रीत सिंह ने खुलकर अपनी राय रखी। बातचीत के दौरान तीनों एक्ट्रेसेस ने लॉयल पार्टनर, रिश्तों में भरोसा, रेड फ्लैग-ग्रीन फ्लैग, रिलेशनशिप सलाह और अपनी निजी सोच से जुड़े कई दिलचस्प जवाब दिए। साथ ही उन्होंने बताया कि तनावभरी जिंदगी में खुद को शांत कैसे रखती हैं और क्यों फैमिली एंटरटेनर फिल्में हमेशा लोगों के दिल के करीब रहती हैं। सारा, अगर आपको ऐसा परफेक्ट लाइफ पार्टनर मिले तो सबसे पहले क्या सोचेंगी

जवाब/ सारा अली खानः फिल्म में प्रजापति पांडे को बहुत ईमानदार और अच्छा इंसान दिखाया गया है। अगर असल जिंदगी में ऐसा कोई मिला, तो शायद मैं पहले यही सोचूंगी कि इतना परफेक्ट इंसान सच में हो सकता है या नहीं। आपके हिसाब से रिश्ते में सबसे बड़ा रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग क्या होता है? जवाब/ वामिका गब्बीः जो इंसान जानवरों या किसी भी जीवित चीज के प्रति संवेदनशील नहीं है, वो मेरे लिए रेड फ्लैग है।

वहीं जो प्यार और सम्मान देना जानता हो, वो ग्रीन फ्लैग है। सारा, आपके लिए रिश्ते में सबसे जरूरी चीज क्या है? जवाब/ सारा अली खानः मेरे लिए झूठ बोलना सबसे बड़ा रेड फ्लैग है। वहीं ऐसा इंसान जो आपको खुश रख सके और हंसा सके, वो सबसे बड़ा ग्रीन फ्लैग है। रकुल, एक अच्छे पार्टनर में कौन-सी क्वालिटी सबसे खास लगती है? जवाब/ रकुल प्रीत सिंहः जो इंसान आपकी सफलता से खुश हो और हर कदम पर आपका सपोर्ट सिस्टम बने, वही सबसे अच्छा पार्टनर होता है। क्या रिलेशनशिप में दूसरों की सलाह जरूरी होती है?

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com